सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 18 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 104, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 505 अंकों की उछाल

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गयी। } 10

## जारी रहेगी महिलाओं के अधिकार की लड़ाई : रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा। } 12

# ईरान ने जहाजों के लिए पूरी तरह खोला होर्मुज

### इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम प्रभावी

एजेंसी



तेहरान/इस्लामाबाद। ईरान ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिनों के युद्धविराम की घोषणा की थी।

लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन का युद्धविराम स्थानीय समयानुसार बृहस्पतिवार मध्य रात्रि से प्रभावी हो गया। लेबनान में स्थित ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह और इजराइल के बीच एक महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद, दोनों पड़ोसी देशों ने मंगलवार को दशकों बाद अपनी पहली सीधी कूटनीतिक वार्ता की। यह वार्ता वाशिंगटन में हुई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने लेबनान में 10 दिन के युद्धविराम पर सहमति जताई है। नेतन्याहू ने एक वीडियो जारी कर कहा कि यह कदम लेबनान के साथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

# प्रदेश में नयी न्यूनतम मजदूरी दरों को मिली कानूनी मंजूरी

### योगी सरकार के निर्णय पर राज्यपाल की मुहर, नोटिफिकेशन जारी, तीन श्रेणियों में नयी दरे लागू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हालिया घटनाक्रम के बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा हस्तक्षेप करते हुए न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधन का निर्णय लिया। सरकार के निर्णय पर प्रदेश की राज्यपाल ने भी अपनी मुहर लगाते हुए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जिसके बाद सरकार की ओर से निर्धारित नई न्यूनतम मजदूरी दरें कानूनी रूप से प्रभावी हो गई हैं। अब यह पूरे प्रदेश में बाध्यकारी रूप से लागू होंगी।

उल्लेखनीय है कि घटनाक्रम के बाद श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच वेतन वृद्धि को लेकर गतिरोध खत्म करने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय समिति गठित की थी, जिसने अपनी सिफारिश में के तीन श्रेणियां में वेतन की दरें निर्धारित की हैं। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अंतरिम राहत के रूप में नई मजदूरी दरें लागू करते हुए प्रदेश को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है, जिससे क्षेत्रीय परिस्थितियों और जीवन-यापन की लागत के अनुसार संतुलित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। समिति की सिफारिशों के आधार पर प्रदेश को तीन श्रेणियों में बांटा गया। प्रथम श्रेणी में गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद को रखा गया,



जहां जीवन-यापन की लागत अपेक्षाकृत अधिक है। यहां अकुशल श्रमिकों के लिए 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 15,059 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,868 ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नोएडा श्रमिक आंदोलन : 203 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई

लखनऊ/ गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करने, धनराशि की वसूली करने और संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी के अनुसार, जिन संविदाकारों के श्रमिकों की ओर से हालिया आंदोलन में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं, उनमें कई संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। साथ ही जिन संविदाकारों ने श्रम कानूनों का पालन नहीं करते हुए श्रमिकों को उनके देय हित लाभों से वंचित रखा, उनके विरुद्ध 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### संभल : अवैध मस्जिद और मदरसे पर चला बुलडोजर

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी जमीन पर बने कथित अवैध मदरसे व मस्जिद को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया और इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मौके पर जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी पेंसिया ने बताया कि मुबारकपुर बंद गांव में ग्राम प्रधान ने तीन महीने पहले शिकायत की थी, जिसके बाद तहसीलदार अदालत में मामले की सुनवाई हुई और सुनवाई के बाद 30 दिन का अपील का समय दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां दो अवैध ढांचे थे और गांव के लोगों ने कहा था कि वे स्वयं हटा लेंगे लेकिन पूरा ढांचा नहीं हटा पाए। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद प्रशासन से कार्वाई का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि यहां खेल के मैदान व खाद के गड्ढे की करीब 600 वर्गमीटर आरक्षित भूमि पर कब्जा था।

### पीलीभीत : 7 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आईडी के कथित दुरुपयोग से जुड़ी लगभग सात करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी बिल बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 13 फर्जी फर्मों का पता लगाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बैंक ऋण की व्यवस्था करने के बहाने एक स्थानीय व्यवसायी को धोखा दिया और धोखाधड़ी वाले लेनदेन को अंजाम देने के लिए उसकी जीएसटी से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाई। कोतवाली प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विस्तृत जांच की जा रही है।

# लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक

### लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए था बिल




एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। वहीं दूसरी तरफ, विपक्ष ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्षी दलों ने रोका है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है। मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को अधिकार देने का अभियान जारी रहेगा और हम देकर रहेंगे। इसके बाद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की बैठक शनिवार... शेष पृष्ठ 10 पर

## विरोध करने वालों से नारी शक्ति मांगेगी हिसाब



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

शाह ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड के हजारीबाग जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए जिनमें से एक पर 15 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ केरेडारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत खापिया वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद हुई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक (आईजी) साकेत कुमार सिंह ने मीडियाकर्मियों को बताया, ऑपरेशन कोटिनीर में संयुक्त बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। मारे गए माओवादियों की पहचान क्षेत्रीय समिति के सदस्य सहदेव माहो, जिस पर 15 लाख रुपये का इनाम था, और 10 लाख रुपये के इनामी जोनल समिति के सदस्य रणजीत गंजू के रूप में हुई है। शेष दो एरिया कमांडर बुधन करमाली व महाराष्ट्र के गढ़चिरोली की रहने वाली महिला माओवादी नताशा है। करमाली पर एक लाख रुपये का इनाम है जबकि नताशा उप-क्षेत्रीय समिति की सदस्य थी। बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि अभियान में कोई भी सुरक्षाकर्मी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

### दोहरी नागरिकता का मामला, इलाहाबाद हाईकोर्ट का ऑर्डर

विधि संवाददाता



लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ता ने 28 जनवरी 2026 को विशेष सांसद-विधायक न्यायालय, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से जुड़े विवाद पर निर्णय देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसी के विरुद्ध याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

याचिकाकर्ता, जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा बताया गया है, ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। गौरतलब है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष न्यायालय में दायर की गई थी। बाद में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर 17 दिसंबर 2025 को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रकरण को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ अब उच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।

## छात्राओं के खिलाफ धर्मांतरण की प्राथमिकी रद्द करने से इनकार

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सहपाठी को कथित तौर पर बुर्का पहनने और इस्लाम धर्म अपनाने लिए विवश करने की आरोपी 12वीं कक्षा की दो छात्राओं के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया। आरोपी छात्राओं के खिलाफ उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए युवाओं द्वारा दूसरों पर अपना धर्म या विश्वास थोपने की चिंताजनक प्रवृत्ति को भी संज्ञान में लेते हुए कहा कि अधिनियम के तहत इस रुख पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। अदालत ने बृहस्पतिवार को दिए निर्णय में कहा कि हमें इस स्थिति के प्रति ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हर जरूरतमंद तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

### जन शिकायतों पर सीएम का सख्त रुख, मौके पर पहुंचकर जानी जमीनी हकीकत

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर संवेदनशील और जवाबदेह शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की केवल फाइलों में समीक्षा करने के बजाय मुख्यमंत्री स्वयं मौके पर पहुंचे और संबंधित क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दरअसल, देहरादून के जाखन निवासी विवेक मदान ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी कि राजपुर रोड क्षेत्र में विद्युत लाइन को भूमिगत किए जाने के कार्य के दौरान पहले से निर्मित फुटपाथ को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कार्य पूरा होने के बाद मरम्मत और मिट्टी भरान सही ढंग से नहीं किया गया, जिसके कारण फुटपाथ की टाइल्स धंस गईं और पैदल राहगीरों को भारी असुविधा हो ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- दुग्ध स्वर्ण महोत्सव में 5,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव (पृष्ठ-02)
- सहायक आचार्य परीक्षा आज और कल (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे मजबूत (पृष्ठ-10)
- विप्रो का शेयर गिरावट के साथ हुआ बंद (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट बनाकर हर जिले तक पहुंचेगी वैज्ञानिक पुलिसिंग

# साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए तैयार हो रही योगी की टीम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ अब तकनीक और वैज्ञानिक जांच का शिकंजा और कसने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य की पुलिसिंग को आधुनिक और परिणाम-उन्मुख बनाने के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में बड़े स्तर पर क्राइम सीन एक्सपर्ट तैयार किए जा रहे हैं। संस्थान में पांच चरणों में 500 विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम तेजी से चल रहा है, जिनमें अब तक 300 एक्सपर्ट तैयार हो चुके हैं और बाकी दो बैच का प्रशिक्षण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इस पहल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये प्रशिक्षित अधिकारी केवल अपने तक जानकारी सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपने-अपने कमिश्नरेट और जिलों में जाकर अन्य




पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। यानी यूपीएसआईएफएस में तैयार हो रहे ये एक्सपर्ट आगे पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक पुलिसिंग की एक मजबूत श्रृंखला विकसित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ये अफसर वर्कशॉप आयोजित कर आरक्षी से लेकर निरीक्षक स्तर तक के अफसरों को क्राइम सीन मैनेजमेंट, साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण और वैज्ञानिक जांच की बारीकियां सिखाएंगे, जिससे पुलिस बल की समग्र कार्यक्षमता में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यूपीएसआईएफएस की यह पहल जांच प्रक्रिया को ...शेष पृष्ठ 10 पर



> योगी सरकार की इस रणनीति से उत्तर प्रदेश में फॉरेंसिक आधारित पुलिसिंग को नई धार मिलने जा रही है। यह पहल प्रदेश को आधुनिक, तकनीक सक्षम और मजबूत कानून-व्यवस्था वाले राज्य के रूप में और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।
>
> -डॉ. जी.के. गोस्वामी
> संस्थापक निदेशक, यूपीएसआईएफएस

# कफ सिरप तस्कर शुभम के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

वरिष्ठ संवाददाता

**पिता भोला प्रसाद को एनडीपीएस एक्ट के तहत एक वर्ष की जेल**

लखनऊ। जनपद सोनभद्र में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए पिट एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई है। इस अधिनियम के तहत ऐसे अभियुक्तों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से निवारित करने के लिए एक वर्ष तक निरुद्ध रखने का प्रावधान है।

इसी क्रम में कुख्यात तस्कर शुभम जायसवाल के आपराधिक नेटवर्क के विरुद्ध चल रही कार्यवाही के तहत उसके पिता भोला प्रसाद पुत्र स्व. राम दयाल निवासी ए-9/24ख, कायस्थ टोला प्रहलाद घाट, थाना आदमपुर, जनपद वाराणसी के विरुद्ध एक वर्ष की निरुद्धि का आदेश पारित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के प्रेषित प्रस्ताव पर जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र के माध्यम से शासन के निरोधक प्राधिकारी द्वारा निरोधादेश 15 अप्रैल 2026 से एक वर्ष के लिए प्रभावी किया गया है। अभियुक्त भोला प्रसाद मादक एवं मनोत्तेजक पदार्थ कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन एवं काले बाजार में बिक्री का अभ्यस्त अपराधी है। जांच में पाया गया है कि फर्जी ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बीबीडीयू में अंबेडकर जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के लीगल एड सेंटर एवं मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 15 अप्रैल 2026 को बीबीडी विश्वविद्यालय परिसर के एच ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। जिसमे छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया। तत्पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया साथ ही एक संदेशात्मक मैजिक शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी रमेश कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण वर्मा एवं प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में संविधान के रचयिता डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान करायें अधिकारी

## जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं



जिला संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी बातें सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या/शिकायत का संज्ञान लिया। फिर, अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह शुक्रवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध कराएगी। कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध कराने को संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी पात्र लोग पक्के आवास की सुविधा से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए।

# पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में आज फिर उतरेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- **कूच बिहार व जलपाईगुड़ी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे सीएम**
- **बांकुरा में रोड शो के माध्यम से भाजपा के पक्ष में माहौल बनायेंगे**

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य में शनिवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय मौजूदगी देखने को मिलेगी। पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल योगी का यह दौरा रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें वे उत्तर से दक्षिण तक फैले तीन जिलों में लगातार कार्यक्रमों के जरिए चुनावी माहौल को धार देंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूच बिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीमावर्ती इस क्षेत्र में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है और मुख्यमंत्री योगी की सभा को इसी दिशा में एक अहम कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा की ओर रुख करेगा, जहां वे दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र राय के पक्ष में जनसभा करेंगे। उत्तर बंगाल की इस बेल्ट में पार्टी ने पिछले चुनावों में जो आधार तैयार किया था, उसे और सुदृढ़ करने पर इस बार खास जोर है। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री शाम 4:15 बजे बांकुरा पहुंचेंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी नीलाद्री शेखर दाना के समर्थन में उनका रोड शो प्रस्तावित है। बांकुरा, जो कि जंगलमहल क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है, वहां रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन की तैयारी है। स्थानीय स्तर पर इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं और बड़ी भीड़ जुटने के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि योगी आदित्यनाथ की सभाओं में हाल के दिनों में उमड़ रही भीड़ ने कार्यकताओं में नया उत्साह भरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ इस चुनाव में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखी जा रही है। सभास्थलों पर हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोगों में मुख्यमंत्री की एक झलक पाने की जबरदस्त उत्सुकता दिखाई दे रही है। कई जगहों पर भीड़ इतनी अधिक हो रही है कि पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही। सभा शुरू होने से काफी पहले ही लोग पहुंचकर अपनी जगह सुनिश्चित कर रहे हैं और अंत तक डटे रहते हैं। यह नजारा न केवल स्थानीय स्तर पर भाजपा के बढ़ते जनाधार की ओर इशारा करता है, बल्कि कार्यकताओं के मनोबल को भी नई ऊर्जा दे रहा है।

# सीएम युवा स्वरोजगार योजना से युवाओं को मिली ताकत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की हितकारी योजनाओं से आज उत्तर प्रदेश का युवा आत्मनिर्भर बन रहा है। यह योजनाएं स्वरोजगार को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। इसी विजन को धरातल पर उतारते हुए जनपद इटावा के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने सरकारी योजना के सहयोग से खुद का कारोबार खड़ा किया है।

बिलाल हसन ने बताया कि उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से पूर्ण जानकारी लेकर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। योजना के माध्यम से मिली सरकारी वित्तीय सहायता से उन्होंने अपना प्रिटिंग प्रेस और फ्लेक्स का व्यवसाय शुरू किया। वित्तीय सहायता और सरकारी सहयोग मिलने पर उन्होंने अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक स्थापित किया और लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। अपने उद्यम के माध्यम से बिलाल हसन न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि आज वे 50 से 60 हजार रुपये महीना कमाई कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने 5 अन्य लोगों को रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती दी है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक सशक्त पहल बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आसान ऋण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि युवा खुद रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिल रही है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये तक का ऋण तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण कुल परियोजना लागत के अनुसार अनुदान भी सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से पूर्ण जानकारी लेकर इस योजना का लाभ ले सकता हैं और उद्यमी बनने का सपना साकार कर सकता है।

# सृजनशील नागरिकों की पहली प्रयोगशाला बनेगी बालवाटिका

**लखनऊ।** योगी सरकार बालवाटिका को केवल प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि सक्षम, संवेदनशील और सृजनशील नागरिकों के निमा की पहली प्रयोगशाला के रूप में विकसित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार नए पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के पंचकोश सिद्धांत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा गया है, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। नए पाठ्यक्रम में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोष को क्रमशः शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक, भाषा एवं साक्षरता, संज्ञानात्मक तथा सौंदर्यबोध विकास से जोड़ा गया है। इसी आधार पर एससीईआरटी ने चहक, कदम और कलांकुर जैसी गतिविधि आधारित पुस्तकें, चित्र कथा, संख्या ज्ञान तथा कला-संगीत से जुड़ी शिक्षण सामग्री विकसित की है। यह पाठ्यक्रम खेल, कहानी और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति पर आधारित है, जिससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन विकसित हो सके। बच्चों को संवाद, चित्रकला और समूह गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जाएगा, जिससे वे बिना दबाव के भाषा और संख्यात्मक दक्षता के साथ सामाजिक व्यवहार भी विकसित कर सकें। पाठ्यक्रम में शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, भाषा विकास के लिए संवाद आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास के लिए जिज्ञासा आधारित सीखने की प्रक्रिया, सामाजिक-नैतिक विकास के लिए समूह सहभागिता और सौंदर्यबोध के लिए रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सृजनात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें विकसित होने वाली अधिकांश क्षमताएं उनके भविष्य की दिशा तय करती हैं। ऐसे में यह पहल प्रारंभिक शिक्षा को नई दिशा देने के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# दुग्ध स्वर्ण महोत्सव में 5,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दुग्ध स्वर्ण महोत्सव उपलब्धियों के उत्सव के साथ डेयरी क्षेत्र को नई दिशा देने वाला मंच बना। दो दिवसीय आयोजन में लगभग 5,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि प्रदेशभर से करीब 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और निवेशकों ने भागीदारी की।

महोत्सव में डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024-25 के नन्द बाबा पुरस्कार के अंतर्गत 139 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में योजनाओं, आधुनिक तकनीकों और स्वदेशी नस्ल के गोपालन पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की। निजी कंपनियों और उद्यमियों ने स्टॉल के माध्यम से दुग्ध उत्पादों एवं नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया, जबकि नन्द बाबा दुग्ध मिशन और दुग्ध नीति-2022 से लाभान्वित पशुपालकों की सफलता की कहानियों पर आधारित संग्रह पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि डेयरी क्षेत्र प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अब तक 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के 796 एमओयू किए जा चुके हैं, जिनसे 60,000 से अधिक रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वहीं 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश प्रस्तावों से लगभग 13,000 अतिरिक्त रोजगार की संभावना जताई गई है। महोत्सव में सहकारिता विभाग, विश्वविद्यालयों और विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने स्वदेशी उन्नत नस्लों के पालन और डेयरी क्षेत्र में नवाचार पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रमुख डेयरी कंपनियों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए आधुनिक उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया।

# श्रमिकों से मिलने जा रहे सपा के प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने रोका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर में पीड़ित श्रमिकों से मिलने एवं उनकी समस्याओं को जानने के लिए रवाना हुआ लेकिन पुलिस प्रशासन ने इन्हें रोक दिया।



प्रस्थान से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा इन सभी नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद करने का प्रयास किया गया लेकिन सभी नेता लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने-अपने आवासों से निकलकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नोएडा के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही पुलिस द्वारा प्रतिनिधिमंडल को जबरन रोक दिया गया और आगे जाने से रोक दिया गया। नेताओं का कहना था कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत एवं अत्यंत निंदनीय कार्यवाही है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक कमाल अख्तर, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, विधायक शाहिद मंजूर, विधायक अतुल प्रधान, विधायक पंकज कुमार मलिक, पूर्व एमएलसी प्रशांत यादव, सपा प्रवक्ता राज कुमार भाटी एवं पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नोएडा क्षेत्र में श्रमिकों से 10 से 12 घंटे कार्य लेकर मात्र 10 से 11 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है तथा उन्हें साप्ताहिक अवकाश तक नहीं दिया जा रहा, श्रमिक लंबे समय से वेतन वृद्धि एवं ओवरटाइम भुगतान की मांग कर रहे हैं।

# उत्पादन बढ़ाने के लिए बीजों की होगी डिजिटल ट्रैकिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- **गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग तैयार कर रहा मोबाइल ऐप**
- **46 लाख से ज्यादा गन्ना किसानों को मिलेगी सुविधा**

**लखनऊ।** प्रदेश में गन्ना किसानों को डिजिटल माध्यमों से राहत प्रदान करने की तैयारी है। इसके लिए गन्ना किसानों को बेहतर पैदावार के लिए नए बीज ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि उत्पादन और आय को बढ़ाया जा सके। प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग एक नया मोबाइल ऐप तैयार करा रहा है, जिसके जरिए गन्ना शोध केंद्रों से निकलने वाले बीजों की किसानों के खेत में पहुंचने तक ट्रैकिंग होगी। एडिशनल केन कमिश्नर, यूपी, वीके शुक्ला का कहना है कि किसान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हैं।

गन्ने की खेती में यूपी का योगदान बेहद अहम रहा है। प्रदेश में चीनी मीलों को सप्लाई करने वाले 46.50 लाख गन्ना किसान हैं। ऐसे में विभाग गन्ना किसानों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है। नया मोबाइल ऐप गन्ने के बीज वितरण की ट्रैकिंग से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होगा। इससे गन्ना उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। ऐप लॉचिंग को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने बीजों की कालाबाजारी पर पूरी तरह नियंत्रण का प्लान बनाया है। प्लान के तहत गन्ना किसानों को उच्च गुणवत्ता वाला बीज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही इन बीजों की सीड (बीज) ट्रेस एंड ट्रैक मोबाइल ऐप के जरिए ट्रैकिंग की जाएगी। इससे बीज की ट्रैकिंग से उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को काफी लाभ होगा। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने के साथ उत्पादन भी बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अच्छे बीज से बढ़िया पैदावार होने पर किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लखनऊ मुख्यालय के जिला गन्ना अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक विभाग कई विभागों की मदद से नया मोबाइल ऐप तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर, गुजरात के भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो-इंफॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) इंस्टिट्यूट मिलकर गन्ना किसानों के लिए सीड (बीज) ट्रेस एंड ट्रैक मोबाइल ऐप तैयार कर रहे हैं। विजय बहादुर सिंह ने बताया कि सबसे अच्छी बात है कि नए डिटिजल ऐप को तैयार करने में एक रुपये भी विभाग का खर्च नहीं हो रहा है। ये सारा काम पीएम गति शक्ति योजना के तहत किया जा रहा है। बीजों की ट्रैकिंग वाली ये मोबाइल ऐप एक से दो महीने में लॉन्च हो जाएगी। फिलहाल इसकी टेस्टिंग चल रही है। ऐप का जमीनी स्तर पर भी परिक्षण किया जाएगा। गन्ने का बीज तीन से चार चरणों के बाद किसानों तक पहुंचता है।

# सहायक आचार्य परीक्षा आज और कल

विशेष संवाददाता (vol)

- **चार पालियों में होगी सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा, छह जनपदों में कड़े सुरक्षा इंतजाम**
- **नकलविहीन परीक्षा के लिए सख्त व्यवस्था, सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी से लैस**



53 केंद्रों पर तैयारियां पूरी

**प्रयागराज/ लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पारदर्शी एवं नकलविहीन परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करते हुए उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की विज्ञापन संख्या 51 सहायक आचार्य की लिखित परीक्षा 18 व 19 अप्रैल, 2026 को 04 पालियों में सम्पन्न होगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार, पूर्व आईपीएस (सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक) की ओर से सभी 06 जनपदों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर के कुल 53 परीक्षा केन्द्रों पर तैयारी की गहन समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि सभी जनपदों के परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

प्रशिक्षण आदि किये जा चुके हैं। परीक्षा केन्द्रों के सभी कक्षों को एवं सभी महत्वपूर्ण हिस्सों को सी०सी०टी०वी० से आच्छादित कर जनपद के कंट्रोल रूम तथा आयोग के कमाण्ड एण्ड कंट्रोल रूम से जोड़ा जा चुका है। आयोग के कंट्रोल रूम से सभी केन्द्रों की कनेक्टिविटी का परीक्षण कर लिया गया है।

आयोग की ओर से इस परीक्षा के सघन अनुश्रवण की व्यवस्था की गयी है। आयोग स्तर से प्रत्येक जनपद के लिये एक-एक सदस्य को प्रेक्षक नामित कर जनपदों में भेजा गया है जिनके द्वारा आज ही अपने आवंटित जनपद में पहुँच कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर ली गयी। इसमें जनपद गोरखपुर में डा.कृष्ण चन्द्र वर्मा, प्रयागराज में डा. हरेन्द्र कुमार राय, वाराणसी में विमल कुमार विश्वकर्मा, आगरा में कीर्ति गौतम, मेरठ में प्रो. राधाकृष्ण एवं लखनऊ में योगेन्द्र नाथ सिंह प्रेक्षक नामित किये गये हैं। शासन के निदेशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों के आप-पास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण तथा उनकी निगरानी टीमों के की ओर से परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमण किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त फोर्स की तैनाती की जा रही है। संदिग्ध व असामाजिक तत्वों पर सख्ती से नजर रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की ओर से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। नकल कराये जाने अथवा परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कानूनी प्राविधानों के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के द्वारा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस मोबाईल फोन आदि का प्रयोग कठोरता से प्रतिबंधित होगा।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की गयी है कि वे समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचे तथा प्रवेश पत्र में मुद्रित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें। अभ्यर्थी किसी अफवाह अथवा बहकावे में न आयें, आयोग की वेबसाइट, हैण्डल पर सूचनाओं के संबंध में पुष्टि कर लें।

# हरी खाद को बढ़ावा देगी सरकार

**लखनऊ।** रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उद्देश्य से राज्य सरकार खरीफ-2026 में हरी खाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधान भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए रणनीति को अंतिम रूप दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए 45 हजार कुंतल ढैंचा बीज का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा 20 हजार कुंतल बीज से तैयार चार लाख निःशुल्क मिनीकिट भी किसानों को दिए जाएंगे। प्रत्येक मिनीकिट में ढैंचा, मक्का, उर्द के साथ ग्वार, भिंडी, लोबिया और ज्वार के बीज शामिल होंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बीज पोर्टल समय से खोला जाए ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सकें। खरीफ-2026 के लिए सभी फसलों का कुल वितरण लक्ष्य 2,33,177 निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

# भाजपा के फैंसलों को समझना और भी मुश्किल : अखिलेश

- **मुख्यमंत्री ने हमारे प्रतिनिधि मंडल को रोका**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को समझना बहुत मुश्किल है। उनके फैंसलो को समझना और भी मुश्किल है। जब लोगों से कहा गया कि एसआईआर होगी, जिसमें वोटों का कटना रोका जाएगा। तब यूपी में देखा गया कि वह एसआईआर के बहाने एनआरसी करने लगे। जब भविष्य में एनआरसी करेंगे तो कौन से नए कागज मांगेंगे।

संसद परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री यादव ने कहा कि महिला आरक्षण के बहाने अपनी मनमर्जी परिसीमन करके लोकसभा बनाना चाहते है ताकि वे कभी हारे नहीं। यह जनता देखती है जब कभी मतदान के लिए भाजपा जाएगी तब वह बुरी हारेगी। महिला आरक्षण के पक्ष में है लेकिन उनके सहारे में लोकतंत्र और संविधान की धज्जिया उड़ा देंगे। ये परिसीमन क्यों करना चाहते है? अपनी मनमर्जी से निर्वाचन क्षेत्र क्यों बनाना चाहते है? असम में लोगों ने देखा किस तरह निर्वाचन क्षेत्र बने है, जम्मू-कश्मीर में कैसी कांस्टीट्यूएंसी बनी है? भाजपा ने स्टेट हुड का सबको वादा किया, लेह-लद्दाख से वादा किया, जम्मू-कश्मीर के लिए वादा किया। उन वादों का क्या हुआ।

श्री यादव ने कहा कि नोएडा को जानबूझकर बर्बाद करना चाहते है। जहां सबसे ज्यादा उद्योग लगे हैं। वहां का माहौल खराब करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री जी ने ले ली है। बताते है एक महिला की गोली लगने से मौत हुई है, मुख्यमंत्री ने इसे छुपाने के लिए हमारे प्रतिनिधि मंडल को रोका है। मजदूर से भी नहीं मिलने दे रहे है। जिनके साथ अन्याय हुए है। किसी को भी पकड़ कर बंद किया जा रहा है।

# विपक्ष महिला आरक्षण के साथ नहीं : डिम्पल यादव

**लखनऊ।** मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि सत्ता पक्ष जिस तरह की भूमिका बना रहा है उससे लगता है विपक्ष महिला आरक्षण के साथ नहीं है। जब 2013 में नारी वंदन अधिनियम पास हुआ था तो सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने मिलकर सर्वसहमति से उसे पास किया था। भाजपा भ्रांति फैला रही है। भाजपा सरकार महिला आरक्षण से सम्बन्धित जो संशोधन लाई है उसके पीछे सरकार की मंशा क्या है? क्या सरकार महिलाओं का वाकई सशक्तिकरण चाहती है या इस विधेयक को लाकर खुद के सशक्तिकरण की तरफ काम कर रही है। डिम्पल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पक्ष रहा है कि पहले जनगणना हो फिर परिसीमन व्यवस्था लागू हो। फिर आरक्षण लागू हो। इस पर सभी सहमत है। गृहमंत्री ने भी कहा था कि वे जनगणना कराएंगे।

# एलडीए की योजनाओं में ओटीएस के लगेंगे कैम्प

## एकमुश्त समाधान योजना के लिए एलडीए में हेल्प डेस्क स्थापित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू होगी। इसके लिए एलडीए में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जहां तैनात कर्मचारी मौके पर ही लोगों के ऑनलाइन आवेदन फार्म भरेंगे। योजना का लाभ प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को मिले, इसके लिए एलडीए अपनी सभी योजनाओं में कैम्प भी लगाएगा। बकायेदार आवंटी इन कैम्प में जाकर भी आवेदन कर सकेंगे। ओटीएस के आवेदन में निचले स्तर से किसी भी तरह की गैर जरूरी आपत्ति अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई न हो। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अलग से आदेश जारी किये हैं। जिसके तहत बिना उनकी स्वीकृति के ओटीएस के किसी भी आवेदन में आपत्ति अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लगभग 4,000 डिफाल्टर आवंटियों को चिन्हित किया गया है। इनमें आश्रयहीन, ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी के अलावा अन्य आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों व मानचित्र के बकायेदार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर एवं आईटी सेल के माध्यम से बकायेदारों को फोन, मैसेज व ई-मेल के माध्यम से ओटीएस की सूचना भेजी गयी है। 18 अप्रैल से 17 जुलाई, 2026 तक एकमुश्त समाधान योजना चलेगी। इसमें लोगों की सहूलियत के लिए एलडीए कार्यालय स्थित सिंगल विन्डो काउंटर पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जहां ओटीएस के लिए आने वाले सभी आवंटियों को पूरी जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन आवेदन की कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाएगी। यह योजना प्राधिकरण की सभी प्रकार की आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों, सरकारी संस्थाओं को आवंटित सम्पत्तियों एवं स्कूल भूखण्डों, चैरिटेबल संस्थाओं, नीलामी अथवा अन्य पद्धति से आवंटित सम्पत्तियों, सहकारी आवास समितियों को आवंटित सम्पत्तियों व मानचित्रों के लिए खोली गई है। जिन लोगों पर समय से किश्तें जमा न करने की सूरत में दण्ड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज रोपित हो गया है, वह सभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसमें दण्ड ब्याज से छूट मिलेगी और लोग बकाया धनराशि जमा करके अपनी सम्पत्ति के मालिक बन सकेंगे।

### योजना से यह मिलेंगे फायदे

आवेदन जमा करने की तिथि से 03 माह के अंदर निस्तारण। डिफाल्ट अवधि के लिए दंड ब्याज से पूरी राहत। केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जिसकी गणना सॉफ्टवेयर से होगी। ओटीएस की पूरी राशि 30 दिन में जमा करने पर 03 प्रतिशत की छूट मिलेगी। ओटीएस की रकम 50 लाख रुपये से अधिक है तो एक तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी तीन द्विमासिक किस्त में 06 माह में देना होगा। समय से पैसा न देने पर अतिरिक्त दंड ब्याज के साथ एक माह में जमा करने का मौका मिलेगा।

## एलडीए का अनुभूति अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए को हैण्डओवर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अलीगंज योजना स्थित अनुभूति अपार्टमेंट नव गठित रेजीडेंट वेलफयर एसोसिएशन को हैंडओवर कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को कार्यालय में आमंत्रित करके उन्हें हैंडओवर पत्र सौंपा। एलडीए के उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि अलीगंज योजना के सेक्टर- सीएस में सीतापुर रोड पर स्थित अनुभूति अपार्टमेंट का निर्माण वर्ष 2018 में पूर्ण हुआ था। निर्माण पूर्ण होने से लेकर अब तक अपार्टमेंट में अनुरक्षण का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा था। जिसके सम्बंध में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अनुरक्षण कार्यों का हैंडओवर आरडब्ल्यूए के पक्ष में करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में अपार्टमेंट में रहने वाले आवंटियों के मध्य चुनाव कराकर अनुभूति अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। शुक्रवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष चौधरी अंतिमा देशवाल, सचिव राज कुमार जायसवाल को अपने कार्यालय में आमंत्रित करके हैंडओवर पत्र प्रदान किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि आरडब्ल्यूए की ओर से अनुरक्षण कार्यों का हैंडओवर लेने से सोसाइटी में रहने वाले समस्त आवंटियों को बड़ा लाभ होगा। अपार्टमेंट में रहने वाले आवंटी वहां की समस्याओं को ज्यादा बेहतर तरीके समझते हैं। ऐसे में अनुरक्षण कार्य आवंटियों द्वारा चुनी गयी समिति द्वारा किये जाने से समस्याओं का तुरंत व प्रभावशाली तरीके से निराकरण होगा। हैंडओवर के इस मौके पर अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, मुख्य अभियंता मानवेंद्र कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत कुमार शर्मा एवं प्रभारी अधिशासी अभियंता विशाल यादव, सहायक अभियंता गौरव सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## एश्योर्ड रिटर्न के झांसे में न आयें घर खरीददार : यूपी रेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विनियामक प्राधिकरण ने घर खरीददारों को प्रमोटर की ओर से दिए जाने वाले अशोर्ड रिटर्न और पजेशन से पहले निश्चित मासिक किराया जैसी भ्रामक प्रचार योजनाओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह जारी की है। प्रमोटर्स की ओर से दिए जा रहे ऐसे ऑफर्स की कोई कानूनी वैधता नहीं है। प्राधिकरण ने खरीदारों से सतर्क रहने और सोच-समझकर निवेश करने की अपील की है।

यूपी रेरा ने देखा है कि कुछ रियल एस्टेट प्रमोटर्स अब भी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को लुभा रहे हैं, जिनमें सबवेंशन प्लान, पजेशन तक प्री-ईएमआई भुगतान, निर्माण पूर्ण होने से पहले निश्चित किराया, बायबैक गारंटी, लीज एश्योरेंस स्कीम और निवेश पर तय रिटर्न देने वाली योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, फ्री कार, सोने के सिक्के और लग्जरी विदेशी यात्राएं जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि उचित कानूनी आधार के अभाव में ऐसे ऑफर्स केवल प्रचार के तरीके हैं, जिनका उद्देश्य खरीदारों को प्रभावित करना है और ये लागू करने योग्य नहीं होते। यूपी रेरा ने कहा कि भ्रामक विज्ञापन और झूठे वादे नियमों का उल्लंघन हैं। यूपी रेरा के नियम 38 और 61 के अनुसार, ऐसे प्रमोटर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है जो भ्रामक विज्ञापन जारी करते हैं या ऐसे वादे करते हैं जो कानूनी रूप से स्वीकृत एग्रीमेंट का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे मामलों में जुर्माना, दंड या अन्य कार्रवाई की जा सकती है। प्राधिकरण के अनुसार निश्चित किराया जैसे ऑफर्स की कोई कानूनी मान्यता नहीं है, जब तक कि वे रेरा के अनुरूप एग्रीमेंट में स्पष्ट रूप से शामिल न हों। यूपी रेरा ने संभावित खरीदारों को सलाह दी है कि वे केवल रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं में ही निवेश करें और निवेश से पहले सभी परियोजना संबंधी विवरणों की आधिकारिक वेबसाइट पर जांच करें। खरीदारों को परियोजना का पंजीकरण, भूमि से जुड़े रिकॉर्ड, स्वीकृत लेआउट प्लान और घोषित समयसीमा की जांच करनी चाहिए। प्राधिकरण ने यह भी निर्देश दिया है कि खरीदार बिल्डर-बायर एग्रीमेंट या एग्रीमेंट फॉर सेल को ध्यान से पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि यह निर्धारित प्रारूप में हो तथा इसमें कोई भ्रामक या अस्पष्ट शर्त न हो।

## डेंटल विभाग में बढ़ायी जायेंगी सुविधाएं : डॉ. पवन कुमार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- स्वास्थ्य महानिदेशक ने चिनहट सीएचसी की सेवाओं का जाना हाल



**लखनऊ।** स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने शुक्रवार को चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। डेंटल विभाग में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे दांतों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इलाज हासिल करने में आसानी होगी। इस मौके पर सीएमओ डा. एनबी सिंह ने भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ओपीडी, आईपीडी, उपस्थिति रजिस्टर, ऑपरेशन थियेटर और फामेर्सी का जायजा लिया। केंद्र में स्टाफ की मौजूदगी संतोषजनक पाई गई। जरूरी जीवनरक्षक दवाएं भी उपलब्ध मिलीं। इसके अलावा डेंटल कक्ष का निरीक्षण किया। डेंटल सर्जन से बात कर विभाग में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। अस्पताल में साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था में संतोषजनक मिली। महानिदेशक ने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को आमजन के साथ संतुलित एवं संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने हिदायत दी कि अस्पताल में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## शकुन्तला विवि में जरूरतों के अनुरूप अपडेट होंगे कोर्स

### दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण, रोजगार और उद्योग से जुड़ने का मिलेगा अवसर

विशेष संवाददाता (vol)




अदानी समूह के साथ कई समझौते

**लखनऊ।** अदानी समूह (अदानी सीमेंट) के साथ मिलकर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सहायक तकनीकों पर विशेष रूप से कार्य करेगा। तकनीकों के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया जाएगा और कार्य प्रक्रियाओं में आधुनिक सहायक तकनीकों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके।

साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त रोजगार अवसरों की पहचान कर उन्हें उद्योग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पाठ्यक्रम को भी उद्योग की जरूरतों के अनुरूप अपडेट किया जा सकता है। इन सबको लेकर कुलपति आचार्य संजय सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय और अदानी समूह के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा इसमें कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु भी शामिल हैं। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना, उनके कौशल का विकास करना और उन्हें बेहतर रोजगार अवसरों के लिए तैयार करना है।

प्लेसमेंट और करियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में भी अदानी समूह का सहयोग मिलेगा, जिससे छात्रों को बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे, जो उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन होंगे। उन्हें ऐसे कार्यस्थलों का अनुभव कराया जाएगा, जो दिव्यांग-अनुकूल हों। इस दौरान अदानी समूह की ओर से क्लस्टर हेड (टेक्निकल सर्विसेज) डॉ. करुणेश वर्मा, रीजनल टेक्निकल सर्विस मैनेजर (अदानी सीमेंट) डॉ. महेंद्र मोहन श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, एमओयू समन्वयक डॉ. विजय शंकर शर्मा, निदेशक प्लेसमेंट बिराग दीक्षित सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## अधिकारी मनमानी से कर्मचारियों में बढ़ रही नाराजगी : योगेश

**लखनऊ।** नोएडा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों से जुड़ी घटना तूल पकड़ा जा रहा है। प्रदेश भर के एनएचएम कर्मचारियों में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का आरोप है कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। इसकी वजह से कर्मचारियों ने नाराजगी बढ़ रही है। संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि भारत सरकार समय-समय पर एनएचएम कर्मियों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए। लेकिन प्रदेश में उसे लागू करने में अफसर आनाकानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में राज्यों को नियमित पदों का सृजन कर संविदा कर्मियों के समायोजन का सुझाव दिया गया था। वर्ष 2016 में वेतन सुधार के लिए हर साल तीन प्रतिशत अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया। वर्ष 2018 में सामूहिक बीमा के लिए बजट व्यवस्था की गई। स्थानांतरा नीति आदि का भी उल्लेख किया गया।

## केजीएमयू ने लावारिस मरीज को परिवार से मिलाया

**लखनऊ।** बेहोश और लावारिस समझे जा रहे युवक को आखिरकार उसका परिवार मिल गया। यह संभव हुआ लोगों की संवेदनशीलता और सोशल मीडिया से। पांच अप्रैल को मानक नगर में एक युवक गंभीर हालत में सड़क पर बेहोश मिला था। मौके पर पहुंचे पुलिस कांस्टेबल धर्मवीर ने मानवता दिखाते हुए उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जांच के दौरान युवक की जेब से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान विशाल के रूप में हुई। फिलहाल विशाल का इलाज शताब्दी फेज-2 के पांचवें तल स्थित न्यूरो सर्जरी विभाग में चल रहा है। वह अब भी बेहोशी की हालत में है। न्यूरो सर्जरी विभाग प्रशासन ने मानक नगर स्थित पते पर संपर्क किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार वहां पहले किराए पर रहता था। अब उन्नाव शिफ्ट हो चुका है। उन्नाव पुलिस की मदद से पिता से संपर्क हुआ, लेकिन पारिवारिक मनमुटाव के कारण उन्होंने देखभाल में असमर्थता जताई। इसी बीच जानकारी मिली कि उसकी पत्नी अंजली और एक बच्चा मड़ियांव क्षेत्र में रहते हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग के अतुल उपाध्याय के प्रयासों और अखबार में प्रकाशित फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। तस्वीर परिवार तक पहुंच गई। आखिरकार, बिछड़े रिश्ते फिर जुड़ गए।

## लविवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बनायी मानव श्रृंखला

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी ग्राउंड पर शुक्रवार को कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी के निर्देशन में मानव श्रृंखला का निर्माण करके भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 का पुरजोर समर्थन किया गया। इस अवसर पर डीन कला संकाय प्रो. अरविंद मोहन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो॰ अमिता कनौजिया, डीन साइंस प्रो. शीला मिश्रा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, रजिस्टार डॉ. भावना मिश्रा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. आशीष अवस्थी आदि ने उपस्थित होकर इस मानव श्रृंखला के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया।

## अग्निकांड पीड़ित 70 लोगों की जांच कर दवाएं बांटी

**लखनऊ।** विकास नगर में अग्निकांड वाले स्थल पर पीड़ितों को निशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई। पीजीआई रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी डॉ. नर्वेश कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। डॉ. नर्वेश ने बताया कि शिविर में अग्निकांड पीड़ितों की गहन जांच कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। करीब 70 से अधिक लोगों का इलाज किया गया। कई लोगों के घाव की साफ सफाई कर ड्रेसिंग की गई। जरूरी दवाएं लोगों को निशुल्क दी गईं। शान्या के सीईओ डॉ. नर्वेश कुमार ने बताया कि शान्या ग्लोबल हेल्थकेयर के सीएसआर के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और अग्निकांड पीड़ितों की मदद के लिए शिविर लगाया गया है।

## अक्षय तृतीया पर गोल्डन डील्स, 50 प्रतिशत तक छूट

**लखनऊ।** क्रोमा ने अक्षय तृतीया के अवसर पर गोल्डन डील्स की घोषणा करते हुए ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस पर भारी छूट की पेशकश की है। कंपनी के अनुसार उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध कराई जा रही है। यह सीमित अवधि का ऑफर 19 अप्रैल से देशभर के स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लागू होगा। कुछ चुनिंदा मॉडल्स पर एक्सचेंज बेनिफिट भी दिया जा रहा है।

## झुलसा रही, बांदा में पारा 45 डिग्री पार

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में अब झुलसाने वाली गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। पूर्वा हवाओं के कारण तपिश के साथ उमस बढ़ने से परेशानी और बढ़ गई। बुंदेलखंड के झांसी, हमीरपुर और आसपास के क्षेत्रों में दोपहर के समय तेज धूप के कारण हालात बेहद गर्म रहे। वहीं दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में बादलों की आवाजाही भी देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बांदा 44.4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जबकि प्रयागराज 44 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

## जीपीओ में आधार के अब आठ काउंटर शुरू

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग के मुख्यालय परिक्षेत्र के जीपीओ में नागरिकों को बेहतर और आसान सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से शुक्रवार को चार नए आधार नामांकन-अद्यतन काउंटरों का शुभारम्भ महानिदेशक डाक सेवाएं जितेंद्र गुप्ता ने किया। चार नए आधार काउंटर खुलने से लखनऊ जीपीओ में आधार काउंटरों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इन नए आधार काउंटरों के शुरू होने से नागरिकों को आधार नामांकन और संशोधन जल्द हो सकेगा। हजरतगंज स्थित जीपीओ में शुक्रवार से चार नए काउंटरों के खुलने से लोगों को अपनी बारी के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। कार्यक्रम के दौरान चीफ पोस्टमास्टर जनरल उप्र परिमंडल प्रणव कुमार, निदेशक डाक सेवाएं डॉ. आनंद कुमार सिंह, चीफ पोस्टमास्टर जीपीओ अवधेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

## सीएम योगी से मिली कृष्ण अवतारम की टीम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को सनातन धर्म के मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से रची-बसी फिल्म कृष्ण अवतारम की टीम मिली। मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्यों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसी फिल्में अत्यंत आवश्यक हैं। ये हमारे इतिहास और संस्कृति की उन कहानियों को सामने लाती हैं, जिनसे युवा पीढ़ी अक्सर अनभिज्ञ रहती है। इन कथाओं को संरक्षित करना और उन्हें ऐसे तरीके से प्रस्तुत करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, जो प्रेरणा दे, शिक्षित करे और सकारात्मकता तथा आशा का प्रसार करे। इस फिल्म में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की नातिन सत्यभामा का किरदार निभा रही हैं।

गौरतलब है कि कृष्ण अवतारम भगवान श्रीकृष्ण की कालजयी कहानियों पर आधारित एक भव्य सिनेमाई प्रस्तुति है। फिल्म का पहला भाग हृदयम् प्रेम की दिव्यता और उसके विविध रूपों पर केंद्रित है। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में पावन श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में लॉन्च किया गया, जहां टीम ने इसे भगवान श्रीकृष्ण के समस्त भक्तों को समर्पित किया। पूरा दिन कृष्ण के उपदेशों के अनुरूप सार्थक गतिविधियों में व्यतीत हुआ। इसमें गोशाला का भ्रमण और यशोदा मां के आश्रम में महिलाओं के साथ समय बिताना शामिल रहा, जो करुणा, सेवा और धर्म की भावना को प्रतिबिंबित करता है। यह फिल्म राधा-कृष्ण और रुक्मिणी-कृष्ण के शाश्वत व प्रतीकात्मक कथानकों को जीवंत करती है। साथ ही सत्यभामा की शक्तिशाली और अक्सर कम चर्चित यात्रा को भी प्रकाश में लाती है। सत्यभामा का किरदार ताकत, भावना और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है। उनकी दृष्टि से फिल्म कृष्ण की वे कहानियां प्रस्तुत करती है जो व्यापक रूप से ज्ञात नहीं हैं, जिससे दर्शकों को उनकी जीवन यात्रा और संबंधों की गहरी तथा नई समझ मिलती है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की नातिन, अभिनेत्री संस्कृति पटेल फिल्म में सत्यभामा का महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। उनका चरित्र कहानी की भावनात्मक और दार्शनिक यात्रा का प्रमुख सूत्रधार है।

## केजीएमयू में सस्ती दवा की बिक्री में 125 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

- बाजार से 60 से 70 प्रतिशत तक कम कीमत मिलती है दवा : कुलपति

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुजरे एक वर्ष में सस्ती दवा और सर्जिकल आइटम की बिक्री में 125 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केजीएमयू प्रशासन ने सस्ती दवाओं की उपलब्धता व बिक्री की रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट का आकलन करने के बाद नए और स्टोर खोलने पर फैसला होगा। मौजूदा समय में एचआरएफ के 22 स्टोर हैं। केजीएमयू की कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि दवा और सर्जिकल सामान की विभागवार बिक्री की रणनीति अपनाई गई है। इसका सीधा फायदा मरीजों को मिल रहा है, जहां करीब 4500 प्रकार की दवाएं और सर्जिकल आइटम उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में यह कारोबार 111 करोड़ रुपये था। वहीं वर्ष 2024-25 वर्ष में बढ़कर 256 करोड़ रुपये पहुंच गया। खास बात यह है कि मरीजों को ये दवाएं बाजार से 60 से 70 प्रतिशत तक कम कीमत पर मिल रही हैं। कुलपति ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहींकिया जा रहा है। सभी दवाएं मानकों के अनुरूप खरीदी जाती हैं। नियमित रूप से उनकी जांच भी कराई जाती है। सस्ती दरों पर दवाएं मिलने से गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को सबसे अधिक राहत मिली है। विभागवार स्टोर संचालन से दवाओं की उपलब्धता भी बेहतर हुई है।

## 500 वर्गमीटर सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त, 50 लाख की जमीन करायी खाली

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम की संपत्ति विभाग की टीम ने शुक्रवार को सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद जागीर में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि को कब्जामुक्त कराया। अशरफ नगर क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। लगभग 500 वर्गमीटर भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई जमीन की बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है। यह अभियान नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त एवं उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया।

ग्राम औरंगाबाद जागीर की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्रीवाल, प्लॉटिंग और निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया और भूमि को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान टीम का नेतृत्व तहसीलदार के साथ नगर निगम के अधिकारियों ने किया। अभियान में लेखपाल, राजस्व टीम और नगर निगम की प्रवर्तन टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने संयुक्त रूप से कार्रवाई को सफल बनाया। बताया जा रहा है कि इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए शांतिपूर्ण तरीके से कार्रवाई पूरी कराई। इस कार्रवाई में लगभग 0.557 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया, जिसकी बाजार कीमत करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। सरोजनीनगर तहसील अंतर्गत अशरफ नगर में खसरा संख्या-734/1 रकबा 0.253 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोगों की ओर से अवैध रूप से प्लॉटिंग कर कब्जा कर लिया गया था। इस पर नगर निगम एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नगर निगम के लेखपाल, राजस्व कर्मी व प्रवर्तन दल के अधिकारी मौजूद रहे।

## यूजी कोर्सों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक आवेदन

**लखनऊ।** लविवि में शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है। इसके लिए एलयूआरएन पोर्टल भी खोल दिया गया है। इस संबंध में विवि प्रशासन की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, इच्छुक अभ्यर्थियों को पहले 100 रुपये का शुल्क खर्च कर एलयूआरएन पंजीकरण कराना होगा। इसे विद्यार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के लिंक के माध्यम से कर सकते हैं।

एलयूआरएन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एलयू परिसर और केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कॉलेजों में प्रवेश चाहते हैं, उन्हें पाठ्यक्रमानुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है। प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव के मुताबिक, विवि में बीए एनईपी रेगुलर 1338 व सेल्फ फाइनेंस 671, बीएससी बायो एनईपी रेगुलर 312 व सेल्फ फाइनेंस 150, बीएससी मैथ्स एनईपी रेगुलर 562 व सेल्फ फाइनेंस 323, बीएससी कृषि सेल्फ फाइनेंस 150, बीकॉम ऑनर्स 300, बीकॉम एनईपी रेगुलर 562 व सेल्फ फाइनेंस 400, एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय 300 व 30 एनआरआई, बीसीए 450, बीबीए 525, डीफार्मा 66, बीए या बीएससी योगा 75 और बीवोक रिन्यूबल एनर्जी व शास्त्री की 31-31 सीटें हैं। इसी तरह बीवीए या बीएफए रेगुलर 64 व सेल्फ फाइनेंस 55 और बीएचएमसीटी की 75 सीटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन शुल्क तयविवि ने सामान्य, ओबीसी व ईडबल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में 1200, यूजी प्रोफेशनल का 1500 और डीफार्मा का आवेदन शुल्क तय किया है। जबकि एससी, एसटी के लिए क्रमशः 600 रुपये और 750-750 रुपये निर्धारित हुआ है।

## सीएमएस के छात्र बने राजनयिक, वैश्विक समस्याओं के सुझाये शांतिपूर्ण समाधान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में आयोजित तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.-2026) के दूसरे दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते हुए एकता और शांति को सर्वोत्तम समाधान बताया। विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया और वैश्विक समस्याओं पर अपने विचार रखे।

सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, मानवाधिकार परिषद, सेलेस्टियल काउंसिल, हिस्टोरिकल ज्वाइंट क्राइसिस कमेटी, लोकसभा कमेटी सहित आठ समितियों का गठन किया गया। इन समितियों में विश्व शांति, मानवाधिकार, ईरान-फिलिस्तीन-इजराइल मुद्दा, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। छात्र प्रतिनिधियों ने शोध आधारित और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से समाधान भी सुझाए। अंतरराष्ट्रीय प्रेस समिति में छात्रों ने रिपोटिंग, फोटोग्राफी और वीडियो के जरिए विभिन्न मुद्दों पर जनजागरूकता का प्रयास किया। वहीं नागरिक उड्डयन, वैश्विक मीडिया शिखर और छोटे द्वीपीय राष्ट्रों से संबंधित समितियों में भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। विद्यालय के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि सम्मेलन का चर्चा सत्र अगले दिन भी जारी रहेगा। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर 12.64 लाख ठगे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 13.64 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने फेसबुक पर चैटिंग कर फंसाया। कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड बताकर व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा। उसके बाद रकम ट्रांसफर करायी। एप में करीब छह गुना मुनाफा देख पीड़ित ने विड्राल का प्रयास किया तो टैक्स व जीएसटी के नाम पर और मांग की गयी। पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एलडीए कॉलोनी स्थित सेक्टर-जी निवासी सिद्धार्थ कुमार तालुकदार ने बताया कि 27 जनवरी को फेसबुक के माध्यम से उनकी पहचान सिद्धार्थ चटर्जी नामक व्यक्ति से हुई। बातचीत में उसने खुद को फाइनेंशियल एडवाइजर बताया। करीब एक माह तक मैसेंजर पर चैटिंग के दौरान जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। उन्हें शेयर ट्रेडिंग में बिना किसी सर्विस चार्ज के ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद जालसाज ने वीआईपी-वन सर्विस 802 और टीसीएस कैपिटल जी नाम के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा।

ग्रुप पर एडमिन अनिका शर्मा ने अधिकारी बताते हुए ट्रेडिंग में मदद करने के लिए उन्हें गूगल प्ले स्टोर से टीसीजी प्लस नाम का एप डाउनलोड कराकर उसी के माध्यम से निवेश कराया। सिद्धार्थ कुमार तालुकदार ने बताया कि 19 फरवरी से 7 मार्च 2026 के बीच उन्होंने अलग-अलग तारीखों में अपने एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक खातों से 13.64 लाख रुपये निवेश किए। शुरूआती में एप पर मुनाफा दिखाया गया और खाते में रकम बढ़कर 78.62 लाख रुपये तक दिखाई गई।

जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। पीड़ित ने मूल रकम निकालने की कोशिश की तो ट्रांजेक्शन को रोक दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने इनकम टैक्स और जीएसटी के नाम पर करीब 13.19 लाख रुपये की मांग की। इंकार कर पीड़ित ने मुनाफे से रकम काटने की बात कही तो इंकार कर दिया गया। शक होने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित सिद्धार्थ ने साइबर क्राइम सेल और आशियाना थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कैशियर ने चोरी किए सात लाख, सीसीटीवी में कैद

**लखनऊ।** पीजीआई वृंदावन योजना निवासी बिंदु देवी का संस्कृति मार्ट के नाम से सुपर स्टोर है। स्टोर में कैशियर के पद पर तैनात आशीष कुमार ने सात लाख रुपये की हेराफेरी की। इसकी पुष्टि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांच करने के बाद हुई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वृंदावन योजना सेक्टर-11 निवासी बिन्दू देवी संस्कृति मार्ट की प्रोपराइटर हैं। उन्होंने अपने मार्ट पर अप्रैल 2025 में कुशीनगर निवासी आशीष कुमार को कैशियर के पद पर नियुक्त किया था। आशीष ग्राहकों से नकद, यूपीआई और कार्ड से भुगतान लेता था। वह नकद प्राप्त रकम को अपने पास रखकर उसे यूपीआई भुगतान के रूप में दर्शा देता था। पीड़िता के मुताबिक, 4 मार्च 2026 को बैंक स्टेटमेंट की जांच में गड़बड़ी सामने आई। 3 मार्च की बिक्री में 36,343 रुपये यूपीआई से प्राप्त बताये गये, जबकि खाते में केवल 24,340 रुपये ही आए थे। इसके बाद पूरे वर्ष का हिसाब चेक करने पर करीब 7 लाख रुपये की हेराफेरी का खुलासा हुआ। आरोप है कि 5 मार्च को पूछताछ करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने सीसीटीवी के डीवीआर से भी छेड़छाड़ की। जिससे रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं हो सकी। उसी शाम से आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# विकासनगर अग्निकांड पर अफवाह फैलाने पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

## सांप्रदायिक रंग देने वालों को दी कठोर चेतावनी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के विकासनगर क्षेत्र के विनायकपुरम (सेक्टर-12) स्थित झुग्गियों में लगी आग की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक और सांप्रदायिक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है।

पुलिस ने साफ किया है कि कुछ शरारती तत्व इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गलत रूप देकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शरारती तत्वों पर एफआईआर, अकाउंट्स की हो रही पहचान- पुलिस के संज्ञान में आया है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और एक्स (ट्वीटर) जैसे प्लेटफॉर्म्स पर घटना को लेकर झूठी और सांप्रदायिक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस मामले में विकासनगर थाने पर मुअसं. 76/2026 और मुअसं. 77/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की गम्भीर धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने दो सोशल मीडिया अकाउंट्स 'न्यूज अरटेरी और अज्ञातइ व 'एमडी 10के यूजर और अज्ञातइ की पहचान कर ली है। जिनसे ये पोस्ट साझा किए गए थे।

पुलिस प्रवक्ता इंस्पेक्टर नागेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, 15 अप्रैल को हुई आग की घटना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काबू पा लिया था। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और राहत कार्य पूरा हो चुका है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटना को सांप्रदायिक रूप देना महज एक अफवाह है और ऐसे प्रयासों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी है। आमजन से अपील और पुलिस की निगरानी- विकासनगर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना को साझा न करें।

पुलिस की आईटी सेल और सोशल मीडिया सेल हर गतिविधि पर सतत निगरानी रख रही है। सूचना दें-यदि किसी को कोई संदिग्ध पोस्ट या अफवाह की जानकारी मिलती है, तो वह तत्काल थाना विकासनगर के सीयूजी नंबर 9454403873 या पुलिस हेल्पलाइन पर सूचित कर सकता है। पुलिस ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति जानबूझकर अफवाह फैलाता हुआ या भ्रामक पोस्ट साझा करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध प्रचलित कानूनों के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## विपक्ष के दोहरे मापदंड हुए उजागरः डॉ. राजेश्वर सिंह



- महिला आरक्षण को टालने के बाद अब क्रियान्वयन में बाधा

**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह ने 131वें संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने पर कांग्रेस-नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की। यह विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत विधानमंडलों में महिलाओं को 33% आरक्षण के क्रियान्वयन को तेज करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि यह सुधार लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करता है, जबकि विपक्ष का विरोध देरी की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का विरोध महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रश्न खड़े करता है और समावेशी शासन को प्रभावित कर सकता है। डॉ. सिंह ने जोर दिया कि भारत की प्रगति के लिए महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

## डीआरआई ने जब्त की 4.172 किलोग्राम हेरोइन, दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** खुफिया जानकारी मिली थी कि काठमांडू से दिल्ली जा रही एक बस के दो यात्री अपने सामान में मादक पदार्थ ले जा रहे हैं। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने निगरानी शुरू की और 16-04-2026 के शुरूआती घंटों में संदिग्ध यात्रियों को रोक लिया। उनके सामान की गहन तलाशी के दौरान तीन पैकेटों में मौजूद 4,172 ग्राम सफेद पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। मौके पर किए गए फील्ड टेस्ट में वह सफेद पदार्थ हेरोइन पाया गया। बरामद हेरोइन का कुल मूल्य अवैध बाजार में लगभग रुपये 8.34 करोड़ आंका गया है। बरामद हेरोइन को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया और इसे ले जा रहे दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। ड्रग माफिया के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में पिछले पांच महीनों मे डीआरआई ने लखनऊ में चार विभिन्न मामलों में कुल 16.1 किग्रा हेरोइन जब्त की है।




## पिकअप की टक्कर से ऑटो चालक घायल

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे के मामले में उन्नाव जिले के पुरवा थाना अंतर्गत मोड़ दुगार्पुर निवासी अमित कुमार ने पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित कुमार के मुताबिक गुरुवार को उसका भाई गुलशन कुमार अपने ऑटो से सवारियां लेकर उन्नाव से लखनऊ की ओर आ रहा था। तभी बनी पुल के पास सामने से उल्टी दिशा में आ रही पिकअप (यूपी 32वाईएन 0026) ने उसकी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक और उसमें बैठी सवारियों को गंभीर चोटें आईं।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**लखनऊ।** बिजनौर पुलिस ने शुक्रवार को परवर पश्चिम स्थित जल साईनाथ मंदिर परिसर में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा और महिला आरक्षी अमृता प्रतिभा ने सहभागिता की। पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें 1090 महिला पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्डलाइन और 1076 टोल-फ्री हेल्पलाइन शामिल हैं।

## गैस एजेंसी में कम मिले 661 सिलेण्डर

**लखनऊ।** अलीगंज इलाके में विहान इंडेन गैस सर्विस शेखुपुरा की जांच में आपूर्ति विभाग को कालाबाजारी करने का संदेह हुआ। जांच के दौरान 661 सिलिंडर कम पाये गये। उच्चाधिकारियों ने एजेंसी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज का आदेश दिया। आपूर्ति निरीक्षक आरएन मिश्रा ने विकासनगर थाने में एजेंसी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विकासनगर स्थित अलीगंज विहान गैस सर्विस शेखुपुरा की जांच 14 अप्रैल इंडियन ऑयल कंपनी और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने की। जांच में सामने आया कि ऑन लाइन स्टॉक और गोदाम में मिले सिलिंडरों का मिलान किया गया। भौतिक सत्यापन में गोदाम में 22 खाली सिलिंडर मिले। वहीं, भरा हुआ एक भी सिलिंडर नहीं था। जांच में सामने आया कि एजेंसी के रिकार्ड में 269 खाली और 392 भरे कुल 661 सिलिंडर कम पाये गये। एजेंसी संचालक राहुल गंगवार से पूछताछ की गयी।

## पुलिस के खिलाफ बुलंद की आवाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा से एयरपोर्ट व्यापार मण्डल अध्यक्ष पवन तिवारी और उनकी इकाई के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व कट बंद करने को लेकर हुई वार्ता के बाद पदाधिकारी और आम व्यापारियों के विरुद्ध फर्जी तौर पर मुकदमा दर्ज किए जाने पर पुलिस के खिलाफ आवाज बुलंद की। जिसमें उक्त कार्यवाही को अनुचित बताया गया और प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के सभी कानपुर रोड के पदाधिकारियों की एक संयुक्त आपात बैठक रविवार को करने को कहा।

### सूचना

सूचित करना है कि मेरी पुत्री का सही नाम आशिका सिंह व जन्मतिथि 01.05.2012 है। जो कि शैक्षिक अभिलेखो मे दर्ज है। जबकि आधार कार्ड मे चंचल व जन्मतिथि 01.01.2010 त्रुटिवश दर्ज हो गई है। जो कि गलत है। **सुमन देवी पत्नी स्व. देशराज सिंह निवासी-ग्राम बरुवा, पोस्ट अछेछा, थाना फतेहपुर, तहसील रामनगर, बाराबंकी।**

## छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हाई स्कूल के एक छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मेमौरा छावनी रोड के सामने बनी- मोहनलालगंज रोड से नीवा जाने वाले रास्ते पर एयर फोर्स से रिटायर्ड रंजीत कुमार परिवार सहित रहते हैं। उनके बेटे जीत कुमार (16) ने बीते दिनों सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षा दी थी।

इस परीक्षा फल में उसे कम नंबर मिले थे। जिस पर परिजनों ने उसे मोबाइल कम चलाने की हिदायत दी थी। इसी बात से नाराज जीत कुमार ने गुरुवार शाम घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद कर छत में लगे पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक गया। इस दौरान कमरे में अचानक कुछ गिरने से उसकी आवाज सुनाई पड़ने पर परिजन दौड़कर कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। लेकिन उन्होंने किसी तरह दरवाजे के पल्लों में हाथ डालकर दरवाजा खोला और अंदर गए तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आनन फानन जीत को नीचे उतारा और मेमौरा छावनी स्थित एयर फोर्स के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीनकी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक के हाई स्कूल रिजल्ट में कम नंबर आने के कारण परिजनों ने उसे डांट दिया था। जिससे नाराज होकर उसने आत्महत्या करने की बात पता चली है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# हाईकोर्ट ने जिला समिति का आदेश रद किया

## पुनर्विचार कर नया आदेश देने के निर्देश, तब तक वनवासियों के अधिकार बहाल

- थारू जनजाति के वन अधिकार मामला

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखीमपुर खीरी के वन अधिकार मामले में जिला स्तरीय समिति के आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि याचियों के दावों पर पुनः सुनवाई कर समयबद्ध ढंग से नया आदेश पारित किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक नया आदेश पारित नहीं हो जाता, तब तक याची अपने मौजूदा वन अधिकारों का उपयोग पूर्ववत करते रहेंगे।

यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ व न्यायमूर्ति ए के चैधरी की पीठ ने ह्यउदासा व अन्य बनाम भारत संघह्न की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के याची लखीमपुर खीरी के पलिया कलां क्षेत्र के निवासी हैं और थारू जनजाति से संबंधित हैं, जिन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। याचियों ने 15 मार्च 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके सामुदायिक वन अधिकारों के दावों को खारिज कर दिया गया था।

पीठ ने सुनवायी के बाद पाया कि जिला स्तरीय समिति ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 की मंशा और प्रावधानों पर समुचित विचार नहीं किया और केवल वर्ष 2000 के सार्वोच्चा न्यायालय के अंतारिम आदेश के आधार पर निर्णय दे दिया।

पीठ ने कहा कि अधिकारों को मान्यता देना और उनकी आजीविका व खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने माना कि ऐसे वनवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना कानून का मूल उद्देश्य है। कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश दिया कि याचियों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाए और सभी तथ्यों व अभिलेखों पर विचार करते हुए कारणयुक्त आदेश पारित किया जाए।

## वकीलों के चैम्बर में लगी आग



**लखनऊ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में पुराना हाईकोर्ट परिसर स्थित कई वकीलों के चैम्बर में आग लग गयी। आग लगने की सूचना पाकर दमकल मौके पर पहुची और कुछ ही घंटों में आग पर काबू पाया। शुक्रवार सुबह करीब 7:05 बजे फायर स्टेशन हजरतगंज के कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि पुराने हाईकोर्ट परिसर स्थित पुरानी तहसील के पास अधिवक्ताओं के चेंबर में आग लगी है। इस सूचना पर दो फायर टेंडर व एफएसओ हजरतगंज मय यूनिट के घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि अधिवक्ताओं के तीन चेंबर में आग लगी हुई थी। दमकलकर्मियों ने दोनों मोटर फायर इंजन से पानी लेकर आग को पूर्ण रूप से बुझाने का प्रयास किया और कुछ ही देर में आग को बुझाया गया। बाद में पता चला कि आग विद्युत शार्ट सर्किट से लगी थी। वतीलोकों के जो चैम्बर जले हैं वह रितेश श्रीवास्तव, शाहरुख खान, फराह सिद्दीकी के थे।

## साइकिल चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित गोकुल धाम सोसाइटी में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति के घर से साइकिल और करीब 30 किलो वजन का तवा चोरी हो गया। पूरी घटना कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई न होने से पीड़ित परेशान है। पीड़ित राम चरित वर्मा ने बताया कि वह पेट्रोल पंप के पास स्थित अपने प्लॉट में रहते हैं।

# कम्पोजिट शॉप बनीं मॉडल शॉप संचालकों के लिए घाटे का सबब

- 31 मॉडल व 171 शराब की दुकानें अभी रिक्त, नहीं मिल रहे दुकान लेने के इच्छुक कारोबारी

जय सन्देश तिलक

**लखनऊ।** आबकारी विभाग राजधानी में शराब की कम्पोजिट शॉप, देसी शराब, मॉडल शॉप व भांग की दुकानें आवंटन के लिए तीसरी बार 20 अप्रैल को लॉटरी कराने जा रहा है। दुकानें ना उठना उनकी नीति में अछमता को दिखाता है। दूसरी बार की लॉटरी में कुछ दुकान ऑनलाइन आवंटित होने के बाद भी अभी 31 मॉडल शॉप व 171 अंग्रेजी और देसी शराब की दुकानें खाली पड़ी हैं, जिन पर शराब कारोबारी लॉटरी में शामिल होने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे हैं। कारोबारी लॉटरी में शामिल न होने का कारण भारी लाइसेंस फीस और भारी भरकम कोटा बता रहे हैं।

यह बात मान भी ली जाए तो कम्पोजिट शॉप से मॉडल शॉप का अलग ही मसला है, मॉडल शॉप कारोबारियों का कहना है कि हर कंपोजिट शॉप पर नमकीन, पानी व कैंटीन व्यवस्था गैर कानूनी रूप से चलाई जा रही है, जिसमें आबकारी निरीक्षकों की मिली भगत है, बदले में हर महीने उनको लिफाफा पहुंचाया जाता है। उनका यही कृत्य मॉडल शॉप कारोबारी के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। मॉडल शॉप कारोबारियों को शराब का कोटा व लाइसेंस फीस अब बहुत भारी लगने लगी है। उनका कहना है कि कारोबार कंपोजिट शॉप आने के बाद लगभग खत्म सा हो गया है। ऐसे में कारोबार करना मुश्किल नहीं, नामुमकिन सा हो गया है। उधर, यह भी कहा जा रहा है कि इस कृत के लिए या इस हालात के लिए आबकारी विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हैं।

कारण यह बताया जा रहा है कि जब आप कंपोजिट शॉप के जरिए अंग्रेजी शराब, बीयर, पानी, नमकीन व कैंटीन व्यवस्था घर कानूनी रूप से चोरी छिपे कंपोजिट शॉप कारोबारियों को उपलब्ध कराएंगे तो कोई बड़ी रकम खर्च करके मॉडल शॉप में क्यों बैठेगा। हर आदमी अपना पैसा बचा कर चलता है, हालात ऐसे हो गए हैं कि बड़े संख्या में शराब कारोबारी ने ऑनलाइन आवंटन से किनारा कर लिया। इस बार 200 से अधिक अंग्रेजी, देसी शराब व मॉडल शॉप सरेंडर किये गये, जिसमें दूसरी बार हुई लॉटरी में मात्र 17 शराब की दुकानें ही आवंटित हो पायीं, बाकी शेष हैं। अभी 31 मॉडल शॉप वह 171 व देशी शराब की दुकानें आबकारी विभाग के लिए एक चैलेंज बनी हुई हैं। आबकारी विभाग ने जिले में इस वित्तीय वर्ष में 51 मॉडल शॉप संचालित करने के लिए लाइसेंस दिए थे, इनमें से 31 कारोबारी ने सिक्युरिटी मनी का नुकसान सहते हुए मॉडल साहब के लाइसेंस सरेंडर कर दिया।

कारोबारियों का कहना की कंपोजिट शॉप सब खुलने की वजह से अब लोग मॉडल शॉप व्यवस्था को अधिक खचीर्ला समझ रहे हैं। ज्यादातर कंपोजिट शॉप के आसपास अवैध कैंटीन चल रही हैं। ऐसे में कंपोजिट शॉप से अंग्रेजी शराब और बीयर लेकर 100-50 खर्च कर लेना लोौं के लिए सहज है। मॉडल शॉप जाने पर उनका खर्च लगभग हजार रुपए से ऊपर हो जाता है, इसलिए लोग मॉडल शॉप जाने से अब कतरा रहे हैं। ऐसे में मॉडल शॉप आवंटी को निर्धारित कोटा बेच पाना भी मुश्किल हो रहा है। कारोबारियों को अपनी जेब से शुल्क भरना पढ़ रहा है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द प्रताप सिंह के अनुसार आबकारी विभाग के पास 31 मॉडल शॉप व 171 कम्पोजिट शॉप हैं जिनका आवंटन अभी 20 अप्रैल होना होना है। कलेक्ट्रेट सभागार में बीते 12 अक्टूबर को दुकानों के लिए लॉटरी कराई गई थी, लेकिन सिर्फ 17 कारोबारी ही दुकान लेने के लिए आए बाकी दुकानों का आवंटन नहीं हुआ, इसलिए अब तीसरी बार लॉटरी करवाई जाएगी। इसके बाद भी दुकानें आवंटित नहीं हुई तो आबकारी विभाग दुकानों का आवंटन के लिए टेंडर निकलेगा। विभाग एक अधिकारी ने बताया कि कारोबारी से बात की गई तो उनका कहना है कि आवेदन फीस लाइसेंस फीस सिक्योरिटी मनी और निर्धारित कोटा में किया गया खर्च भी दुकानों से नहीं निकल पा रहा। कारोबारी लाइसेंस शुल्क घटाने की मांग कर रहे हैं।

आबकारी विभाग ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी है। शासन में लाइसेंस शुल्क कम करने पर विचार किया जा रहा है। उधर यह भी सुनने में आ रहा है कि कुछ आबकारी निरीक्षक शराब कारोबारी से मिलीभगत कर उनको अभी लाटरी में शामिल होने मना कर रहे हैं और अंतिम चरण तक रुकने की सलाह दे रहे हैं, ताकि कम लाइसेंस फीस और कम कोटे के आवंटन पर शराब की दुकानों का आवंटन किया जा सके और उनके करीबी कारोबारियों को बड़ा लाभ हो सके और उन्हें भी फायदा मिले।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित इज्जतनगर में शुक्रवार को मकान निर्माण कार्य के दौरान 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 24 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। रिहायशी इलाके में घरों के बेहद करीब से गुजर रही हाईटेंशन लाइन एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी के साथ ही परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मृतक की पहचान सुहैल (24) पुत्र जुबैर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरदोई जनपद के थाना संडीला क्षेत्र स्थित तिलक खेड़ा, अतरौली रोड का निवासी था और वर्तमान में लखनऊ के कैम्पल रोड पर रहकर मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वह निमार्णाधीन मकान पर मजदूरी करने गया था। इसी दौरान छज्जे पर काम करते समय वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने भवन स्वामी अब्बास जैदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें जेल भेजने की बात कही है। साथ ही परिवार ने प्रशासन से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई है।

घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक मृतक के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया जाता और 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन को वहां से हटाया नहीं जाता, तब तक उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वैवाहिक समारोह में मारपीट

**लखनऊ।** चौक थाना क्षेत्र में स्टेडियम ने सामने स्थित जेबीपी गार्डेन में आयोजित वैवाहिक समारोह में बवाल हुआ। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। एक पक्ष ने जानलेवा हमला कर वाहनों में तोड़फोड़ और दूसरे पक्ष ने छेड़छाड़ व हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 7 नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ डकैती समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विकासनगर सेक्टर-5 निवासी अजय राज सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को रात 11 बजे वह जेबीपी गार्डेन में शादी समारोह में दोस्त समृद्ध सिंह, असद, फैसल, अफसान गाजी व तीन अन्य लोगों के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे वह खाने की प्लेट लेने पहुंचे, तभी दूसरे पक्ष से दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए यहां से निकल जाने की बात कही।

## एटीएम तोड़कर चोरी करने वाला धरा गया

**लखनऊ।** प्रेम विवाह के चलते घरवालों ने मुंह फेर लिया। परिवार चलाने के लिए जोमैटो वेयरहाउस में नौकरी शुरू की। शॉर्ट कट में अमीर बनने के लिए शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में निवेश किए। रकम डूबने पर दोस्तों से छह लाख का उधार लिया। कर्ज के बढ़ते दबाव में आरोपी ने जुनाबगंज में एटीएम मशीन को सब्बल से तोड़कर रुपये चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन असफल हुआ। हेलमेट पहने आरोपी की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से बंथरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई–निविदा संख्या : NER-LJN-2026-68 कार्य का नामः** NER-LJN डिवीजनः तुलसीपुर मेंः प्रमुख सुधार कार्य जैसे कि PF संख्या 1 और 2 की ऊँचाई बढ़ाना और विस्तार करना, RCC OHT (50000 गैलन) और 1 गहरे टयूबवेल का प्रावधान आदि। **अनुमानित लागत (रु.) :** 93325292.03 **अग्रिम धन (रु) :** 1866500.00/– **समापन अवधि :** 09 माह। **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-68** के लिये ई–निविदा दिनांक 07.05.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
**लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू–30

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**

**पत्रांक- 35/न.पं.नि./नि.सू.-CMNSY/2026-27** **दिनांक 17/04/26**

**ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 11/05/26 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 20/04/26 से दिनांक- 11/05/26 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**दिनेश कुमार शुक्ला**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी**

**बद्री प्रसाद मौर्य**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत-निघासन लखीमपुर-खीरी**

# मैं बस अपने काम पर फोकस करती हूं : निखिता गांधी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग और मजबूत पहचान बना चुकीं सिंगर निखिता गांधी इन दिनों अपने नए गाने तू ही दिसदा को लेकर चर्चा में हैं, जो फिल्म भूत बंगला का हिस्सा है. अपनी खास आवाज और वर्सेटिलिटी के लिए जानी जाने वाली निकिता ने हाल ही में अपने काम करने के अनुभव, रिकॉर्डिंग प्रोसेस, आशा भोसले के निधन और अपने करियर से जुड़ी कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की।

**आज के समय में लगातार हिट गाने देना कैसा लगता है ?**

मैं बस अपने काम पर फोकस करती हूं. कौन-सा गाना हिट हो रहा है या नहीं, इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती. मेरा काम है अच्छा गाना गाना, और अगर लोगों को पसंद आ रहा है तो वो मेरे लिए बोनस है।

**क्या कभी ऐसा हुआ कि बिना ब्रीफ के काम करना पड़ा ?**

हाँ, ऐसा हुआ है. एक बार मुझे ब्रीफ नहीं मिला था और मुझे ए आर रहमान सर से डांट पड़ी, जबकि गलती मेरी नहीं थी. लेकिन मैंने कुछ नहीं कहा. उस अनुभव से मैंने सीखा कि स्टूडियो में जाते ही आपको जो भी मिले—ट्यून, स्क्रैच—उसे बार-बार सुनते रहना चाहिए और खुद को उसमें डुबो देना चाहिए, ताकि डिलीवरी बेहतर हो सके।

**एक कलाकार के तौर पर परफेक्शन को आप कैसे देखती हैं ?**

ये बहुत नॉर्मल है कि हमें अपने काम में हमेशा और बेहतर करने का मन करता है. कई बार लगता है कि इस लाइन को थोड़ा अलग तरीके से गाया जाए, थोड़ा स्माइल डाल दी जाए तो और अच्छा लगेगा. जब तक मैं अपनी सोच को एक्सीक्यूट नहीं कर लेता, तब तक संतुष्टि नहीं मिलती।

**अलग-अलग स्टाइल में गाना कितना जरूरी है ?**

मैं कभी ये सोचकर नहीं गाता कि मुझे अपनी रेंज दिखानी है. लेकिन मुझे अलग-अलग तरह के गाने मिले, जिससे मेरी वर्सेटिलिटी सामने आई. कुछ कलाकार एक खास स्टाइल में माहिर होते हैं और वही उनकी पहचान बनती है, और कुछ कई स्टाइल में काम करते हैं. दोनों ही चीजें खास हैं।

**बड़े म्यूजिक डायरेक्टर्स के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

मैंने कई बड़े म्यूजिक डायरेक्टर्स के साथ काम किया है और हर किसी से कुछ नया सीखने को मिला. खासकर शुरूआत में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला—डिसिप्लिन, फोकस और प्रोफेशनलिज्म. आजकल गाने तुरंत रिकॉर्ड होते हैं, इसलिए आपको जल्दी तैयार रहना होता है।

**आपने कई भाषाओं में गाना गाया है, यह कितना चुनौतीपूर्ण होता है ?**

यह थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन टीम का सपोर्ट मिलता है. ट्रांसलेटर्स और गाइड्स मदद करते हैं. जब आप बार-बार किसी भाषा में गाते हैं तो कॉन्फिडेंस भी आ जाता है।

**आपने बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में काम किया है, आपको क्या फर्क महसूस हुआ ?**

अगर मैं दोनों इंडस्ट्री की बात करूं तो एक बड़ा फर्क जो मैंने महसूस किया है, वो म्यूजिक और म्यूजिशियन्स को मिलने वाले सम्मान का है. साउथ इंडस्ट्री—खासकर तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में—म्यूजिक डिपार्टमेंट को बहुत ज्यादा वैल्यू और प्यार दिया जाता है. वहां सिर्फ सिंगर्स ही नहीं, बल्कि कंपोजर्स और म्यूजिशियन्स को भी एक अलग पहचान और सम्मान मिलता है, जो वाकई काफी सराहनीय है. वहीं बॉलीवुड में इंडस्ट्री काफी बड़ी है, यहां बहुत ज्यादा लोग और प्रोजेक्ट्स हैं, शायद इसी वजह से वह क्लोज-निट फील थोड़ा कम नजर आता है. मैं यही चाहूंगी कि बॉलीवुड में भी म्यूजिक और म्यूजिशियन्स को उसी तरह का सम्मान और फैनडम मिले, जैसा साउथ में देखने को मिलता है, क्योंकि आखिरकार म्यूजिक ही फिल्मों की जान होता है।

**क्या आजकल ओरिजिनल गाने कम हो गए हैं ?**

मैं इस बात से बिल्कुल सहमत नहीं हूं. मुझे लगता है कि आज भी बहुत अच्छे और क्वालिटी वाले गाने बन रहे हैं. फर्क सिर्फ इतना है कि पहले के मुकाबले अब गानों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। आज के समय में हर दिन हजारों गाने रिलीज होते हैं, जिनमें से हर एक तक पहुंच पाना या उन्हें सुन पाना हर किसी के लिए संभव नहीं है. पहले कम गाने बनते थे, इसलिए वे ज्यादा सुने और याद रखे जाते थे. आज के दौर में कंटेंट की भरमार है, ऐसे में कौन सा गाना लोगों तक पहुंचता है, यह काफी हद तक प्रमोशन, प्लेटफॉर्म और ऑडियंस की पसंद पर निर्भर करता है।

**आज के दौर में प्रमोशन कितना जरूरी है ?**

प्रमोशन बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि आज बहुत ज्यादा गाने रिलीज होते हैं. लेकिन यह अच्छी और बुरी दोनों चीज है. जिनके पास प्रमोशन का बजट नहीं होता, वे नैचुरल वायरलिटी पर निर्भर रहते हैं।

**आप स्वर्गीय आशा भोसले जी के बारे में आप क्या कहना चाहेंगी ?**

मैं आशा भोसले जी की बहुत बड़ी फैन रही हूं और हमेशा रहूंगी. उनके जाने की खबर हम सभी के लिए बेहद दुखद है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा जिंदा रहेगी. एक कलाकार के तौर पर मैं उनसे काफी जुड़ाव महसूस करती हूं, खासकर उनकी वर्सेटिलिटी को लेकर. उन्होंने जिस तरह हर तरह के गाने—क्लासिकल, पॉप, रोमांटिक या कैबरे—गाए, वो सच में प्रेरणादायक है. मेरे करियर में भी वर्सेटिलिटी एक अहम हिस्सा रही है, और कहीं न कहीं मैं खुद को उनसे रिलेट कर पाती हूं. इत्तेफाक से मेरा पहला रीमेक गाना भी उनका ही था, जो मेरे लिए बहुत खास है।

**ट्रोलिंग को आप कैसे देखती हैं ?**

मैं इसे एंजॉय करती हूं. ट्रोलिंग से गाने पर चर्चा होती है और वह और ज्यादा लोगों तक पहुंचता है. अगर लोग बात कर रहे हैं, तो वह भी एक तरह का प्रमोशन है।

**आपका खुद का गाया कोई ऐसा गाना जो आपके दिल के करीब हो ?**

मेरे सभी गाने खास हैं, लेकिन एक गाना है घर (जब हेरी मेट सेजल) जो थोड़ा कम पॉपुलर है, लेकिन मुझे लगता है कि जिसे पता है, वह उसे बहुत पसंद करता होगा।

# आकांक्षा थिएटर के 49 वर्ष पूरे होने पर होगा तीन नाटकों का मंचन



- तीन दिवसीय नाट्य समारोह 25 मई से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था आकाक्षा थियेटर आर्टस लखनऊ ने अपनी स्थापना 15 अप्रैल 1977 से 15 अप्रैल 2026 को 49 वर्ष पूरे कर लिये हैं, इस सम्बन्ध में संस्था के कार्यालय प्रांगण में प्रभात कुमार बोस, संस्थापक बीएन ओझा, अध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डे, संरक्षक/अचला बोस, सचिव तथा श्रद्धा बोस, कोषाध्यक्ष, विजय वीर सहाय, नदीम असारी तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए। संस्था के प्रभात कुमार बोस, संस्थापक, बीएन ओझा, अध्यक्ष तथा अचला बोस सचिव द्वारा 49 वर्ष में अपने वक्तव्य में ये बताया कि संस्था द्वारा अपनी स्थापना से अबतक लगभग 652 नाटकों का 1032 नाट्य प्रस्तुतियों को पूर्ण करते हुए भारतीय रंग मंच के इतिहास में एक नया आयाम स्थापित किया है। इस अवसर पर सस्था के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में यह कहा कि इस वर्ष भारत सरकार के सस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा इस संस्था को तीन द्विवसीय नाट्य समारोह के आयोजनार्थ वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस परिपेक्ष्य में संस्था द्वारा आगामी 25 मई से 27 मई तक विभिन्न संस्थाओं द्वारा नाट्य समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय अतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध सस्थान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित किया जायेगा यह जानकारी सस्था के प्रभात कुमार बोस, संस्थापक, बीएनओझा, अध्यक्ष तथा अचला बोस, सचिव द्वारा संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा प्रेस को सूचित किया है।

# बुद्ध पूर्णिमा 1 को, शहर में होंगे विविध आयोजन, तैयारियां शुरू



### बुद्ध पूर्णिमा का मुहूर्त

- वैशाख पूर्णिमा आरंभ: 30 अप्रैल, रात्रि 9 बजकर 12 मिनट पर
- वैशाख पूर्णिमा समाप्त: 1 मई, रात्रि 10 बजकर 52 मिनट पर
- उदया तिथि के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा 1 मई को होगी।
- बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान के 2 शुभ मुहूर्त हैं।
- पहला मुहूर्त: प्रात: 4:15 से प्रात: 4:58
- दूसरा मुहूर्त: प्रात: 5:41 से प्रात: 10:39

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वैशाख पूर्णिमा को ही बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। इस वर्ष यह 1 मई को मनाई जाएगी। यह दिन बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत खास होता है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण तीनों हुए थे।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा धर्म होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं दान पुण्य करते हैं। भगवान विष्णु की पूजा भी की जाती है। बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग बुद्ध के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं जिससे जीवन में शांति और सद्भाव बना रहे। 2026 में बुद्ध पूर्णिमा 1 मई को मनायी जायेगी। बुद्ध पूर्णिमा पर राजधानी लखनऊ में विविध आयोजन किये जायेंगे।

**बुद्ध पूर्णिमा के दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी क्या करते हैं:** बुद्ध पूर्णिमा के दिन बौद्ध धर्म के लोग अपने पवित्र ग्रंथ जैसे धम्मपद और त्रिपिटक का पाठ करते हैं। बोधगया में स्थित बोधि वृक्ष की पूजा करते हैं। इसे ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। दीप दान करते हैं घरों को दीपकों से सजाते हैं। मंत्र जाप करते हैं और भगवान बुद्ध के उपदेशों को याद कर उनका पालन करने का संकल्प लेते हैं। वहीं हिंदू धर्म के लोग इस दिन भगवान सत्यनारायण की पूजा करते हैं। मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं चंद्रमा को अर्घ्य देते हैं। व्रत रखते हैं और जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य प्राप्त करते हैं।

**भगवान विष्णु का नौवां अवतार:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कई ग्रंथों में गौतम बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है। कहा जाता है कि उन्होंने मानवता को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने के लिए इस रूप में जन्म लिया। वहीं ऐतिहासिक दृष्टि से उनका जन्म 563 ईसा पूर्व कपिलवस्तु में हुआ था। उनके पिता राजा शुद्धोदन और माता महामाया देवी थीं। जन्म के समय उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया था। आगे चलकर ज्ञान प्राप्ति के बाद गौतम बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## सुख-समृद्धि का प्रतीक गंगा सप्तमी 23 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन धर्म में गंगा सप्तमी का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा धरती पर प्रकट हुई थीं। राजा भगीरथ की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा ने पृथ्वी पर अवतरण किया और उनके पूर्वजों को मोक्ष प्रदान किया।

इसी पावन घटना की स्मृति में हर साल गंगा सप्तमी मनाई जाती है। इस दिन गंगा स्नान, दान और पूजा करने से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन गंगा स्नान करना काफी पुण्य फल देने वाला होता है। इसलिए आपको इसके बारे में जरूर जान लेना चाहिए। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी मनाई जाती है। द्रक पंचांग के मुताबिक, साल 2026 में यह सप्तमी तिथि 22 अप्रैल की रात 10 बजकर 49 मिनट से शुरू होगी और 23 अप्रैल की रात 8 बजकर 49 मिनट तक रहेगी। चूंकि सनातन धर्म में उदया तिथि को मान्यता दी जाती है, इसलिए गंगा सप्तमी 23 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा का पुनः प्रकट होना माना जाता है, इसलिए यह दिन विशेष महत्व रखता है। पौराणिक कथा के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन मां गंगा पहली बार धरती पर अवतरित हुई थीं। उस समय उनका प्रवाह इतना तीव्र था कि उसे संभालना मुश्किल हो गया। तब भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर उनके वेग को नियंत्रित किया। इसके बाद, जब समय उचित हुआ, तो भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं से मां गंगा को पृथ्वी पर प्रवाहित किया, ताकि भागीरथ के पूर्वजों को मोक्ष मिल सके। एक अन्य कथा के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन जह्नु ऋषि ने अपने कान से गंगा को पुनः प्रकट किया था। इसी घटना के कारण इस तिथि को गंगा के पुनर्जन्म के रूप में मनाया जाता है, जिसे गंगा सप्तमी कहा जाता है।

**गंगा सप्तमी पूजन का महत्व:** गंगा सप्तमी के दिन गंगा स्नान करने का खास महत्व होता है। इस दिन गंगा स्नान से पापों का नाश होता है। इस दिन भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करने से कष्ट दूर होते हैं। सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में ऊर्जा और सफलता मिलती है। मां गंगा की पूजा से सुख, समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**गंगा सप्तमी की पूजा विधि:** इस दिन प्रातःकाल गंगा स्नान या घर में गंगाजल से स्नान करें। इसके बाद मां गंगा, भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा करें। अब दीप, धूप, फूल और नैवेद्य अर्पित करें। इस दिन गंगा स्नान के बाद दान-पुण्य करना शुभ माना जाता है।

# पं. साजन मिश्र से छात्रों ने सीखी संगीत की बारीकियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे जी की पावन स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय गायन कार्यशाला का तृतीय दिवस विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

यह कार्यशाला 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक विश्वविद्यालय के गायन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें सुप्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। कार्यशाला के तृतीय दिवस का शुभारम्भ कार्यक्रम संयोजिका एवं गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर द्वारा पंडित साजन मिश्रा को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गायन विभाग के शिक्षकगण, संगतकर्ता, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा ने विद्यार्थियों को सप्रयोग एवं विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रथम सत्र में उन्होंने राग तोड़ी एवं राग अहीर भैरव का मध्य लय में रियाज कराते हुए दधि बेचन एवं अलबेला सजन जैसी बंदिशों के माध्यम से गायन की सूक्ष्म बारीकियों को समझाया। द्वितीय सत्र में उन्होंने विलंबित एवं मध्य लय में छोटा ख्याल प्यारे कन्हाई न मारो कंकरिया का अभ्यास कराया। इसके साथ ही ओदर ताना देरे नाता दीम दीम तनाना जैसे तराने के माध्यम से विद्यार्थियों को विविध गायन शैलियों से परिचित कराया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्य परिषद के निर्णय एवं विद्यार्थियों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठित कलाकारों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिदिन दो समूहों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिसमें विशेष प्रशिक्षण के अंतर्गत लगभग 15 विद्यार्थी तथा आधारभूत प्रशिक्षण में लगभग 100 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ-साथ भारतीय सांगीतिक परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## महिला कलाकारों ने कला शिविर में बनायीं कृतियां



**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी की ओर से नारी शक्ति वंदन विधेयक से प्रेरित कला नवाचार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समाज में समान भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। अकादमी परिसर में नारी स्वावलम्बन पर आधारित महिला चित्रकारों के चित्रकला शिविर लगाया गया। शिविर में 14 महिला चित्रकार शामिल हुईं हैं। शिविर में नारी स्वावलम्बन पर आधारित चित्रांकन के लिए 2.5 ७ 3 फीट कैनवास एवं एक्रेलिक रंग उपलब्ध कराये गये हैं। सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जायेगा। शिविर में महिला कलाकारों में पायल सिंह, इमिलिया मज, डॉ शगुफ्ता खानम, मालविका कपूर , डॉ दुर्गेश नन्दिनी शर्मा, भारती प्रजापति, मानसी मोर्या, प्रिया वर्मा, शिवांगी राज, अंजनी वर्मा, पद्मिनी मेहता, वैश्वी बर्नवाल, आशिता गुप्ता, पायल चक्रवर्ती आदि शामिल हैं।

## गुरुद्वारा यहियागंज में गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व आज

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व कल सायं 7:30 बजे से 11 बजे तक बड़ी श्रद्धा सत्कार के साथ मनाया जाएगा गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में भाई करनैल सिंह जी भाई मोहन सिंह जी विशेष रूप से शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल करेंगे इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब को विशेष फूलों एवं लाइटों से सजाया जाएगा। श्री गुरु अंगद देव जी, (भाई लहना जी) का जन्म वैशाख वदी 1, (5 वैशाख) संवत 1561, (31 मार्च, 1504) को सराय नागा (मत्ते दी सराय) जिला मुक्तसर (पंजाब) नामक गाँव में हुआ था। वह फेरू जी नामक एक छोटे व्यापारी का पुत्र था। उनकी माता का नाम माता रामो जी था (जिन्हें माता सभिराय, मनसा देवी, दया कौर के नाम से भी जाना जाता है)। बाबा नारायण दास त्रेहान उनके दादा थे, जिनका पैतृक घर मुक्तसर के पास मत्ते-दी-सराय में था। फेरू जी वापस इसी स्थान पर आ गये। अपनी माता के प्रभाव में आकर भाई लहना जी ने दुर्गा (एक हिंदू पौराणिक देवी) की पूजा शुरू की। वे हर साल श्रद्धालुओं के एक समूह को ज्वालामुखी मंदिर ले जाया करते थे। जनवरी 1520 में उनका विवाह माता खीवी जी से हुआ और उनके दो पुत्र (दासू जी और दातू जी) और दो पुत्रियाँ (अमरो जी और अनोखी जी) थीं।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच**

**पत्रांक: /8काम/ई-टेण्डर/2026** **दिनांक :**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में 'ए' श्रेणी (भवन कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधानसभा क्षेत्र-भिनगा | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद श्रावस्ती में पूल्ड आवास के अन्तर्गत टाइप-3 के 12 आवासों का निमार्ण कार्य । | 469.40 | 25.47 | 2715.00 | 18 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि रू. दिनांक 20-04-2026 से पूर्व ।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 20-04-2026 से 04-05-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 04-05-2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 04-05-2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176 (सा.)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

**(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,**
**श्रावस्ती**

**(अजय भास्कर)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,**
**बहराइच**

**UPID-250014 Date:17.04.2026 Website : www.upgov.nic.in**


# कला शिक्षा से संवेदना, संस्कृति और सौंदर्य का समन्वित विकास

- पांच दिवसीय कला कार्यशाला का प्रदर्शनी के साथ भावपूर्ण समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल, वृंदावन योजना शाखा में सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय कला कार्यशाला का समापन आज एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं कलात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। यह कार्यशाला केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी संवेदनशीलता, सौंदर्य-बोध और सृजनात्मक चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम बनी।

कार्यशाला के अंतिम दिन कमल विषय पर आधारित विद्यार्थियों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी ने एक विशिष्ट सौंदर्यात्मक अनुभव प्रस्तुत किया। जल की सतह पर खिलते कमल की भाँति इन चित्रों में न केवल रंगों की कोमलता और संतुलन दिखाई दिया, बल्कि विद्यार्थियों के अंतर्मन की भावनाएँ भी सजीव रूप में अभिव्यक्त हुईं। प्रत्येक कृति में प्रकृति, पवित्रता और आत्मिक उन्मेष का स्पर्श महसूस किया जा सकता था।

जानकारी देते हुए कला विभागाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि, लखनऊ के चित्रकार उत्तम वर्मा ने अपने सजीव चित्रण (लाइव डेमोंस्ट्रेशन) के माध्यम से विद्यार्थियों को कला की सूक्ष्मताओं से परिचित कराया। उनकी ब्रश की लय, रंगों की पारदर्शिता और वॉश पेंटिंग की बारीक परतों ने विद्यार्थियों के सामने कला को एक जीवंत साधना के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि कला केवल देखना नहीं, बल्कि अनुभव करना और उसे संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त करना है। चित्रकार उत्तम वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास, अवलोकन और आत्मविश्वास के साथ अपनी कलायात्रा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों के भीतर एक नई ऊर्जा और कलात्मक आत्मविश्वास का संचार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि चड्ढा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के भीतर छिपे रचनात्मक बीज को अंकुरित करती हैं। कला उन्हें न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम देती है, बल्कि जीवन के प्रति एक संवेदनशील दृष्टि भी प्रदान करती है। फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की निदेशक श्रीमती नेहा सिंह ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक और समकालीन कला के मध्य एक जीवंत सेतु प्रदान करना है, जिससे वे अपनी मौलिक अभिव्यक्ति को पहचान सकें और उसे विकसित कर सकें। इस कार्यशाला का संचालन विद्यालय के कला शिक्षक श्री संदीप कुमार के मार्गदर्शन में अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने वॉश पेंटिंग की तकनीकों—जैसे रंगों की परतें, टोनल विविधता और ब्रश नियंत्रण—को न केवल सीखा, बल्कि उसे अपनी व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के साथ जोड़ने का प्रयास भी किया। फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि यह कार्यशाला में बनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी में केवल कलाकृतियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर विकसित होती संवेदनशील दृष्टि, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास का उत्सव बनकर सामने आई। कार्यशाला का यह सफल समापन एक बार पुनः यह सिद्ध करता है कि कला शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में सौंदर्यबोध, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त विकास संभव है।

संक्षेप

## खड़े ट्रक से बाइक भिड़ी, युवक की मौत

**रायबरेली।** आधी रात रिश्तेदार को लेने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क किनारे खड़े ट्रक से लड़ने से मौत हो गई। महमदमऊ गांव निवासी धर्मेंद्र रैदास 22 वर्ष पुत्र शिवराम रैदास रात लगभग 2 बजे अपने किसी रिश्तेदार को लेने बाईक से मुराई बाग डलमऊ जा रहा था। जैसे ही वह लालगंज डलमऊ मुख्य मार्ग पर पूरे हरजू मजरे बहाई गांव के निकट पहुंचा सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक जा भिड़ी। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई व दो बहन रमेश ,विनोद, संगीता व रेखा में तीसरे नंबर पर था। वह मुंबई के नासिक में एक कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता था और 13 अप्रैल को ही घर वापस लौटा था। उसकी मौत पर माता शकुंतला समेत परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा-कादीपुर मार्ग पर गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बैट्री रिक्शा चालक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल चालक ने अस्पताल पहुंचने पर दम तोड़ दिया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मधुपुरी गरवापुर निवासी 37 वर्षीय देवीदीन गुरुवार रात करीब 10 बजे चांदा से अपना ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नहर के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनके साथ मौजूद राजकुमार को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। देवीदीन का जीवन संघर्षों से भरा रहा। वह बैट्री रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मृत्यु से चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिवार में कोहराम मचा है और पूरे गांव में शोक व्याप्त है।

## ब्लॉक परिसर से बाइक चोरी, केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर ब्लॉक परिसर से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 16 अप्रैल 2026 की है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कैलाश नाथ तिवारी, निवासी रोहिनी खोजगिपुर (थाना मोतीगरपुर), अपने निजी कार्य से सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच ब्लॉक दोस्तपुर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल ब्लॉक परिसर में खड़ी कर सचिव ग्राम पंचायत से मिलने चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी देर तक आसपास खोजबीन करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित हुआ भाजपा का सम्मेलन

## सम्मलेन में महिलाओं की रही बड़ी भागीदारी



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** भाजपा द्वारा शुक्रवार को मयादीं इंटर कॉलेज, बरौसा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सम्मेलन का माहौल ऊर्जावान और प्रेरणादायक बना रहा। कार्यक्रम के दौरान जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने मुख्य अतिथि रंजना उपाध्याय (पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा) का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा यह कानून महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समाज और राजनीति में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्य अतिथि रंजना उपाध्याय ने केंद्र सरकार की विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान व आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, मुफ्त गैस सिलेंडर व महिला आरक्षण जैसे प्रयासों को महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का आधार बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति ही देश के समग्र विकास की कुंजी है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला, रत्नेश तिवारी सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन शिवांगी सिंह ने किया।

## नारी शक्ति वंदन के समर्थन में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**सुलतानपुर।** गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन प्रशासन के निर्देशानुसार कॉलेज के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी के मार्गदर्शन और प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सीताकुंड परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। बड़ी संख्या में छात्राओं ने श्वेत पटल (बैनर) पर हस्ताक्षर कर अधिनियम का समर्थन किया। इस दौरान बैनर पर हस्ताक्षर करने के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो कार्यक्रम के प्रति उत्साह को दर्शाती रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाना था।

## इंस्पेक्टर नीशू तोमर ने दुष्कर्म पीड़िता आरक्षी की अर्जी पर दाखिल की आपत्ति

**सुलतानपुर (वीओएल)।** महिला आरक्षी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता की ओर से दी गई अर्जी पर शुक्रवार को आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने आपत्ति दाखिल की है। मामले में अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। अभियोजन पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि बीते दिनों महिला आरक्षी ने कोर्ट में अर्जी देकर आरोप लगाया था कि उस पर आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर सुलह के लिए दवाब बना रहे हैं। आरक्षी का यह भी आरोप है कि इंस्पेक्टर नीशू तोमर ने सहारनपुर की शबनम नाम की महिला से अयोध्या के एसपी व डीएम को प्रार्थना पत्र दिलाया है कि वह उसे ब्लैकमेल कर रुपये मांग रही है। आरक्षी का कहना है कि वह अवसाद में आ गई है और आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गई है। महिला आरक्षी ने 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में इंस्पेक्टर नीशू तोमर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान उसके साथ इंस्पेक्टर नीशू तोमर ने दुष्कर्म किया था।

## राजाराम राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के राजाराम राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को सच्चे अर्थों में मानव बनाती है और एक शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा की भी आवश्यकता है। संस्थान की सराहना करते हुए उन्होंने इसे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला विद्यालय बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं- ऐश्वर्या मिश्रा, पलक वर्मा, आशिया बानो, अर्पित वर्मा और अगमकृको साइकिल पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इसके अलावा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

# बजरंग दल ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**गौरीगंज,अमेठी।** देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता अवैध कब्जों और हिंदू समाज के प्रति हो रहे सुनियोजित षडयंत्रों के विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के 16 और 17 अप्रैल को देश व्यापी धरना प्रदर्शन की कड़ी में अमेठी में गौरीगंज के सब्जी मंडी तिराहा पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर भारत माता की जय बंदे मातरम्लव जिहाद बंद करो गाजी का न काजी का ये देश है वीर शिवाजी का नारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया कार्य कताओं का उद्बोधन करते हुए जिला मंत्री अभिमन्यु उपाध्याय ने कहा कि टी सी एल नासिक में जो हिंदू बेटियों साथ जो घटना हुई वो अति शर्मनाक है घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो कार्यकताओं को जिला संरक्षक भगवान बख्श सिंह जिला कोषाध्यक्ष रामजी अग्रहरि ने भी संबोधित किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया गया जिसे यस डी एम गौरीगंज प्रीति तिवारी ने प्रदर्शन स्थल पर जाकर लिया। प्रदर्शन में जिला संयोजक बजरंगदल धर्मजीत जिला सह मंत्री अशोक श्रीवास्तव जिला मातृ शक्ति सह संयोजिका ज्योति पाण्डेय जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख अमित तिवारी भेंटुआ प्रखंड अध्यक्ष उदयभान सिंह अमेठी नगर अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह भादर प्रखंड उपाध्यक्ष भगवान तिवारी मोंटी सिंह विभाग सह संयोजक बजरंगदल उत्तम सिंह सतीश श्रीवास्तव गौरीगंज अभय मिश्रा आदि सैकड़ों कार्यकता उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार का कहर, एक की मौत

**अमेठी।** जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेता रोड तिराहा रामगंज में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें मोपेड सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरीगंज मुसाफिरखाना रोड पर स्थित नेता रोड तिराहा रामगंज में दूध डेरी के पास पिकअप वाहन से मोपेड सवार अधेड़ टकरा गया। जिसके चलते अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। इसके बाद पिकअप सवार ड्राइवर सहित दो लोग बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन एवं उसके ड्राइवर को कब्जे में ले लिया है तथा मृत्यु के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर पोस्ट मॉर्टम भेज दिया गया। गौरीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान नन्हे बाबू पांडेय पुत्र गया प्रसाद पांडेय निवासी इंदरिया मजरे किटियांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के रूप में हुई है।

## आयुष्मान आरोग्य केंद्र में दो बार चोरी

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के धनऊपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र में लगातार दो बार चोरी की घटनाओं से इलाके में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य केंद्र को निशाना बनाकर चोरों ने जरूरी सामान पार कर लिया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। केंद्र पर कार्यरत रुपानी जायसवाल ने दोस्तपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि पहली घटना 6 अप्रैल 2026 को हुई, जब अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर अंदर रखा पंखा, तीन कुर्सियां, दवा सामग्री, बीपी मशीन, एचबी मीटर और वेट मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, चोरों ने वहां रखे रजिस्टर भी फाड़ दिए, जिससे अभिलेखों को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद 16 अप्रैल को एक बार फिर चोरों ने केंद्र को निशाना बनाया और ताला तोड़कर इन्वर्टर बैटरी उठा ले गए। सुबह ड्यूटी पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर पीड़िता को थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में आक्रोश है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठ रही है।

## एसडीएम ने दिलवायी नामित सभासदों को शपथ

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** शुक्रवार को दोपहर बाद नगर पंचायत कोइरीपुर कार्यालय परिसर में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम लंभुआ प्रीति जैन द्वारा उत्तर प्रदेश शासन से नामित सभासद बृजेश शुक्ला लालमनि अग्रहरि व विनोद गौतम को शपथ ग्रहण करवाया। इस शपथ समारोह में लंभुआ विधायक प्रतिनिधि कर्नल पंकज पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि/जिला मंत्री भाजपा अरुण कुमार जायसवाल भाजपा नेता राजेश चंद्र मिश्र चेयरमैन प्रतिनिधि मो कासिम राइन भाजपा नेता एल के दूबे द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। आए हुए अतिथियों का चेयरमैन प्रतिनिधि कासिम राइन द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# नृत्य प्रतियोगिता, लघु नाट्य प्रतियोगिता आयोजित




**रायबरेली।** फिरोज गांधी कॉलेज में अनुगूंज वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता, लघु नाट्य प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं रचनात्मकता के साथ प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतलघु नाट्य, एकल नृत्य एवं समूह नृत्यकी आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों की प्रस्तुति में कला, भाव, अनुशासन एवं समर्पण का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु गठित निर्णायक मंडल में रवि प्रताप सिंह एवं अमरदीप उपस्थित रहे। लघु नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार विजेता एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, प्रियंका श्रीवास्तव द्वितीय, महिमा शुक्ला तृतीय तथा अंशिका भारती समूह नृत्य प्रतियोगिता में महिमा चैरसिया और महक मिश्रा विजेता रहे। सांस्कृतिक समिति की सह-संयोजक डॉ.शामिनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन किया। उनके कुशल मंच संचालन ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध सचिव इंजीनियर अतुल भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही संध्या भार्गव, राजीव भार्गव (उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति) एवं डॉ. एस.के. पाण्डेय (संयुक्त सचिव, प्रबंध समिति) विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार त्रिपाठी भी गरिमामयी उपस्थिति के साथ मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्रबंध सचिव इंजीनियर अतुल भार्गव ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करते हैं। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार विजेताओं को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक अभिरुचि की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## विद्यार्थियों ने मनाया विश्व धरोहर दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में विश्व धरोहर दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझाते हुए प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए और देश की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने धरोहरों के संरक्षण हेतु शपथ लिया और अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि ह्लहमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरें हमारी पहचान है, उन्हें संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। धरोहरें केवल स्मारक नहीं होती, बल्कि वे हमारे अतीत, परंपराओं और मूल्यों की जीवित मिसाल हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे उनकी महत्ता को समझें और इनके संरक्षण के प्रति सजग रहें। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तीकरण को ऐतिहासिक कदम



**अमेठी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर शुक्रवार को तहसील गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिलाओं ने मीडिया से मुखातिब होते हुए इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कदम बताया।

एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है, जिसे संतुलित करने के लिए यह अधिनियम अत्यंत आवश्यक था। यह कानून महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा। बाल कल्याण समिति की सदस्य नीरज पांडे एवं रीता सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अधिनियम केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में महिलाओं के प्रति सोच व दृष्टिकोण को भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर रुचि सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आएगी, जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम भविष्य में एक सशक्त एवं समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा एवं मालती जायसवाल ने अधिनियम के कानूनी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा। मीनाक्षी मिश्रा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में आगे आती हैं तो वह किसी भी समस्या का समाधान भावनात्मक रूप से करती हैं हमारे देश में जितना महिला नेतृत्व बढ़ेगा उतना ही हमारा देश विकसित होगा। महिला ही नींव बनाती है कि हमारा भविष्य कैसा होगा हमारे देश का भविष्य कैसा होगा, जितना महिलाएं आगे आएंगी उतना ही हमारा देश तरक्की करेगा। इस अधिनियम में सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा। प्रधानाचार्य फर्स्ट स्टेप स्कूल अमेठी सुरभि मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। इससे बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने भविष्य को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर बनेंगी। महिला चिकित्सक डॉ. काजल ने कहा इस अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तो स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी, जिससे समाज का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्व केवल 33 प्रतिशत आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज में लैंगिक समानता की दिशा में एक सशक्त संदेश भी देता है। यह महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा और शासन व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा और नीतियां अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेंगी।

## अक्षदा सिंह ने शूटिंग चैंपियनशिप में मारी बाजी, स्टेट में हासिल की तीसरी रैंक




**महराजगंज, रायबरेली।** 29वीं प्री यू.पी. स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अक्षदा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल की है। यह प्रतियोगिता 15 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम, अयोध्या में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर के प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। विदित हो कि अक्षदा सिंह उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह की पुत्री हैं तो वहीं सेंट पीटर्स स्कूल रायबरेली की कक्षा 8 की मेधावी छात्रा भी है, ने अपने उत्कृष्ट निशाने और कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। सभी ने अक्षदा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला न्यायाधीश ने राजकीय संप्रेक्षण गृह व बालिका आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण




**रायबरेली।** जुवेनाइल जस्टिम कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजय भनोट के द्वारा किशोर अपराधियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन के सम्बन्ध में जारी निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अध्यक्षता में समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह व बालिका आश्रय गृह, रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा, सीडीओ अंजूलता, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला क्रीड़ाधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला जज द्वारा आवासित किशोर अपराधियों से मादक पदार्थों के सेवन के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला जज द्वारा आवासित किशोर के खानपान, रहन-सहन, पढ़ाई, खेलकूद व व्यावसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये। इसके अतिरिक्त बालिका गृह का भी निरीक्षण किया गया। आवासित बालिकाओं को भी मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के इस्तेमाल से होने वाली शारीरिक समस्याओं के बाबत अवगत कराते हुए इनका इस्तेमाल न करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। परिसर में खेलकूद हेतु बने बैड़मिटन कोर्ट सही न पाये जाने पर प्रबन्धक गाँधी सेवा निकेतन को मुख्य विकास अधिकारी से सहयोग लेते हुए सही कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के उपरांत राजकीय सम्प्रेक्षण गृह रायबरेली में आवासित किशोर अपराधियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता का आयोजन किया गया। उक्त जागरुकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा के द्वारा बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त बच्चों हेतु स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

## 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए विशेष अभियान

**रायबरेली।** प्रदेश में कृषकों की भूमि को एक स्थान पर संकलित रूप से प्रदर्शित करने तथा उनके भू-अधिकारों के अभिलेखीकरण के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किए जाने का कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित किया जा रहा है। जनपद के समस्त कृषकों को संतृप्त किए जाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक अप्रैल 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में छः से 15 अप्रैल तक कृषकों की शतप्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु विशेष अभियान के चलाया गया, जिसे बढ़ाकर 16 से 30 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दिया गया है और निर्देशित किया गया है कि जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री पंचायत भवन में कैम्प लगाकर शत प्रतिशत पूर्ण की जाये। उक्त निर्देश के परिपालन में निर्धारित कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा रही है। जिसमें सकिय पीएम किसान एवं नॉन पीएमके लाभार्थियों की सूची में चिन्हित अवशेष कृषकों को उनके घरों से पंचायत घर तक लाने का दायित्व कोटेदार, सफाईकर्मी, समूह सखी, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा किया जा रहा है। कैंप में नामित जनसेवा केन्द्र के वीएलई, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कार्मिक तथा रोजगार सेवक, लेखपाल कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य त्रुटिरहित करना सुनिश्चित करेंगें। कैम्प में आने वाले समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जायेगी। इस दौरान लेखपाल द्वारा मौके पर ही किसान के नाम से सम्बन्धित विसंगतियों को ठीक किया जाएगा ताकि फार्मर रजिस्ट्री आसानी से बन सके। इस अभियान के लिए खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड के नोडल अधिकारी हैं, तथा कैम्पों का आयोजन निदेर्शानुसार सुनिश्चित करायेगें तथा नियमित रूप से पर्यवेक्षण करेंगें। उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील में इस विशेष अभियान के लिए तहसील के नियंत्रक अधिकारी रहेंगे तथा कैम्पों की व्यवस्था तथा कार्मिकों को आवश्यकतानुसार परिवर्तित भी कर सकेंगे।

# गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** उप्र गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह की अध्यक्षता में गो संरक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान समय में गेहूं की कटाई हो चुकी है इस समय हमें भूसा सस्ते दर पर मिल सकता है इसलिए सभी गौशालाओं में छः माह का भूसा का भंडारण सुनिश्चित करा लिया जाए तथा हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता के लिए गोचर भूमि का समुचित उपयोग किया जाए। गौशालाओं के आस-पास गोचर की भूमि को चिन्हित कर उनको गौशालाओं के सर्पुद्व किया जाये, जिससे गोवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। किसानों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए, विकास खण्डों में गोष्ठी द्वारा किसानों को गो आधारित खेती करने हेतु प्रेरित किया जाये। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ पेयजल, जूट/तात के पर्दों, पंखों एवं पानी के छिड़काव के माध्यम से गोवंशों को लू एवं अत्यधिक तापमान से बचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए। बीमार गोवंशों के लिए पृथक सिक वार्ड की व्यवस्था तथा नियमित चिकित्सा निगरानी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। इसके




अतिरिक्त गोशालाओं में स्वच्छता, सीसीटीवी निगरानी एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा गोबर एवं गोमूत्र आधारित उत्पादों के निर्माण के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष द्वारा गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया गया, जिससे गोशालाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद रायबरेली में गोसंरक्षण में अच्छा कार्य किया गया है इसकी मैं सरहना करता हूँ।

इससे पूर्व उपाध्यक्ष, गो सेवा आयोग अतुल सिंह द्वारा जनपद के कान्हा गोवंश विहार, त्रिपुला (अमावां), अस्थाई गो आश्रय स्थल- लोधवारी एवं वृहद गो आश्रय केंद्र- बेलखारा, ब्लॉक राही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोवंशों के संरक्षण, पोषण एवं समुचित प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए उन्हें और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विभिन्न स्थलों पर हरे चारे की खेती, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग जैसी पहलें संचालित पाई गईं, जिन्हें और व्यापक रूप से विकसित करने पर बल दिया गया। साथ ही गोवंशों के लिए पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुलभ एवं व्यवस्थित बनाने तथा चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सीडीओ अंजुलता, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. अजय कुमार कन्नौजिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, डीडीओ अरूण कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० कुलदीप कुमार द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण व प्रधान, सचिव आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय

**गौरीगंज,अमेठी।** जनपद में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर शिकंजा कसने में बेसिक शिक्षा विभाग बेअसर साबित हो रहा है। जिसका ताजा उदाहरण बेसिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जनपद में अमान्य स्कूलों की पोल खोलते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंप कार्यवाही की माँग की है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य ने अमेठी डीएम संजय चौहान को दिये गये शिकायत पत्र में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर शिकंजा कसने की मांग किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के रहमोकरम पर बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

## सीए बनना चाहते हैं आरुष शंकर ,95 प्रतिशत अंक मिले



**मथुरा।** परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन के दसवीं कक्षा के छात्र आरुष शंकर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की है।वह सीए बनना चाहते हैं।वह कहते हैं कि हॉस्टल में रहकर प्रतिदिन आठ घंटे पढ़ाई करते थे, पढ़ाई करना कभी नहीं छोड़ा। वह कहते हैं कि पढ़ाई से घबराना नहीं चाहिए। आरुष बताते हैं कि पढ़ाई का समय लंबा होने के बजाय गहन होना आवश्यक है। बताया कि जितना अध्ययन करते थे, उतना मन लगाकर करते थे।उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी है।इस सफलता का श्रेय वो अपनी मां अंजली वर्मा को देते हैं।जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया,समय समय पर उनका मार्गदर्शन भी किया।

# संस्कृति विवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया समर्थन



**मथुरा।** संस्कृति विवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता और समर्थन के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी कार्यक्रमों की नोडल अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा का कहना है कि कार्यक्रमों में छात्राओं की विशेष रुचि होने के कारण उनकी भागीदारी भी बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है। इसी क्रम में मिस्ड कॉल देकर और दीवार पर संदेश लिखकर और हस्ताक्षर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया गया।

डा. मीनाक्षी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नारी शक्ति वंदन के समर्थन एवं जागरूकता के लिए चलाए गए मिस्ड कॉल अभियान में सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्धारित नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अधिनियम के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया। विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने इस अवसर पर छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आरएन त्रिवेदी एवं डॉ.रतीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में डा. डीएस तोमर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ. रघुराम भट्ट, डॉ. केके पाराशर, विजय सक्सैना सहित अन्य अधिकारीगण एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर दीवार पर छात्राओं ने बढ़चढ़कर महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेश, विचार एवं संकल्प लिखे, जो समाज में महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और समानता के प्रति जागरूकता का सशक्त माध्यम बने। इस दीवार पर छात्राओं को अपने विचार खुलकर व्यक्त करने का अवसर मिला। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा एवं जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. आरएन त्रिवेदी एवं डा. रतीश शर्मा ने किया। विशेष सहयोगियों में डा. डीएस तोमर, डा. केके पाराशर तथा विजय सक्सैना शामिल रहे। प्रो. रघुराम भट्ट की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## महेश पाठक व राकेश तिवारी ने किये मां पीताम्बरा बगलामुखी के दर्शन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश और ब्रज क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक संस्था श्रीमाथुर चतुर्वेद परिषद एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक



महेश पाठक ने आज मध्य प्रदेश के दतिया स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ पीताम्बरा बगलामुखी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

?इस अवसर पर उनके साथ श्रीमाथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट भी उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में माँ पीताम्बरा और वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ?श्रीपाठक और श्रीतिवारी ने माँ बगलामुखी के दरबार में विशेष हाजिरी लगाई। ?दर्शन के उपरांत उन्होंने स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से भेंट की और तीर्थों की मयार्दा एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण पर संक्षिप्त चर्चा की। श्री पाठक ने कहा कि ?माँ पीताम्बरा की कृपा अपार है। यहाँ आकर जो मानसिक शांति और शक्ति प्राप्त होती है, वह अवर्णनीय है।

## छात्रों व शिक्षकों ने निकाली नामांकन जागरूकता रैली

**अमेठी।** तिलोई अमेठी स्थित कंपोजिट विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन एवं शिक्षा जागरूकता हेतु विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली ।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ० जया त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखा कर रैली का संचलन आरंभ किया। गीत एवं नारों के साथ रैली में प्रतिभाग कर रहे बच्चों ने खानापुर चपरा ग्राम सभा में पथ संचलन किया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका डॉ० जया त्रिपाठी ने बताया कि माननीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी संजय तिवारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर हरिओम तिवारी के निर्देश पर भव्य रैली निकाली गई जिसमे बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की डॉ० त्रिपाठी ने बताया कि रैली के माध्यम से नवीन प्रवेश हेतु बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया साथ ही अध्ययन रत बच्चों को नित्य विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया।

## नाव हादसा में जान गंवाने वाले 16 श्रद्धालुओं को कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**मथुरा।** वृंदावन में हुई नाव दुर्घटना में जान गंवाने वाले 16 लोगों को यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम विश्राम घाट, मथुरा पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनाम धन्य तिवारी, यूथ कांग्रेस मथुरा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश बघेल तथा एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हर्ष चैरसिया ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस एड अनाम धन्य तिवारी ने कहा वृंदावन की यह नाव दुर्घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। हम दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें। जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस मथुरा दुर्गेश बघेल ने बताया यह घटना प्रशासन व्यवस्था की बड़ी लापरवाही को दशार्ती है। तीर्थ स्थल होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हर्ष चैरसिया ने कहा आज हमने विश्राम घाट पर एकत्र होकर 16 दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। यह समय शोक का है, लेकिन साथ ही जिम्मेदारी तय करने का भी है। प्रशासन को तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि किसी और परिवार को ऐसा दुख न झेलना पड़े। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं व नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष दीपक पाठक, एनएसयूआई उपाध्यक्ष शुभम चतुवेर्दी, दीपक उर्फ पप्पू नीरज सनवाल नरेश विजय पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैसवारा महाविद्यालय में महिला सशक्तीकरण के तहत आत्मरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** जिले के प्रतिष्ठित एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, नैक द्वारा प्रत्यायित ग्रेड बी बैसवारा महाविद्यालय, लालगंज में महिला सशक्तिकरण के द्वितीय चरण फेज-5के अंतर्गत आत्मरक्षा की तकनीक से संबंधित कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं को मुश्किल समय में अपनी आत्मरक्षा किस प्रकार से करनी है , के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय के कुशल नेतृत्व में यह आत्मरक्षा से संबंधित कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर निरंजन राय ने की ?। संयोजक प्रो. पुष्पा बरनवाल तथा मंच संचालन इंदु तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि शिक्षा से महिलाओं में आत्मविश्वास और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनती हैं। प्रो. पुष्पा बरनवाल ने आत्मरक्षा, मार्शल आर्ट तकनीक और जागरूकता के माध्यम से निडर बनने पर जोर दिया। डॉ. संजीव मिश्र एवं डॉ. नवीन कुमार विश्वकर्मा ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चरित्र निर्माण और लैंगिक भेदभाव खत्म करने की आवश्यकता पर बल दिया । इस अवसर पर डॉ. प्रवीण सिंह, रिया गुप्ता, सोनम तिवारी, तरुणेंद्र कुमार शुक्ला सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की ।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने गोवर्धन दानघाटी मंदिर की दुकानों और कई स्थानों पर मारा छापा

**मथुरा।** आगामी त्योहारों और श्रद्धालुओं की भारी आमद को देखते हुए मिलावटखोरी के विरुद्ध सतर्क हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्राजक्ता त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गोवर्धन के प्रमुख बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्रसिद्ध दानघाटी मंदिर क्षेत्र की मिठाई दुकानों पर हुई छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी, गोवर्धन के निर्देशन में आम जनमानस एवं आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह कुशवाह एवं भरत सिंह द्वारा दानघाटी मंदिर के सामने गोवर्धन से दूध के दो नमूनें तथा पेड़ा के दो नमूनें संग्रहित कर अस्वास्थकर दशाओं में भंडारित लगभग 20 कि0ग्रा0 पेड़ा अनुमानित मूल्य लगभग 6000 रुपए को नष्ट कराया गया। धर्मेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा टाउनशिप चैराहा भगवान नगर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सैनिक ढाबा से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचलदल के सदस्य जितेन्द्र सिंह, अरूण कुमार, दलवीर सिंह व राम नरेश द्वारा गौमत बाजना रोड, अजनोठ सुल्तान पट्टी स्थित अवैध रूप से संचालित अनीता डेयरी पर छापामार कार्यवाही की गयी। जहां मिल्क क्रीम का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा अस्वास्थकर व अस्वच्छकर दशाओं में पनीर निर्माण कार्य होते पाये जाने पर परिसर में भंडारित 250 कि0ग्रा0 तैयार पनीर में से तीन नमूनें संग्रहित कर शेष पनीर अनुमानित मूल्य लगभग 67500 रू0 को नष्ट करा दिया गया। साथ ही नौशेरपुर मांट स्थित बृजधाम नैचुरल डेयरी से भैंस का दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। उक्त संग्रहित कुल 10 खाद्य नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# यमुना हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन से जुड़ी है, स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारीः नेहा धूपिया



**मथुरा।** बृज क्षेत्र में यमुना सफाई की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे एक स्थानीय स्वच्छता अभियान के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया के शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद सेवाभावी भक्त भागवत का उत्साह बढ़ाया और सफाई कार्य में जुटे स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अभिनेत्री ने सफाई कार्य में लगे लोगों से बातचीत की और स्वयं आगे बढ़कर गोवर्धन के भक्त भागवत के हाथों में दस्ताने पहनाकर उन्हें सुरक्षित रूप से कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया और कई स्थानीय स्वयंसेवकों ने इसे प्रेरणादायक क्षण बताया। अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नदी की स्वच्छता को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना भी है। इस दौरान नेहा धूपिया ने कहा कि नदियों की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा की यमुना हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन से जुड़ी हुई है। इसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यहां जो लोग लगातार सेवा कर रहे हैं, वे वास्तव में समाज के लिए प्रेरणा हैं। मैं बस उनका मनोबल बढ़ाने आई हूं। स्वयंसेवक भक्त भागवत ने कहा कि उन्हें इस कार्य में शामिल होकर गर्व महसूस होता है। उन्होंने बताया की यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे इस सेवा में योगदान देने का अवसर मिला। नेहा धूपिया के आने और उनके प्रोत्साहन से हमारा हौसला और बढ़ गया है। यह कार्य मेरे लिए केवल सफाई नहीं, बल्कि एक धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे सार्वजनिक व्यक्तित्वों की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण और नदी स्वच्छता अभियानों को नई ऊर्जा मिलती है और अधिक लोग इस तरह के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

## केएम विवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत प्रतिदिन हो रहे है जागरूकता कार्यक्रम

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में आज विवि के छात्र-छात्राओं और शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया एवं छात्राओं को अधिनियम के महत्व एवं इसके प्रमुख प्रावधानों की जानकारी नुक्कड़ नाटक द्वारा दी गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चैधरी ने छात्राओं के जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्हें सामाजिक अभियानों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति एवं कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने करते हुए कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने का मजबूत माध्यम बनेगा। विवि की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज में महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और समानता के प्रति जागरूक किया और खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। डा. सुमित मोहन, डा. आरएस पुण्डीर, डा. अनीता चैधरी, डा. ब्रजकिशोर, आरके शर्मा, संतोष ठाकुर, डा. रिंकू के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक में जया, संध्या, कोमल, खुशी, गौरव, राजेश आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# डीएम के आदेश हवा-हवाई, तहसील प्रशासन पर उठे सवाल

- कचनाऊ-बरौली मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण त्रस्त, तहसील और ब्लॉक प्रशासन के बीच फुटबॉल बनी जनता



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में प्रशासनिक तालमेल की कमी और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का एक गंभीर मामला सामने आया है। तहसील महावन के अंतर्गत आने वाले कचनाऊ-बरौली संपर्क मार्ग पर पिछले काफी समय से हो रहे जलभराव ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। जिलाधिकारी मथुरा के सख्त निर्देशों के बावजूद, तहसील प्रशासन और खंड विकास कार्यालय के बीच चल रही खींचतान के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। भारतीय किसान यूनियन के नेता ललित शर्मा ने जिलाधिकारी मथुरा से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए और जनता को इस नरकीय स्थिति से निजात दिलाई जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

गौरतलब हो कि ?ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी मथुरा, तहसील प्रशासन महावन और बीडीओ बलदेव को लिखित शिकायतों के साथ-साथ जीआरएस के माध्यम से भी अवगत कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम महावन और तहसीलदार को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए थे। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि हफ़्तों बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।जलभराव के कारण बरौली और आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। रुके हुए गंदे पानी के कारण गांव में डेंगू, मलेरिया और हैजा जैसी भयानक बीमारियां फैलने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। ललित शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाकियू (टिकैत) ने बताया ?जब सक्षम अधिकारी ही अपनी लाचारी जताने लगें, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे। भाकियू (टिकैत) के प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित शर्मा ने जब इस मुद्दे पर उप-जिलाधिकारी से वार्ता की, तो प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो गए। एसडीएम ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि बीडीओ उनकी बात नहीं मान रही हैं। वहीं भाकियू नेता ललित शर्मा ने बीडीओ बलदेव, निहार रावत से संपर्क किया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कई बार पत्राचार के माध्यम से एसडीएम और तहसीलदार को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन वहां से कोई सहयोग नहीं मिला। एक सक्षम अधिकारी द्वारा दूसरे विभाग पर दोष मढ़ना न केवल प्रशासनिक अनुशासनहीनता को दशार्ता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि तहसील प्रशासन जिलाधिकारी के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। ?प्रशासन की बेरुखी के बीच, गांव के वरिष्ठ समाजसेवियों ने निजी स्तर पर गिट्टी और मिट्टी डलवाकर मार्ग को चलने योग्य बनाने का प्रयास किया है, लेकिन जल निकासी की स्थाई व्यवस्था न होने के कारण स्थिति अभी भी विकट बनी हुई है।

## अपना सुधार संसार की सबसे बड़ी सेवा है

**अमेठी ।** पावन प्रज्ञा पुराण के तीसरे दिन आचार्य कैलाश नाथ तिवारी जी ने बताया कि देश की आजादी में किस तरह गायत्री मंत्र जन-जन की आवाज बन गया। गांधी जी ने गायत्री मंत्र में प्रयुक्त धियो योनः प्रचोदयात का हिंदी अनुवाद करते हुए सबको सन्मति दे भगवान को हिंदुस्तान के घर-घर मे पहुँचा दिया। गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र, सन्मार्ग पर चलाने वाला मंत्र है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज पर भी गायत्री मंत्र का प्रभाव है, जिस प्रकार गायत्री मंत्र में 3 पद एवं 24 अक्षर हैं, उसी तरह हमारे राष्ट्र ध्वज में भी 3 पट्टियां व चक्र में 24 तीलियाँ हैं।

गायत्री मंत्र का जप भगवान राम ने भी किया और भगवान शिव ने भी किया। यह मंत्र खुद को बेहतर बनाने का रास्ता है। पूज्य गुरुदेव ने कहा कि अपना सुधार संसार की सबसे बड़ी सेवा है। इसीलिए उन्होंने नारा दिया हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा । स्वयं को सुधारकर दूसरों को सुधारने की प्रेरणा देने की संकल्पना से ही युग निर्माण योजना का जन्म हुआ। आज पूरी दुनिया में करोड़ो लोग अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ता हैं और पूज्य गुरुदेव के मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप दुनिया में कुछ अच्छा करने के उद्देश्य से कर्म करोगे तो दुनिया बदले या न बदले आप बदल जाएंगे। दूसरों के रास्तों के कांटों को साफ करेंगे तो आपके रास्ते के कांटे खुद ब खुद दूर हो जाएंगे। उन्होंने सबरी की कहानी का जिक्र करते हुए कहा कि सबरी रोज अपनी कुटिया तक आने वाले मार्ग की साफ-सफाई इस आस्था और विश्वास से करती थी कि एक दिन भगवान उसके घर आएंगे। सबरी की तपस्या से मजबूर होकर भगवान को उसके घर आना पड़ा। सबरी ने भगवान की निर्मल मन से सदैव आराधना की। भगवान हमारे आपके घर भी आएंगे लेकिन हमें पहले अपने आप को मन से निर्मल और स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के चरित्र से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

## किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



**मथुरा।** बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और खराब मौसम के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं और आलू सहित अन्य तैयार फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी मथुरा को राष्ट्रपति के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें प्रभावित किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा कराया गया फसल सर्वे निष्पक्ष नहीं है और कई प्रभावित किसान इससे छूट गए हैं। इसलिए, कांग्रेस ने उच्च अधिकारियों की निगरानी में दोबारा विशेष सर्वे कराने की मांग की है। कांग्रेस ने मांग की है कि जिन किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं, उन्हें प्रति एकड़ एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसके अतिरिक्त, किसानों के कृषि ऋण और बिजली बिल माफ करने तथा सरकारी वसूली पर रोक लगाने की भी मांग की गई है। पार्टी ने फसल बीमा कंपनियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं और उनकी जांच कराने की बात कही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष चैधरी भगत सिंह वर्मा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को मुआवजे के नाम पर केवल लॉलीपॉप दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को मात्र 1000 से 2000 रुपये देकर उनके साथ मजाक किया जा रहा है, जबकि उनका नुकसान लाखों में है। वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही प्रति एकड़ एक लाख रुपये का मुआवजा नहीं देती है, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन करेगी।

## सात दिवसीय श्रीराम कथा का हवन-यज्ञ व विशाल भंडारा के साथ हुआ समापन



**मथुरा।** फरह ब्लॉक के गौ ग्राम परखम में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुक्रवार हवन यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। हवन यज्ञ में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने गणमान्य व्यक्तियों के साथ विधि-विधान से हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में दूर-दूर से आए भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कथा व्यास पूज्यपाद निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने सात दिनों तक भक्तों को श्रीराम कथा की महिमा का बखान किया। उन्होंने लोगों को भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने का संदेश दिया। स्वामी कैलाशानंद गिरि जी ने बताया कि हवन-यज्ञ से वातावरण और वायुमंडल शुद्ध होता है। यह व्यक्ति को आत्मिक बल प्रदान करता है और उसमें धार्मिक आस्था जागृत करता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ से दुगुर्णों के स्थान पर सद्गुणों के द्वार खुलते हैं और देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण पर जोर

**मथुरा।** सशक्त नारी, सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजा, मथुरा महानगर द्वारा मथुरा-वृन्दावन विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मसानी स्थित आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हुआ, जिसका शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या अंजू बाला खंडेलवाल ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि उप्र महिला आयोग की सदस्य रेणू गौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि आज की नारी आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त है, जो परिवार के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मथुरा-वृन्दावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम के



अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और स्वाभिमान को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया सम्मेलन के पश्चात कॉलेज एक रैली निकाली गई जिसको मुख्यअतिथि रेणू गौर एवं विधायक श्री कांत शर्मा भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन भारती वार्ष्णेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपा अग्रवाल, पूजा चौधरी, ममता भारद्वाज, नीलम गोयल (पार्षद), सुनीता उपाध्याय, कल्पना गर्ग, नीलम पांडे, पूनम वाल्मीकि, परमार वंदना अरोड़ा, भावना रावत, ज्योति चतुर्वेदी, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, सुरेंद्र ठाकुर, प्रधान ललित गौतम, मलय राठौर, मनोज ठाकुर, अंकुर गुर्जर (पार्षद), महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, प्रणय पाराशर, अमित पाठक, यज्ञदत्त कौशिक, लोकेश तायल, नितिन चतुर्वेदी, नितिन कौशिक, राजू चैधरी, राजेश माहौर, नरेश शर्मा, बब्बू, धर्मेंद्र चैधरी, राकेश तोमर, मोहन भारद्वाज, कुलदीप पाठक (पार्षद) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बगहावीर बाबा धाम पर आज मनाया जायेगा शनिदेव का स्थापना दिवस, होगा भव्य भंडारे का आयोजन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार-हलियापुर मार्ग स्थित बगहावीर बाबा धाम पर शनिवार को शनिदेव महाराज का आठवां स्थापना दिवस श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजक प्रदीप कुमार उपाध्याय (दाढ़ी) ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सुबह से ही पूजन-अर्चन, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू होगा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भगवान शनिदेव की कृपा प्राप्त करने एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि की कामना को लेकर किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। आयोजक ने क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूजन-अर्चन में भाग लें तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

# सूखे की आशंका

मानसून का अनुमान लगाने वाली राष्ट्रीय एजेंसी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और प्रमुख निजी क्षेत्र की एजेंसी स्काईमेट ने मानसून को लेकर जो भविष्यवाणी की है, उससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार की चिंता भी बढ़ गयी है। दोनों एजेंसियों ने अल-नीनो संकट के प्रति आगाह किया है। अल-नीनो के बढ़ते खतरे ने मॉनसून सीजन के लिए चिंताएं बढ़ा दी हैं। लगातार दो साल ला-नीना जैसे अनुकूल मॉनसून सीजन के बाद अब मौसम चक्र में बदलाव के संकेत दिख रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2027 मॉनसून के लिए अल-नीनो का जोखिम बढ़ रहा है, जिससे भारत में बारिश, खेती, ग्रामीण मांग और कई सेक्टरों पर दबाव बन सकता है। रिपोर्ट का साफ संकेत है कि अगर अल-नीनो और मजबूत होता है, तो इसका असर सबसे पहले कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संचालन और दूसरे मौसम मॉडल यह दिखा रहे हैं कि आने वाले महीनों में अल-नीनो की संभावना बढ़ सकती है। शुरूआती चरण में मॉनसून पर इसका असर सीमित रह सकता है, लेकिन अगर यह पैटर्न मौसम के दौरान मजबूत हुआ, तो भारत में बारिश का वितरण बिगड़ सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि पूरे देश में एक जैसी सूखा जैसी स्थिति बनेगी, लेकिन कई हिस्सों में कमजोर बारिश, असमान बारिश और बुआई पर असर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार एक बड़ा अंतर यह है कि पॉजिटिव का मजबूत सहारा अभी साफ तौर पर डेवलप नहीं दिख रहा। बीते समय में कई बार अल-नीनो के असर को कुछ हद तक




संतुलित किया था। रिपोर्ट में पुराने अल-नीनो वर्षों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत में ऐसे मौसम चक्र आमतौर पर कम बारिश और खेती पर दबाव के साथ जुड़े रहे हैं। हालांकि हर अल-नीनो साल सूखे में नहीं बदला, लेकिन खरीफ उत्पादन, ग्रामीण आय और कृषि आधारित मांग पर असर का पैटर्न बार-बार दिखा है। अल-नीनो का प्रभाव सीधा और एक जैसा नहीं होता। कई बार मध्यम अल-नीनो ज्यादा नुकसान करता है, जबकि कभी मजबूत अल-नीनो का असर दूसरे फैक्टर्स से कम हो जाता है। फिर भी मौजूदा मॉडल यह इशारा दे रहे हैं कि वित्त वर्ष 2027 में जोखिम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। मौसम संबंधी रिपोर्ट का सबसे बड़ा फोकस एग्री-इनपुट सेक्टर पर है। अगर मॉनसून कमजोर रहता है, तो खरीफ बुआई घट सकती है, जिसके कारण किसानों की ओर से कीटनाशक, फसल सुरक्षा उत्पाद और कुछ फर्टिलाइजर्स की मांग धीमी पड़ सकती है। इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही गंभीर रूप से पड़ेगा। दरअसल पिछले दो-तीन वर्ष मानसून के लिहाज से बहुत ही सुखद रहे हैं। इस दौरान मानसून सीजन के दौरान औसत वर्षा का प्रतिशत 105 फीसद तक रहा। इससे फसलें अच्छी हुईं और खाद्य मुद्रास्फीति पर काफी तक नियंत्रण रहा। अगर सरकार ट्रंप के टैरिफ और युद्ध जैसे हालातों के बीच भी देश में आपूर्ति को सामान्य बनाये रखने में सफल हुई और अर्थव्यवस्था पर कोई खास असर भूराजनीतिक तनावों का नहीं पड़ा तो इसका एक बड़ा कारण यह है कि इस दौरान कृषि उत्पादन सामान्य या फिर बेहतर रहा। लेकिन जैसा की मौसम विज्ञान विभाग ने जून से सितम्बर के बीच चार महीनों में औसत वर्षा 92 फीसद रहने की बात कही है। यह दरअसल बीते बीस वर्षों में सबसे खराब अनुमान है। ऐसे में यह जरूरी है कि सरकार अभी से सूखे जैसी स्थितियों से निपटने के लिए अपने प्रयास तेज कर दे। क्योंकि पहले से अगर तैयारी पूरी होती है, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है, अन्यथा कम वर्षा बड़ा संकट बन जायेगी। उपज कम होने से देश में महंगाई बढ़ेगी साथ ही आर्थिक प्रगति भी मंद पड़ जायेगी।

---

**विचार**

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

# सूखते जलाशय, गहराता जल संकट





संजय श्रीवास्तव

ऐसा इस बार ही हो रहा हो ऐसा नहीं है। देश के तमाम जलाशयों का जलस्तर इस दौरान घटता है। केंद्रीय जल आयोग के ताजा आंकड़ों में यह घटा दिख रहा है तो आश्चर्य की क्या बात? क्या यह सांत्वनाकारी बात नहीं कि अभी पानी का स्टोरेज औसत और पिछले साल से बेहतर है? पिछली बार इस समय देश के तमाम जलाशयों का जलस्तर इससे भी कम था। पर इसके बावजूद केंद्रीय जल आयोग ने जब पिछले हफ्ते यह बताया कि देश के 166 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण कुल क्षमता के 45 फीसदी से भी कम हो गई है, देश के 8 प्रमुख जलाशय तो ऐसे हैं जहां पानी सामान्य का 50 प्रतिशत या उससे भी कम रह गया है, तो इस पर इतनी चीख पुकार क्यों? फरवरी की शुरूआत में देश के प्रमुख जलाशयों में उनकी जल भंडारण क्षमता का 66 प्रतिशत से अधिक पानी था 45 फीसद से नीचे आने का अर्थ यह हुआ कि मात्र दो महीनों में लगभग 22 फीसद की गिरावट आ गई। दरअसल गिरावट की यह तेजी ही चिंता का विषय है। खासतौर से जब भीषण गर्मी के तीन महीने अभी शेष हैं और मौसम विभाग के अनुसार मानसून के कमजोर रहने की आशंका है।

> केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट बताती है कि देश के सभी प्रमुख जलाशय तेजी से सूख रहे हैं। उनमें आधा पानी भी नहीं बचा है। गर्मी के तीन महीने अभी बाकी हैं और मानसून कमजोर रहने की आशंका के बीच इस आसन्न जल संकट से निबटने के लिये सरकार क्या कर रही है और उसे क्या करना चाहिये, यह सवाल बहुत आवश्यक है।

आंकड़े बताते हैं कि दक्षिण भारत में जलाशयों का स्तर मात्र 33 प्रतिशत ही रह गया है, उधर लगभग सभी नदियों के प्रवाह क्षेत्र अथवा रिवर बेसिन में पानी की मात्रा घटती जा रही है। कई नदी बेसिन 30-60 प्रतिशत के बीच हैं। गंगा, गोदावरी, नर्मदा जैसे बड़े बेसिन आधी क्षमता के आसपास हैं तो कृष्णा मात्र 31 प्रतिशत और कई तटीय बेसिन 25-35 फीसद के स्तर पर सिमट चुके हैं। पूर्वी तटीय नदियों में सिर्फ 25 प्रतिशत से थोड़ा ही ज्यादा, तो पश्चिमी तटीय नदियों में 35 प्रतिशत पानी ही बचा है। मानसून से पहले देश के जलाशयों और नदी बेसिनों में का तेजी से गिरता जलस्तर केवल मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि एक उभरते हुए संरचनात्मक जल संकट का संकेत है। इसका दुष्प्रभाव पेयजल तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि कृषि, ऊर्जा उत्पादन और पारिस्थितिकी तंत्र- सभी पर व्यापक प्रभाव डालेगा। 2001 में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1816 घन मीटर थी, जो 2011 में घटकर 1545 और ताजे आंकलन के तहत यही हाल रहा तो 2031 तक 1300 घन मीटर रह जाएगी। वर्तमान स्थिति और इस पेशेनगोई के मद्देनजर देश के नीति नियामकों को देखना होगा कि इस बहुआयामी संकट के मूल में क्या है?

## भविष्य की डरावनी चेतावनी को सुनें

गिरावट पूरे देश में समान रूप से हो रही है, लेकिन दक्षिण और पश्चिम भारत में इसका असर ज्यादा तेज है। कर्नाटक, तमिलनाडु में स्थिति शोचनीय होने के साथ पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह दशार्ता है कि जल संकट अब केवल सूखे क्षेत्रों तक सीमित नहीं बल्कि यह एक राष्ट्रीय संकट का रूप ले रहा है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो आने वाले महीनों में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पेयजल संकट तो सामने आयेगा ही खरीफ सीजन की तैयारी भी प्रभावित होगी जो कृषि संकट को जन्म देगी, जलविद्युत उत्पादन घटने से ऊर्जा संकट भी पैदा होगा। इसके अलावा पारिस्थितिक संतुलन भी प्रभावित होगा- नदियों का प्रवाह घटेगा, जैव विविधता पर असर पड़ेगा।

वेटलैंड्स प्राकृतिक जल संग्रहण हैं, उचित जल संरक्षण के अभाव में ये सूख रहे हैं। कारणों को समझते हुये इसके निवारण का उपाय करना होगा वह भी अतिशीघ्र वरना अगले कुछ महीनों में ही इस जल संकट का व्यापक प्रभाव दिखाई देगा और तब उस उसके लिये किये जाने वाले उपाय प्यास लगने पर कुंआ खोदने जैसी स्थिति पैदा करेंगे। यह ठीक है कि जनवरी-फरवरी 2026 में आपेक्षित वर्षा नहीं हुई, इस जल संकट की यह भी एक वजह है। वर्षा चक्र का यह असंतुलन जलाशयों की पुनर्भरण क्षमता को प्रभावित करता है पर यह केवल आंशिक कारण है। इसका सारा ठीकरा केवल मौसम पर फोड़ना ठीक नहीं, हमारा जल प्रबंधन भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं। अत्यधिक जल दोहन को रोकने के लिये हमारे उपाय बिल्कुल बे-असर हैं। सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों से पानी तो लगातार निकाला जा रहा है जबकि पुनर्भरण की व्यवस्था बेहद कमजोर है। जहां तक नदियों के प्रवाह क्षीण होने, उनके बेसिनों का क्षरण तथा उसमें कम पानी होने की वजह का सवाल है, उसके लिये जिम्मेदार हैं उनके कैचमेंट एरिया में वनों की कटाई, मिट्टी का कटाव और अनियोजित निर्माण।

इन सबने प्राकृतिक जल संचयन क्षमता को कम कर दिया है, इसके अलावा वेटलैंड्स और या आर्द्रभूमि तथा जलस्त्रोतों का अतिक्रमण हमारी शाश्वत राष्ट्रीय समस्या है। समूचे देश में कोई शहर, गांव इससे नहीं बचा है। विकास के नाम पर झीलों, तालाबों और आर्द्रभूमियों को या तो पाट दिया गया या उन्हें कंक्रीट संरचनाओं में बदल दिया गया। दिल्ली में एक उपरिपथ के आठ खंभे पर्यावरणीय नियमों कानूनों को धता बताते हुए तालाब के भीतर बना दिये गये, अदालत को दखल देना पड़ा। ऐसे उदाहरण अनंत हैं। इस तरह की कारगुजारियों, जमीन को सीमेंट कंक्रीट से ढकने के परिणामस्वरूप वर्षा का पानी जमीन में समाने की बजाय बहकर निकल जाता है। वाकई शहरीकरण और अवसंरचना निर्माण- सड़कों, इमारतों और सीमेंटेड सतहों ने प्राकृतिक जल चक्र को बुरी तरह बाधित किया है और इसका कोई व्योहारिक हल अभी तक तलाशा गया हो ऐसा सतह पर नहीं दिखता। वर्तमान स्थिति एक स्पष्ट चेतावनी है कि भारत जल संकट के उस मोड़ पर खड़ा है, जहां लापरवाही भविष्य को संकटग्रस्त बना सकती है। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज, उद्योग और नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। लेकिन पहल तो सरकार को ही करनी होगी। समाधान के लिये तात्कालिक उपायों के साथ संरचनात्मक दृष्टि से आवश्यक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी। इसके तहत जल उपयोग का तात्कालिक प्रबंधन को नए सिरे से समझते हुए सिंचाई में जल की प्राथमिकता तय करना तथा उद्योगों में जल उपयोग पर अस्थायी नियंत्रण लगाने के साथ शहरी जल आपूर्ति एवं अपव्यय के नियमन सख्त करने होंगे। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने के तहत हर शहर और गांव में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग लागू करना होगा, तो भवन निर्माण नियमों में भी जल के सीमित उपयोग पर सख्ती दिखानी होगी।

वेटलैंड और जलस्त्रोतों के संरक्षण, उनका अतिक्रमण हटाने, झीलों और तालाबों का पुनर्जीवन के लिए फिलहाल के उपाय सीमित दिखते हैं, सघन राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है। नदी बेसिन प्रबंधन हेतु कैचमेंट क्षेत्रों में वृक्षारोपण मिट्टी संरक्षण और भूजल पुनर्भरण योजनाएं तेज करनी होंगी। ज्यादा पानी इस्तेमाल करने वाली फसलों को कैसे रोकें देखना होगा। जलापूर्ति बढ़ाने के बजाय 'मांग' को नियंत्रित करने पर अधिक जोर देना तथा जल को आर्थिक और पर्यावरणीय संसाधन के रूप में देखने की प्रवृत्ति जल नीति में सुधार ला सकती है। जल उपयोग का डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम डेवलप करना होगा ताकि रियल-टाइम जलापूर्ति और संग्रह की मॉनिटरिंग संभव हो। यदि समय रहते जल संरक्षण, प्रबंधन और पुनर्भरण की दिशा में ऐसे ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 'सूखी नदियां और रीते जलाशय' भविष्य की स्थायी तस्वीर बन सकते हैं। हालांकि इस संकट को अवसर समझा जाए और ये उपाय कड़ाई तथा ईमानदारी से लागू किए जाएं तो देश एक टिकाऊ जल प्रबंधन मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

---

**सोशल मीडिया**

पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। स्पष्टवादी व्यक्तित्व, सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की आपकी राजनीति सदैव प्रेरणा-स्रोत रहेगी। अमित शाह.



# भविष्य की संभावनाएं

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तामन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है।

**अंतर्दृष्टि**

श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

# विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही शस्त्र हैं

**यूनेस्को ने 1995 में तय किया कि विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस हर साल 23 अप्रैल को मनाया जायेगा जो विलियम शेक्सपियर, इन्का गर्सिलासो डे ला वेगा और अन्य अनेक महान लेखकों का जन्म दिवस या फिर पुण्यतिथि है। शेक्सपियर का जन्म दिवस व पुण्यतिथि का दिन 23 अप्रैल ही है।**



विमर्श ● शाहिद ए चौधरी

किताबें खिड़की की तरह होती हैं, जिसमें से दिखायी देता है एक नया संसार। हर नये पृष्ठ के साथ किताबें परिचित कराती हैं- नये लोगों से, नई संस्कृतियों से और नये विचारों से। गांधीजी ने कहा, 'विचारों के युद्ध में पुस्तक ही शस्त्र है।' महात्मा के कथन ने किताबों में मेरी दिलचस्पी में वृद्धि की। ई-बुक्स के इस दौर में भी मुझे अच्छे कागज पर छपी, अच्छी जिल्द में बंधी, अच्छी किताब अपने हाथों में लेकर पढ़ना ही अच्छा लगता है। शायद मैं परम्परागत मूल्यों में यथास्थिति का पक्षधर हूं। मैं इससे विद्रोह भी नहीं करना चाहता, आदत जो बन गई है। लेकिन रील्स और शॉर्ट्स की आधुनिक चकाचैंध में गुम आज की पीढ़ी तो पाठ्य पुस्तक पर भी नेट के वीडियो लेक्चर्स को वरीयता देती है। वह किताब पढ़ने की बजाय ऑडियो-बुक्स को सुनना पसंद करती है। क्या पढ़ने और सुनने में समान एकाग्रता बनी रहती है और बराबर का ज्ञान मिलता है? मुझे नहीं लगता। युवा पीढ़ी ने किताबों को जिस अंदाज से बंद किया है (या खोला ही नहीं है) उस पर शम्स तबरेज का यह शेर- 'अजीब किस्म की उभरी थी शक्ल लफ्जों से/किताब बंद न करता तो डर गया होता।'

इस पृष्ठभूमि में यूनेस्को की कोशिश है कि लोग किताबों को खोलें, पढ़ें, उनमें अपनी दिलचस्पी बढ़ाएं और ज्ञानी बनें; क्योंकि किताबों से बढ़कर कोई दोस्त नहीं होता। किताबें पीढ़ियों के बीच में और संस्कृतियों के बीच में पुल का काम करती हैं। इसी तथ्य को मान्यता प्रदान करने के लिए यूनेस्को हर साल 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस मनाता है। 23 अप्रैल को ही क्यों चुना गया? जवाब के लिए बॉक्स देखिये। बहरहाल, हर साल इस जश्न को मनाने के लिए यूनेस्को व पुस्तक उद्योग के मुख्य सेक्टर्स- प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता व पुस्तकालय- का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन मिलकर विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। चुना हुआ शहर सभी आयु वर्गों और सभी समाजों में किताबों व पढ़ने को प्रोत्साहित करता है, न सिर्फ मेजबान देश में बल्कि पूरे विश्व में। यूनेस्को ने अब तक 26 विश्व पुस्तक राजधानियां घोषित की हैं, जिनकी शुरूआत 2001 में मेड्रिड, स्पेन से हुई थी और 2026 की राजधानी रबात, मराकश है। रबात में फोकस संस्कृतियों को जोड़ने में पुस्तकों की शक्ति पर होगा।

इस दिवस का उद्देश्य कॉपीराइट सुरक्षा को भी प्रोत्साहित करना है, जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है। भारत में कॉपीराइट सुरक्षा 1957 के कॉपीराइट कानून से संचालित होती है, जिसके तहत स्वतः ही मूल साहित्य, नाटक, संगीत व सिनेमाटोग्राफ फिल्म्स/साउंड रिकॉर्डिंग्स सुरक्षित हो जाती हैं। सुरक्षा के लिए पंजीकरण आवश्यक नहीं है, लेकिन विवाद की स्थिति में प्रथम दृष्टया साक्ष्य माना जाता है। सुरक्षा आमतौर से लेखक के जीवनकाल व अतिरिक्त 60 वर्षों तक लागू रहती है। यह 60 साल लेखक की मृत्यु के दिन से गिने जायेंगे। कानूनी साक्ष्य के लिए पंजीकरण करा लेना चाहिए, भले ही वह वैकल्पिक हो। इसके लिए अर्जी कॉपीराइट ऑफिस में देनी होती है। फोटोग्राफ,




फिल्म, साउंड रिकॉर्डिंग, अज्ञात व सरकारी कार्य का कॉपीराइट प्रकाशन के बाद 60 वर्षों तक रहता है। मालिकों को एक्सक्लूसिव अधिकार होता है अपने कार्य के पुनः प्रकाशन, कापियां जारी करने, परफॉर्म करने, अनुवाद करने या एडाप्ट करने का, इस कानून के सेक्शन 14 के तहत। कॉपीराइट उल्लंघन की स्थिति में दोनों दीवानी (मुआवजा) व आपराधिक सजा (6 माह से 3 वर्ष की कैद और जुमार्ना) की राहत का प्रावधान है। सेक्शन 52 के तहत कॉपीराइट उल्लंघन के अपवाद हैं जैसे निजी प्रयोग, शोध, आलोचना, समीक्षा या रिपोर्टिंग। चूंकि भारत बर्न कन्वेंशन का सदस्य है, इसलिए भारत अन्य सदस्य देशों के कार्यों की सुरक्षा करता है और भारत के कार्यों को विदेश में सुरक्षा मिलती है। गौरतलब है कि अमेरिका में 1 जनवरी 2026 से यह प्रावधान है कि जिन लेखकों का निधन 1956 से पहले हो चुका है उनके कार्य पब्लिक डोमेन में प्रवेश कर जायेंगे।

बहरहाल, 2026 के दिवस का फोकस पढ़ने व साक्षरता पर भी है, जिसमें पढ़ने के घंटे को भी प्राथमिकता दी गई है, आमतौर से शाम को 7 से 8 बजे तक। इसके अतिरिक्त इस बात पर भी गंभीर चर्चा हो रही है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की लेखकों के लिए प्रकाशन व कॉपीराइट सुरक्षा में क्या भूमिका होनी चाहिए। यह गंभीर विषय है और पेचीदा भी। एआई कॉपीराइट की परवाह किये बिना किसी के भी कार्य को सार्वजनिक करने की क्षमता रखती है, जिससे लेखकों व प्रकाशकों को नुकसान की आशंका रहती है। लेकिन एआई को नियंत्रित करना भी आसान नहीं है। फिर भी कोई न कोई रास्ता तो निकालना ही होगा, वर्ना केवल लेखन पर निर्भर लेखक सड़क पर आ जायेंगे। यूनेस्को ने विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस की स्थापना 1995 में की थी ताकि लेखकों को सम्मानित किया जा सके और पढ़ने, प्रकाशन व कॉपीराइट सुरक्षा को प्रोत्साहित किया जा सके। 23 अप्रैल की तिथि का चयन विशेष कारण से किया गया (देखें बॉक्स)।

यह विचार कैटलन परम्परा से प्रेरित है, जिसमें सेंट जॉर्ज दिवस पर गुलाबों और किताबों की अदला-बदली की जाती है यानी गुलाब दिये जाते हैं और पुस्तकें दी जाती हैं। संयोग से सेंट जॉर्ज दिवस भी 23 अप्रैल को ही पड़ता है। ज्ञात रहे कि यूनेस्को की जनरल कांफ्रेंस 1995 में पेरिस में हुई थी, जिसमें आधिकारिक तौरपर इस दिवस को मनाने की घोषणा वैश्विक साक्षरता को प्रोत्साहित करने और लेखकों को सम्मान देने के लिए की गई। पहला विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस 1996 में बासेलोना, स्पेन में मनाया गया। इसके बाद 2001 से किसी शहर को विश्व पुस्तक राजधानी के रूप में भी चुना जाने लगा। आज यह दिवस हर साल 100 से अधिक देशों में मनाया जाता है।

**23 अप्रैल को ही क्यों मनाया जाता है यह दिवस?**

विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस मानवीय रचनात्मकता, विचारों और ज्ञान को साझा करने की इच्छा के प्रतीक के रूप में मनाने का दिन है। सवाल यह है कि इस दिवस के लिए 23 अप्रैल को ही क्यों चुना गया? दरअसल, मूल विचार को सवर्तेस पब्लिशिंग हाउस, बासेलोना के निदेशक विसंते क्लावेल ने 1922 में पेश किया था ताकि लेखक मिगेल डे सवर्तेस को सम्मानित किया जा सके और पुस्तकों की बिक्री में वृद्धि की जा सके। इस दिवस का सबसे पहले जश्न स्पेन में 7 अक्टूबर 1926 को मनाया गया, जोकि सवर्तेस का जन्मदिन है। फिर इसे 1930 में सवर्तेस की बरसी 23 अप्रैल पर शिफ्ट कर दिया गया। केटालोनिया में संयोग से 23 अप्रैल को ही सेंट जॉर्ज दिवस मनाया जाता था। पुस्तक दिवस को संत के उत्सव में मिला दिया गया जिससे इसकी ख्याति में इजाफा हुआ और इसे 'द डे ऑफ बुक्स एंड रोजेज' कहा जाने लगा। यूनेस्को ने 1995 में तय किया कि विश्व पुस्तक व कॉपीराइट दिवस हर साल 23 अप्रैल को मनाया जायेगा जो विलियम शेक्सपियर, इन्का गर्सिलासो डे ला वेगा और अन्य अनेक महान लेखकों का जन्म दिवस या फिर पुण्यतिथि है। शेक्सपियर का जन्म दिवस व पुण्यतिथि का दिन 23 अप्रैल ही है।

## आप की बात

### ऊर्जा एफिसिएंसी बढ़ायें

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### वहनों की रफ्तार

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रेसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे आदि पर दुर्घटनाएं आम बात हो गयी हैं।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

रूदौली-अयोध्या। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के द्वितीय चरण में गुरुवार को रूदौली क्षेत्र के नगर में स्थित आदर्श इंटर कालेज में सीओ रूदौली आशीष निगम ने छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहाकि यह मिशन नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और कहा कि कोई भी समस्या होने पर पुलिस की मदद निर्भीकता से मांगे ।कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता ने छात्राओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), वीमेन पावर लाइन (1090), वीमेन हेल्पलाइन (181), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), साइबर हेल्पलाइन (1930), चाइल्ड लाइन (1098), स्वास्थ्य व एम्बुलेंस सेवा (102/108) और अग्निशमन सेवा (101)की जानकारी दी ।वही प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए समाज का समग्र विकास सम्भव नही है।

# बीएसए ने परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या लालचंद ने शुक्रवार को अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों की कम उपस्थिति खराब साफ-सफाई और शिक्षण व्यवस्था में लापरवाही सहित कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। कम्पोजिट विद्यालय तिन्दौली में कुल 136 नामांकित छात्रों में से केवल 36 उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय इंचार्ज प्रधानाध्यापक कक्षा के बाहर बैठे पाए गए, जबकि छात्र कक्षा में थे। विद्यालय में शौचालय और हैंडवॉशिंग यूनिट अक्रियाशील पाई गईं। तीन स्मार्ट क्लास में से केवल एक ही संचालित था और समय-सारणी व कार्य विभाजन भी निर्धारित नहीं था। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय कटघरा में 30 नामांकित छात्रों में से मात्र 10 उपस्थित थे। आरटीई मानकों के अनुसार नामांकन संख्या काफी कम पाई गई, जिस पर कम से कम 50 नए नामांकन कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में साफ-सफाई की स्थिति खराब थी, और शौचालय व हैंडवॉशिंग यूनिट भी उपयोग योग्य नहीं थे। यहां एक शिक्षामित्र बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं, जिनका एक दिन का मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है ।उच्च प्राथमिक विद्यालय कटघरा में भी 27 नामांकित छात्रों में से केवल 10 छात्र उपस्थित मिले। हालांकि, यहां शिक्षक शिक्षण कार्य करते पाए गए, लेकिन शौचालय गंदा था और परिसर में साफ-सफाई की कमी दिखी। छात्र उपस्थिति और नामांकन की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। निरीक्षण के आधार पर, संबंधित प्रधानाध्यापकों और इंचार्जों को सभी कमियों को शीघ्र सुधारने और एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अतिरिक्त, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज को क्षेत्र के सभी विद्यालयों का सघन निरीक्षण करने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने और शासन की योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- **छात्रों की कम उपस्थिति, खराब सफाई पर मांगा स्पष्टीकरण**

# दो लेन पर यातायात चालू



**अयोध्या।** श्री राम की नगरी अयोध्या में यातायात सुधार की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उ.प्र. राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा मोदहा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की चार लेन (फोरलेन) परियोजना में से दो लेन पर यातायात खोल दिया गया है, जबकि शेष दो लेन पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे जून महीने तक पूरा कर चालू कर दिया जाएगा। काबिलेगौर है कि योगी सरकार में अयोध्या में यातायात व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जा रहा है। हाल ही में अभी हल्कारा का पुरवा में बने ओवरब्रिज की भी दो लेन चालू की गई थी ।मोदहा आरओबी चार लेन का आधुनिक ओवरब्रिज शहरवासियों और श्रद्धालुओं के लिए ट्रैफिक जाम से स्थायी राहत प्रदान करेगा। मोदहा आरओबी की कुल लंबाई साढ़े छह सौ मीटर (650 मीटर) है ।इसमें रेलवे का हिस्सा लगभग 72 मीटर का है। पूरा ओवरब्रिज फोर लेन का बनाया गया है, जो भारी वाहनों सहित सभी प्रकार की यातायात को सुगमता से संभाल सकेगा। इस परियोजना पर लगभग 155 करोड़ रुपये की लागत आई है। निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके पूरा किया गया है, ताकि दीर्घकालिक मजबूती सुनिश्चित हो सके। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि यह परियोजना अयोध्या को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मोदहा आरओबी के पूर्ण रूप से चालू होने के बाद अयोध्या की सड़क व्यवस्था और अधिक मजबूत हो जाएगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ।यह ओवरब्रिज अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पास स्थित मोदहा रेलवे क्रॉसिंग पर बनाया गया है। पहले यहां रेलवे समपार पर लगने वाले लंबे जाम से स्थानीय लोगों, पर्यटकों और 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती थी। खासकर राम मंदिर दर्शन करने वाले लाखों भक्तों और अयोध्या आने वाले वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती थी।

# एसपी ने पुलिस लाइन परेड का किया निरीक्षण



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण करते हुए समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। परेड के दौरान अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई गई ।परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए गार्द कमांडरों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# अयोध्या मंडल के 17,887 स्कूल आईएसवीएमपी पोर्टल से जुड़े, हजारों का डेटा ऑनबोर्ड

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रही है। स्कूल वाहनों की निगरानी के लिए लागू इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मॉनिटरिंग पोर्टल (आईएसवीएमपी) के जरिए अयोध्या मंडल में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से स्कूल वाहनों को पूरी तरह सुरक्षित और मानक अनुरूप बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है ।अयोध्या मंडल में कुल 17,887 स्कूलों का पंजीकरण स्कूल वाहन एप पर कराया जा चुका है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इनमें से 4,516 स्कूलों का डेटा पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया जा चुका है, जबकि 3,803 स्कूलों का निरीक्षण भी विभागीय टीमों द्वारा पूरा किया जा चुका हैं ।अधिकारियों के मुताबिक शेष स्कूलों का डेटा अपलोड और निरीक्षण कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है, ताकि कोई भी स्कूल इस निगरानी तंत्र से बाहर न रह सके। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गयाआईएसवीएमपी स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला कदम माना जा रहा है। यूपीआईएसवीएमपी डाट काम के माध्यम से स्कूलों को अपने वाहनों, चालकों और संबंधित दस्तावेजों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होता है। इस पोर्टल पर 18 प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाती हैं, जिनमें वाहन नंबर,फिटनेस सर्टिफिकेट,बीमा विवरण,चालक का नाम,ड्राइविंग लाइसेंस नंबर,मोबाइल नंबर जैसी सूचनाएं शामिल हैं ।इससे प्रशासन को हर वाहन की पूरी जानकारी एक क्लिक में मिल जाती है, जिससे अनफिट और अवैध वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाया है। स्कूल वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आईएसवीएमपी पोर्टल के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि केवल फिट, बीमित और मानक अनुरूप वाहन ही सड़कों पर चलें और बच्चों को स्कूल ले जाएं ।परिवहन विभाग की टीमों द्वारा लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान वाहनों की फिटनेस, फायर सेफ्टी, दस्तावेजों की वैधता और चालक की पात्रता की गहन जांच की जा रही है। जिन स्कूलों में कमियां पाई जा रही हैं, उन्हें तत्काल सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ॠतु सिंह ने अपर मुख्य सचिव परिवहन व परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में स्पष्ट कहा आईएसवीएमपी पोर्टल के माध्यम से स्कूली वाहनों की निगरानी अब पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल हो गई है। सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों और चालकों का पूरा विवरण समय से पोर्टल पर अपलोड करें। जिन संस्थानों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाएगा। बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

# एडीएम/जिला जनगणना अधिकारी ने किया जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण



**बाराबंकी।** जनपद में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व प्रमुख जनगणना अधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी निरंकार सिंह ने तहसील रामनगर स्थित प्रशिक्षण स्थल सहित अन्य केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति, तकनीकी व्यवस्था एवं प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों की विस्तार से समीक्षा की। तथा सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझकर ही फील्ड में कार्य करने को लेकर निर्देशित किया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। तहसील फतेहपुर में 360 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को 18 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

तहसील सिरौलीगौसपुर, रामसनेहीघाट, हैदरगढ़, रामनगर एवं नगर पालिका नवाबगंज में कुल 1487 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को 58 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षण में हाउस लिस्टिंग, मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग, डेटा एंट्री प्रक्रिया, सत्यापन एवं फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसकी सतत मॉनिटरिंग सहायक निदेशक जनगणना अजय सिंह भारती एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा की जा रही हैं। ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित बनी रहे। विशेष रूप से इस जनगणना में पहली बार नागरिकों को स्वगणना का अवसर प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत नागरिक दिनांक 7 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित पोर्टल पर लॉगिन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

- **डिजिटल तकनीक से पारदर्शी व त्रुटिरहित जनगणना का लक्ष्य, पहली बार स्वगणना की सुविधा**

## नगर पंचायत कुमारगंज में तीन नामित सभासदों ने ली शपथ



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज नगर पंचायत में शासन द्वारा नामित तीन नए सदस्यों अरुण गोस्वामी, अमरेंद्र मौर्य और अनित सिंह को उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने नगर पंचायत कार्यालय सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी रहे। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी नव-नामित सभासदों को एक नई जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि तीन नए सभासदों के नामित होने से नगर पंचायत को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने नव-नामित सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कर्तव्य मार्ग पर डटे रहें और पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने यह भी कहा कि कर्तव्यनिष्ठा का यह संस्कार हमें प्रारंभिक शिक्षा से ही मिलता है ।उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में 74वें संविधान संशोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय स्वशासन के तहत नगर निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आप सभी को इस व्यवस्था में कार्य करने के लिए नामित किया गया है, जो एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शपथ के अनुरूप सत्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले सभासदों की संख्या 13 थी, लेकिन तीन नए नामांकन के बाद अब कुल संख्या बढ़कर 16 हो गई है ।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह ह्यछोटूह्व शामिल नहीं हो सके। संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वे आवश्यक कार्य से बाहर हैं। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमानीगंज से ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष नेता राजेश सिंह, , पूर्व प्रधान बलवंत सिंह, संजय तिवारी सहित कई सभासद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## माडिफाइड साइलेंसर से बजाते थे पटाखे,27 बुलेट वाहनो के चालान,भारी जुर्माना



**बाराबंकी।** तेज पटाखे की आवाज निकाल ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ यातायात प्रभारी रामयतन यादव, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने पटेल तिराहे सहित विभिन्न मार्गो पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बुलेट चालकों को साइलेंसर के पास खड़ा कर तेज आवाज में गाड़ी से पटाखे की आवाज निकाली गई। जिसके बाद वाहन चालकों ने नियम का उल्लंघन न करने की बात कही।

तो वहीं दर्जनों साइलेंसरो को तत्काल उतरवाते हुए 6 वाहनो के चालान किये गये।

तो वही यात्री मालकर अधिकारी ने पल्हरी चौराहा, रामनगर तिराहा सहित अन्य मार्गो पर 21 बुलेट चालको व 6 प्रेशर हार्न लगे वाहनो के चालान किये। तथा चालको को दोबारा मिलने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी।

- **एआरटीओ, पीटीओ व टीआई की संयुक्त टीम ने चलाया विशेष अभियान**

# डॉ. अंबेडकर सम्मान अधिकार कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता




**बहराइच ।** जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र के मोतीपुरवा बजरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल संविधान निर्माण ही नहीं किया, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया ।विधायक ने कहा, ह्लआज जरूरत है कि हम बाबा साहब के विचारों को केवल जयंती और कार्यक्रमों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारें। शिक्षा ही वह सबसे बड़ा माध्यम है, जो समाज में समानता और सशक्तिकरण ला सकती है।

जब तक हर वर्ग शिक्षित और जागरूक नहीं होगा, तब तक वास्तविक सामाजिक न्याय संभव नहीं है ।ह्वउन्होंने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के हर वर्ग तक विकास की योजनाएं पहुंचे और किसी के साथ भेदभाव न हो। ह्लहमारा प्रयास है कि गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचें, ताकि हर व्यक्ति सम्मानजनक जीवन जी सके,ह्व उन्होंने कहा।

विधायक सुभाष त्रिपाठी ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के विचारों को अपनाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनें और सामाजिक समरसता को मजबूत करें ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कमला देवी,जिला मंत्री हरेन्द्र विक्रम सिंह,निशंक त्रिपाठी,आनन्द पाण्डेय, शिवकुमार चौधरी, सुरेश पासवान, नकछेद पासवान, हरिकेश भास्कर, ननके पासवान, राम किशुन कन्नौजिया,दद्दू ,राम चरन गौतम एवं अर्जुन गौतम, रंजीत चौहान हिरंजन चौहान अध्यक्ष रामनिवास निषाद,जिला पंचायत सदस्य लल्लन पाण्डेय,जगजीवन गौतम,शिवकुमार तिवारी,राम ?कुमार कोरी,चन्द्र मणि ? मिश्र माधवरा शुक्ला संजीव तिवारी ननके पासवान अवसान गिरी राजू सिंह फुलेराज चौहान, दिनेश सिंह वीरेंद्र वर्मा विजय शंकर द्विवेदी उपस्थित रहे।

- **भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी रहे मुख्य अतिथि**

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जागरुकता कार्यशाला का आयोजन




**बाराबंकी।** महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम हेतु जागरुकता कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन जमील उर रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे हब फॉर एम्पांवरमेंट प्रभारी मीना पाल ने लैंगिक अपराध अधिनियम 2012, बाल सेवा योजना सामान्य, बाल विवाह के बारे में जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट रुचि शर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी। वन स्टाफ सेंटर मैनेजर योग्यता शुक्ला ने वन स्टाफ सेंटर के बारे में एंव चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी अमित कुमार ने मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए 1098 के बारे में जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकारी जूही सिंह ने महिला हेल्पलाइन 181, 1090, एंबुलेंस सेवाएं 102, 108, साइबर सेल 1930 टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर अवधेश कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है। उनके विकास के बारे में चिंतन करना तथा कुछ ठोस प्रयास करना देश की जिम्मेदारी है ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सदा फातिमा, अमित कुमार, नेहा सिंह, पैरामेडिकल नर्स शिव कुमारी मौजूद रहे।

## मृदा परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहपुर, बाराबंकी।** नैनो क्लस्टर विलेज बेलहरा में मृदा परीक्षण कार्यक्रम का इफको क्षेत्र प्रबंधक राजकुमार ने किसानो को मृदा परीक्षण, खेत से मिट्टी का नमूना लेने के वैज्ञानिक तरीका, नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं महत्व, आने वाली खरीफ की फसलों में नैनो उर्वरक की प्रयोग विधि के बारे मे जानकारी दी। तथा किसानों को खेत ले जाकर मिट्टी नमूना लेने की विधि बताई। कार्यक्रम में कृषि स्नातक प्रशिक्षु यज्ञत सिंह सहित कुल 55 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा



**बाराबंकी।** स्वर्गीय चंद्रशेखर इकलौते नेता थे। जिन्होंने प्रधानमंत्री की कुर्सी पर आसीन होने के बाद बहुत कम समय में देश की तमाम समस्याओं का निराकरण कराया। चन्द्रशेखर केवल एक महान नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा और युग के प्रतीक थे। उक्त उद्गार पूर्व प्रधानमंत्री स्वः चन्द्रशेखर की 100वी जंयती पर गांधी भवन मे आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे समता ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरान्त व्यक्त किये। श्री शर्मा ने कहा कि हम लोगों की राय है कि जनपद में चन्द्रशेखर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए राज्य सरकार एक खेल-कूद का मैदान और चन्द्रशेखर की प्रतिमा के साथ-साथ उनका स्मारक बनवाया जाए। कांग्रेसी नेता शिवशंकर शुक्ल और सभासद मो0 फैसल ने राज्य सरकार से उक्त भूमि पर उनका भव्य स्मारक बनवाने की मांग की।

## नये एआरटीओ ने संभाला पदभार, यातायात सुधार पर दिया जोर



**बहराइच।** जनपद बहराइच में नव नियुक्त सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सुशील कुमार ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा ।एआरटीओ सुशील कुमार ने कहा कि जिले में संचालित सभी डग्गामार (अनियमित) वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कोई भी वाहन बिना नियमों का पालन किए सड़कों पर संचालित नहीं हो सकेगा। साथ ही, स्कूलों में चलने वाले वाहनों को भी निर्धारित मानकों और सुरक्षा नियमों के अनुरूप ही संचालन की अनुमति दी जाएगी ।उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर स्कूल वाहनों और अन्य व्यावसायिक वाहनों की जांच की जाएगी, ताकि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।एआरटीओ ने यह भी कहा कि आम नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है ।इसके लिए यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके ।नए एआरटीओ के पदभार ग्रहण करने के बाद जनपद में यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## बाइक में लगी आग, युवक की जलने से मौत



**बहराइच।** नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह बाइक व टेम्पो की टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनो वाहन सड़क के नीचे गिर गए। इस दौरान बाइक में आग लगने से उस पर सवार युवक झुलस गया ।सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित सोमईगौढ़ी निवासी राजेश कुमार (35) रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण देने जा रहे थे जब वो नानपारा लखीमपुर मार्ग पर स्थित कुड़वा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे सी एन जी टेंपो से उनकी टक्कर हो गई। जिसके बाद बाइक में आग लगने से वो बुरी तरह झुलस गए, सूचना पर मोतीपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाकर घायल युवक को इलाज के लिए मोतीपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर उसकी मौत हो गई थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हाथ-पैर बांधकर भाभी की कुल्हाड़ी से हत्या

**बहराइच।** जिले के मुर्तिहा इलाके में स्थित धर्मपुर गांव में बृहस्पतिवार देर रात एक युवक ने अपनी सगी भाभी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद वो मौके से फरार हो गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से मृतका से रुपयों की मांग कर रहा था ।आरती देवी उम्र 32 वर्ष के पति की एक साल पूर्व सड़क हादसे में मौत हो चुकी है ।कुछ दिन पूर्व मृतका को दुर्घटना बीमा का क्लेम मिला था जिसके बाद से उसका देवर दिनेश लगातार उससे पैसों की मांग कर रहा था ।देर रात भी वो घर पर रुपए मांगने पहुंचा इस दौरान महिला के मना करने पर उसने आरती के हाथ पैर बांधकर उसकी कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर मौके से फरार हो गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस वारदात के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।

## संक्षेप

### बजाज पल्सर एन 160 नयी कीमत पर उपलब्ध

नयी दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर एन 160 सिंगल सीट यू एस डी वेरिएंट के लिए विशेष कीमत की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल अब 1,20,300 की नई कीमत पर उपलब्ध है, जिसमें लगभग 5,200 रूपए की कमी की गई है। यह कदम स्पोर्ट्स मोटरसाइक्लिंग को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने की बजाज ऑटो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमारा उद्देश्य हमेशा से भारत के युवाओं के लिए हाई-परफॉर्मेंस मोटरसाइक्लिंग को आसान बनाना रहा है। पल्सर एन 160 सिंगल सीट यू एस डी वेरिएंट की नई कीमत के साथ हम और बेहतर वैल्यू दे रहे हैं, यह मोटरसाइकिल अब 1,20,300 की नई कीमत पर लखनऊ में उपलब्ध हैं। परफॉर्मेंस, कंट्रोल और प्रीमियम हार्डवेयर से कोई समझौता किए बिना, जो इस ब्रांड की असली पहचान हैं। गोल्डन यू एस डी फोर्क्स और शार्प स्ट्रीट प्रेजेंस के साथ एन 160 का सिंगल सीट वेरिएंट पल्सर की डेफिनिटली डेरिंग भावना को पूरी तरह दर्शाता है।

### बजाज ऑटो ने लॉन्च किया बजाज वेगो

नयी दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपने ब्रांड बजाज वेगो के तहत इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर्स के पोर्टफोलियो के लॉन्च की घोषणा की। पैसेंजर और कार्गो सेगमेंट में कई वेरिएंट्स के साथ बजाज वेगो अब 3-व्हीलर सेगमेंट में भारत का सबसे बड़ा ब्रांड बन गया है। ह्लबजाज वेगो के साथ हम एक ही ब्रांड के तहत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की सबसे व्यापक रेंज पेश कर रहे हैं। हर उत्पाद को अलग-अलग ग्राहक वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पी50 सीरीज भीड़भाड़ वाले शहरी इलाकों में लगातार उपयोग के लिए उपयुक्त है, बजाज वेगो ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों के अनुसार सही विकल्प देकर थ्री-व्हीलर सेगमेंट में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है।

### डिग्री नहीं, भविष्य चुनने का मिलेगा मौका

लखनऊ। कल की दुनिया सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री की बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार करें। जैन यूनिवर्सिटी लेकर आ रही है ऐसे कोर्सेज, जो आपके करियर को देंगे एक उम्मीद। आज की मांगः डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और मॉडर्न मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर की नई ऊंचाइयों को छुएं। इंडस्ट्री से सीधा जुड़ावः ऐसा पाठ्यक्रम जो स्टंट थ्योरी से आगे बढ़कर आपको रियल-वर्ल्ड प्रोफेशनल चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

### अक्षय तृतीया को फोनपे से खरीद सकते है 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड

नई दिल्ली। इस पावन अक्षय तृतीया पर अब सोना खरीदना पहले से भी आसान हो गया है। फोनपे के जरिए आप घर बैठे ही 99.99% शुद्ध 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से खरीद सकते हैं। फोनपे प्लेटफॉर्म पर आपको भरोसेमंद कंपनियों जैसे एमएमटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरटलेन का गोल्ड मिलता है, जो पूरी तरह शुद्धता प्रमाणित होता है। इसकी खास सुविधा है कि गोल्ड की पेमेंट के कई विकल्प हैं जैसे यूपीआई, यूपीआई लाइट, कार्ड, वॉलेट, गिफ्ट कार्ड। इसके अलावा, एक बार में गोल्ड खरीद सकते हैं या रोजाना या मासिक एसआईपी के जरिए धीरे-धीरे निवेश कर सकते हैं, जिससे आप लंबे समय के लिए बचत कर सकते हैं। मात्र 10 रुपए से गोल्ड खरीदना शुरू सकते हैं। कभी भी अपना गोल्ड बेच सकते हैं। बेचने के बाद पैसा सीधे बैंक खाते में आ जाता है। भारत में लाखों लोगों ने फोनपे पर 24 कैरेट शुद्ध सोना खरीदा है।

### विप्रो का शेयर में तीन प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो का शेयर शुक्रवार को लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। कंपनी ने शेयर में यह गिरावट मार्च तिमाही के कमजोर नतीजों और सीमित वृद्धि अनुमान के बाद दर्ज की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी- मार्च तिमाही में 3,501.8 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि की तुलना में 1.89 प्रतिशत कम है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 2.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 204.35 रुपये पर बंद हुआ।

# सेंसेक्स में 505 अंकों की उछाल



मुंबई। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही। शुक्रवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा और टाइटन के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुझान देखा गया। पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 2.57 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.19 प्रतिशत, बिजली खंड में 1.95 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,043 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1284 शेयरों में गिरावट रही और 166 अन्य अपरिवर्तित रहे। घरेलू बाजार पश्चिम एशिया संकट के समाधान की बढ़ती उम्मीद और एफआईआई के फिर से लिवाल बन जाने से बढ़त के साथ बंद हुए।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा।

इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की तेजी या गिरावट के प्रभाव को भी शामिल किया जाता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 60.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 121.34 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति 4.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.85 अरब डॉलर रही।



## सरकार की कंपनी कानून के तहत विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने की योजना

नयी दिल्ली। कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करने के बाद कंपनी कानून के तहत फॉर्म को एकीकृत करने सहित विवरण दाखिल करने की रूपरेखा को युक्तिसंगत बनाने की योजना बना रहा है। इसके तहत विभिन्न दस्तावेजों के एकीकरण सहित अन्य सुधारों पर विचार किया जा रहा है।

मंत्रालय ने यह पहल हितधारकों से सुझाव लेने के बाद शुरू की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) के माध्यम से विभिन्न शहरों में संबंधित पक्षों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसका उद्देश्य कॉरपोरेट अनुपालन ढांचे में सुधार करना है। मंत्रालय ने कहा कि इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में विवरण जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना, विभिन्न फॉर्म का एकीकरण, डेटा आधारित प्रणाली की ओर बढ़ना, सीधे प्रसंस्करण प्रणाली (एसटीपी) का विस्तार करना और एमसीए21 संस्करण 3 के तहत ऐसे उपयोगकर्ता संपर्क माध्यम को अपनाना है जिसमें जानकारी पहले से भरी हो और उपयोगकर्ता आसानी से संवाद के माध्यम से विवरण भर सके। संबंधित पक्ष 15 मई तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे मजबूत

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 29 पैसे मजबूत होकर 92.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच वैश्विक स्तर पर सकारात्मक धारणा से घरेलू मुद्रा में मजबूती आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी से भी रुपये पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 92.93 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.65 के उच्च स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 92.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में 29 पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को 19 पैसे की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार के कारण रुपये में मजबूती आई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी और सुरक्षित निवेश की मांग घटने से डॉलर कमजोर हुआ है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट आई है। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत के दूसरे दौर और इजराइल-लेबनान के बीच संघर्षविराम की उम्मीदों से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 92.50 से 93.20 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.90 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.18 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत देने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है और आपूर्ति बाधाओं की चिंता कम हुई है।

घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी देखी गई। सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 78,493.54 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने 382.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## आरबीआई ने वीआरआरआर नीलामी से दो लाख करोड़ रुपये की नकदी निकाली

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सात दिन की परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली से 2,00,031 करोड़ रुपये की नकदी को अस्थायी रूप से वापस ले लिया।

केंद्रीय बैंक को इस नीलामी में दो लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,28,098 करोड़ रुपये की अधिक बोलियां मिलीं। आरबीआई ने 5.24 प्रतिशत की कट-ऑफ दर और 5.23 प्रतिशत की भारित औसत दर पर बोलियों को स्वीकार किया। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी संतुलित करने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है। वर्तमान में बैंकिंग प्रणाली में लगभग 4.09 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मौजूद है। इससे पहले, 10 अप्रैल को भी आरबीआई ने इसी अवधि की वीआरआरआर नीलामी के जरिए 2,00,041 करोड़ रुपये की नकदी वित्तीय प्रणाली से निकाली थी, जो अब प्रणाली में वापस आ गई है। आम तौर पर हर महीने की 20 तारीख के आसपास जीएसटी भुगतान होने के कारण वित्तीय प्रणाली से नकदी निकल जाती है।

# चांदी 5700 रुपये और सोना 1600 रुपये गिरा

नयी दिल्ली। घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1600 रुपये यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 156,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा। युद्धविराम के बाद के घटनाक्रम पर सप्ताहांत आने वाली जरूरी जानकारी से पहले बाजार के सतर्क रहने की वजह से सोना सीमित दायरे में रहा और कीमतों में नरमी रही। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, सोना के सीमित दायरे में रहने की संभावना है, जिसमें उतार-चढ़ाव का रुझान रहेगा। और सप्ताहांत के किसी भी घटनाक्रम पर तेजी से प्रतिक्रिया करेगा। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना थोड़ा घटकर 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 79.28 डॉलर प्रति औंस हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 58 अरब डॉलर रहा था, जबकि 2023-24 में यह 45.54 अरब डॉलर और 2022-23 में 35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2025-26 में मात्रा के हिसाब से सोने का आयात 4.76 प्रतिशत घटकर 721.03 टन रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 757.09 टन था। इसी तरह, चांदी का आयात बीते वित्त वर्ष में लगभग 150 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया। मात्रा के लिहाज से यह 42 प्रतिशत बढ़कर 7,334.96 टन रहा। इन कीमती धातुओं के आयात में वृद्धि से देश का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 333.2 अरब डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आयात मूल्य बढ़ा है, जबकि मात्रा में गिरावट आई है। सोने के आयात की कीमत वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 99,825.38 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गई।



# सरकार ने 2025-26 में 55200 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2025-26 के दौरान 55,200 से अधिक संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत के बाद से एक साल में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की यह सबसे अधिक संख्या है। इस पहल की शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को एक कार्य योजना के साथ की गई थी, जिसमें नवोन्मेष को पोषण देने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और देश भर में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए योजनाएं और प्रोत्साहन शामिल थे। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 31 मार्च तक 2.23 लाख को पार कर गई है। मंत्रालय ने कहा कि इन फर्मों ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं। मंत्रालय ने कहा, सरकार ने 2025-26 के दौरान 55,200 से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी है, जो स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत के बाद से एक साल में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की सबसे अधिक संख्या है। सरकार फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप जैसी प्रमुख योजनाओं के जरिये स्टार्टअप का समर्थन कर रही है। इसके तहत विभिन्न चरणों में वित्तीय सहायता दी जाती है। एफएफएस के तहत 2025-26 के अंत तक 135 से अधिक वैकल्पिक निवेश कोषों को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए गए हैं, जिन्होंने आगे।,420 से अधिक स्टार्टअप में 26,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इस पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को अधिसूचित किया है। स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना का 2025-26 में विस्तार किया गया है, ताकि प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किया जा सके। वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक।,250 करोड़ रुपये से अधिक के 410 से अधिक ऋणों की गारंटी दी गई है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत 219 इनक्यूबेटर का चयन किया गया है।

## पेज एक का शेष

### ईरान ने

शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। यदि यह युद्धविराम कायम रहता है तो इससे ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच कई हफ्तों से जारी विनाशकारी युद्ध के बाद, युद्धविराम को आगे बढ़ाने के प्रयासों को बल मिल सकता है। इस युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं और इसके कारण तेल की आपूर्ति बाधित हुई है जिसने वैश्विक बाजारों को अस्त-व्यस्त कर दिया गया। ईरान के साथ युद्ध शुरू होते ही हिजबुल्ला ने इजराइल पर गोलीबारी शुरू कर दी थी। इजराइल की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, बृहस्पतिवार रात तक उसने उत्तरी इजराइल के समुदायों को निशाना बनाकर हमले जारी रखे जिनमें कम से कम आठ लोग घायल हुए। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। युद्धविराम लागू होने से कुछ ही देर पहले उत्तरी इजराइल के कुछ इलाकों में हवाई हमले के सायरन सुने गए। इजराइल की सेना ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि वह हिजबुल्ला के कई रॉकेट लॉन्चर पर हमला कर रही है।

### प्रदेश में नयी

रुपये मासिक न्यूनतम मजदूरी तय की गई है। द्वितीय श्रेणी में नगर निगम वाले अन्य जिलों को शामिल किया गया है, जहां अकुशल श्रमिकों के लिए 13,006 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 14,306 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,025 रुपये निर्धारित किए गए हैं। वहीं तृतीय श्रेणी में शेष जिलों को रखा गया है, जहां मजदूरी दरें क्रमशः 12,356 रुपये, 13,590 रुपये और 15,224 रुपये तय की गई हैं। इन सभी दरों में मूल वेतन के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) शामिल है। दरअसल, वर्ष 2019 और 2024 में प्रस्तावित मजदूरी संशोधन लागू नहीं हो पाए थे, जिसके चलते यह अंतर बढ़ता गया। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर लंबित पुनरीक्षण को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। सरकार का कहना है कि यह निर्णय न केवल श्रमिकों को राहत देने के लिए है, बल्कि औद्योगिक शांति बनाए रखने और उत्पादन चक्र को सुचारु रखने के लिए भी आवश्यक है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि नई दरें लागू होने के बाद श्रमिकों के हितों में किसी प्रकार की कटौती या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय उस समय लिया गया जब श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच वेतन वृद्धि को लेकर गतिरोध की स्थिति बनी और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होने लगीं। श्रमिकों का कहना था कि बढ़ती महंगाई और किराए के दबाव के कारण जीवनयापन कठिन हो गया है, जबकि नियोक्ताओं ने वैश्विक आर्थिक दबाव, बढ़ती लागत और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं का हवाला दिया।

### नोएडा श्रमिक

संविदाकारों की भी पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि श्रमिकों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर श्रमायुक्त ने यह जानकारी भी दी कि श्रमिकों की वेतन वृद्धि को लेकर उत्पन्न असंतोष के बाद शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी, जिसका भुगतान मई माह की 7 से 10 तारीख के बीच किया जाएगा। नई दरें संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर समान रूप से लागू होंगी। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त कोई अन्य कटौती अनुमन्य नहीं होगी। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से, साथ ही बोनस और ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। वेतन भुगतान में देरी या कम भुगतान की स्थिति में संविदाकारों के साथ-साथ उनके प्रधान सेवायोजकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से जारी गाइडलाइंस एवं श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन वृद्धि का अनुपालन जनपद की औद्योगिक इकाइयों की तरफ से किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। जनपद के विभिन्न उद्यमी संगठन शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। संगठनों की ओर से औद्योगिकी इकाइयों से व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से संदेश, ऑडियो एवं वीडियो प्रसारित कर शासन की गाइडलाइंस तथा न्यूनतम वेतन वृद्धि के अनुपालन को सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है। उद्यमी संगठनों द्वारा किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

### लोकसभा में

सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पर मत विभाजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। तीनों विधेयकों पर सदन में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को चर्चा हुई तथा गृह मंत्री अमित शाह ने आज अपने जवाब में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और उन्हें महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो पाने के बाद, संसद परिसर में सत्तापक्ष की महिला सदस्यों ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी हाय-हाय और कांग्रेस महिला विरोधी के नारे लगाए। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की मंशा को करोड़ों देशवासियों ने देख लिया है।

### विरोध करने

का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण करने वाले इस संविधान सुधार को समयबद्ध तरीके से लागू करके 2029 का चुनाव महिला आरक्षण के साथ करने का है।

शाह ने कहा, मुझे लगता है कि अगर ये (विपक्ष) वोट नहीं देंगे तो संविधान संशोधन विधेयक सदन में गिर जाएगा, लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। चुनाव में वे जब जाएंगे तब मातृशक्ति हिसाब मांगेगी। शाह के जवाब के बाद, मत विभाजन में महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026 गिर गया। इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। संविधान संशोधन विधेयक गिरने के बाद इससे संबंधित दोनों विधेयकों परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

### पुलिस मुठभेड़

घायल नहीं हुआ है। मारे गए माओवादी करीब 80 मामलों में वांछित थे। आईजी ने बताया कि इस मुठभेड़ के बाद राज्य में केवल 57 माओवादी बचे हैं। इस अभियान के दौरान दो एके-47 और एक इंसास राइफल सहित कई हथियार भी बरामद किए गए। यह घटनाक्रम झारखंड के पश्चिम सिंहभूम में 15 अप्रैल को मिसिर बेसरा के नेतृत्व वाले माओवादी दस्ते और पुलिसकर्मियों के बीच हुई भीषण गोलीबारी के बाद सामने आया है। मिसिर बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम है। इस मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। केंद्र सरकार पहले ही राज्य सरकारों को सूचित कर चुकी है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की शुरुआत के पांच दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद देश में कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

### छात्राओं के खिलाफ

सचेत रहना चाहिए कि 2021 का अधिनियम समाज में उत्पन्न हो रही ऐसी स्थिति को रोकने के लिए बनाया गया है, जिसमें कुछ लोग अपने धर्म का प्रचार प्रसार नहीं करते, बल्कि उसे दूसरों पर थोपते हैं। अगर युवाओं में इस तरह का रुझान देखने को मिलता है तो यह और भी चिंताजनक है। अदालत ने कहा कि यह युवाओं के जीवन का वह समय है, जहां उन्हें शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल को विकसित करने के बारे में अधिक सोचना चाहिए और खुद को समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित करना चाहिए अगर इस स्थिति को शुरुआती चरण में ही नहीं रोका गया तो इससे कानून का उद्देश्य विफल हो जाएगा। जिस उद्देश्य के लिए यह कानून बनाया गया है, उसे शुरू में ही अभियोगों को समाप्त कर विफल नहीं किया जा सकता। मुरादाबाद में 12वीं कक्षा की छात्रा के भाई ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि उसकी बहन को याचिकाकर्ता अलीना और शाबिया समेत पांच मुस्लिम छात्राओं ने स्थानीय ट्यूशन सेंटर पर बुर्का पहनने और इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया।

### हर जरूरतमंद

रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि लाखों रुपये की लागत से बना फुटपाथ उपयोग के लायक नहीं रह गया है तथा यह स्थिति आम नागरिकों के लिए खतरे का कारण बन रही है। मुख्यमंत्री को इसी विषय पर हेल्पलाइन समीक्षा बैठक करनी थी, लेकिन उन्होंने बैठक से पहले सीधे स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया। अचानक जाखन क्षेत्र पहुंचे मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मोबाइल फोन से अधिकारियों को वीडियो कॉल कर मौके की स्थिति दिखाई और स्पष्ट कहा कि यदि कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए तो जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### साइबर अपराधों

वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को पारंपरिक जांच के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल एविडेंस प्रिजर्वेशन, साइबर ट्रैकिंग, वैज्ञानिक सैंपलिंग और फॉरेंसिक एनालिसिस की गहन जानकारी दी जा रही है, ताकि घटनास्थल पर पहुंचते ही हर पहलू को सटीक तरीके से सुरक्षित और विश्लेषित किया जा सके। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी के अनुसार, अभी फॉरेंसिक एक्सपर्ट के तीन बैचों के जरिए पुलिस कर्मियों और अफसरों को तकनीकी बारीकियों में दक्ष बनाया गया है। आगे चौथा बैच 27 अप्रैल से शुरू किया जाएगा और इसके बाद पांचवें चरण में बाकी विशेषज्ञ भी तैयार कर लिए जाएंगे। ये विशेषज्ञ प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और 75 जिलों के अफसरों को बारीकियां सिखाएंगे।

### कफ सिरप

फर्मों के माध्यम से फर्जी बिलिंग कर बड़े पैमाने पर कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी की जा रही थी, जो एक संगठित आपराधिक नेटवर्क के माध्यम से देश के बाहर तक संचालित थी। उक्त निरोधादेश के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद को आगामी एक वर्ष तक जिला कारागार में निरुद्ध रखा जाएगा। यह कार्यवाही उसके विरुद्ध दर्ज अभियोगों की वैधानिक कार्रवाई के अतिरिक्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त शुभम जायसवाल ने अपने पिता भोला प्रसाद की प्रोपराइटरशिप में फर्जी फर्म 'शैली ट्रेडर्स' के माध्यम से एबाट कंपनी से भारी मात्रा में कोडीन युक्त फेन्साडिल कफ सिरप प्राप्त कर उसे नशाखोरी के लिए अवैध रूप से बांग्लादेश तक डायवर्ट किया गया, जिससे अवैध रूप से भारी आर्थिक लाभ अर्जित किया गया।




# गुजरात ने कोलकाता को 5 विकेट से हराया

## गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल ने लगाया शानदार अर्धशतक

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-25 में शुक्रवार को गुजरात टाइटन्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हुआ। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने 5 विकेट से जीत हासिल की। मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 181 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 19.4 ओवरों में हासिल कर लिया. गुजरात टाइटन्स की जीत के हीरो कप्तान शुभमन गिल रहे, जिन्होंने शानदार 86 रन बनाए. गुजरात टाइटन्स की ये लगातार तीसरी जीत रही है. वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को मौजूदा सीजन में पहली जीत का इंतजार है. कोलकाता नाइट राइडर्स ने छह में से पांच मुकाबले गंवाए हैं. रनचेज में गुजरात टाइटन्स की शुरूआत शानदार रही. साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े. सुदर्शन 22 रनों के निजी स्कोर पर सुनील नरेन का शिकार बने. इसके बाद शुभमन ने जोस बटलर के मिलकर 38 रनों की पार्टनरशिप की. बटलर ने 28 रन बनाए और उनका विकेट वरुण चक्रवर्ती ने लिया।



गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से अहमदाबाद में हो रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 180 रन पर आउट हो गई। केकेआर के लिए कैमरून ग्रीन ने सबसे ज्यादा 79 रन का योगदान दिया। गुजरात टाइटंस के लिए कैगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिये।

कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है ।कोलकाता को सातवां झटका अशोक शर्मा ने दिया। उन्होंने रमनदीप सिंह को मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब सुनील नरेन आए हैं। रबाडा ने रिंकू सिंह को बटलर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। अब रमनदीप सिंह क्रीज पर आए हैं। कोलकाता को पांचवां झटका प्रसिद्ध कृष्णा ने दिया। उन्होंने अनुकूल रॉय को बटलर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ नौ रन बना पाए। अब रिंकू सिंह आए हैं।

कैमरन ग्रीन ने 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। 13 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 122 रन है। कोलकाता को चौथा झटका अशोक शर्मा ने दिया। उन्होंने मोहम्मद सिराज के हाथों रोवमैन पॉवेल को कैच कराया। वह 20 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। अब अनुकूल रॉय आए हैं। 12 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 103 रन है। कोलकाता को तीसरा झटका भी रबाडा ने दिया। उन्होंने टिम सीफर्ट को अपना शिकार बनाया। वह 19 रन बनाकर लौटे। अब कैमरन ग्रीन का साथ देने रोवमैन पॉवेल आए हैं।

कोलकाता को दूसरा झटका रबाडा ने दिया। उन्होंने बटलर के हाथों रघुवंशी को कैच कराया। वह सिर्फ आठ रन बना पाए। अब सीफर्ट का साथ देने ग्रीन आए हैं।

# कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप का मैच आईसीसी एसीयू की जांच के दायरे में

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट कनाडा के खिलाफ अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है, जिसमें टी20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है जिसमें उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है।




चेपॉक में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित एक डॉक्यूमेंट्री में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ग्लेन फिलिप्स (39 गेंदों पर नाबाद 59 रन) और रचिन रविंद्र (36 गेंदों पर नाबाद 76 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार एसीयू क्रिकेट कनाडा से जुड़े आरोपों की जांच कर रहा है। इसमें दो सक्रिय जांच शामिल हैं जिनमें क्रिकेट कनाडा पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। ये आरोप 43 मिनट की डॉक्यूमेंट्री से सामने आए हैं जिसका शीर्षक करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट है। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा के खोजी कार्यक्रम द फिफ्थ एस्टेट ने किया था और जिसे सीबीसी ने शुक्रवार को प्रसारित किया था। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा क्रिकेट में भ्रष्टाचार और शासन संबंधी मुद्दों के बारे में व्यापक दावे करती है। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप मैच की बारीकी से जांच की जा रही है, खासकर कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा द्वारा किए गए पांचवें ओवर की। ऑलराउंडर बाजवा को टूर्नामेंट से तीन सप्ताह पहले ही कप्तान नियुक्त किया गया था। यह ऑफ स्पिनर तब गेंदबाजी करने के लिए आया था जब न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 35 रन था। उन्होंने ओवर की शुरुआत नोबॉल से की, उसके बाद लेग साइड में वाइड गेंद फेंकी और कुल 15 रन लुटाए। आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के अंतरिम महाप्रबंधक एंड्यू एफग्रेव ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि अपनी स्थापित संचालन प्रक्रियाओं के अनुरूप एसीयू डॉक्यूमेंट्री में निहित किसी भी आरोप पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी जांच के कनाडा पूर्व कोच खुर्म चौहान से जुड़ी एक लीक हुई फोन रिकॉर्डिंग से संबंधित है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि बोर्ड के कुछ सीनियर सदस्यों ने उन पर कुछ खिलाड़ियों को चुनने के लिए दबाव डाला था।

संक्षेप

## बेसिक्स पर काम करने से मिली अर्शदीप सिंह को सफलता: बहुतुले

मुंबई। भारत और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में शुरू में जूझने के बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया तथा उनकी टीम के सहायक कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि बेसिक्स (बुनियादी चीजों) पर काम करने से उन्हें अपनी फॉर्म वापस पाने में मदद मिली है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में अर्शदीप ने रयान रिकेल्टन (02) और सूर्यकुमार यादव (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया। बाद में उन्होंने शेरफेन रदरफोर्ड (01) को भी पवेलियन भेजा और कुल 22 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्शदीप ने पहले दो मैच में अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन पिचों की प्रकृति के कारण गेंदबाजी में विविधता लाना जरूरी होता है और कभी-कभी ऐसा होता है कि आप अपनी मुख्य गेंद फेंकना भूल जाते हैं। लेकिन वह अपनी खेल की बारीकियों को समझते हैं। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने बेसिक्स पर काम किया। उन्होंने जमकर अभ्यास किया। उन्हें केवल उसी पर ध्यान देने की जरूरत थी जिसमें वह सबसे अच्छा करते हैं। उनकी सोच बिल्कुल स्पष्ट थी। उन्होंने यह समझा कि उनके लिए क्या अच्छा है और उनका मजबूत पक्ष क्या है। उन्होंने ठीक ऐसा ही किया। बहुतुले ने प्रभसिमरन सिंह के दृष्टिकोण में आए बदलाव के लिए मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को श्रेय दिया, जो 39 गेंदों में 80 रन (11 चौके, दो छक्के) बनाकर नाबाद रहे। इसका बहुत कुछ श्रेय ड्रेसिंग रूम में रिकी की मौजूदगी को भी जाता है। वह खुद इतने सकारात्मक हैं कि सभी बल्लेबाज उनसे प्रेरणा लेते हैं।

## चोटरानी हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

हैम्बर्ग। विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।

# लगातार चौथी हार के बाद हार्दिक ने कहा, हमें कुछ कड़े फैसले करने होंगे

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी।




मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा और वह केवल दो अंकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर है। पंड्या ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा। इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी। सूर्यकुमार ने अब तक एक अर्धशतक बनाया है, लेकिन उनके अन्य स्कोर 16, 06, 33 और 00 रहे हैं, जबकि तिलक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने 20, 00, 14, 01 और 08 रन बनाए हैं। बुमराह पांच मैचों में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 8.63 रन लुटाए हैं। पंड्या ने हालांकि पंजाब किंग्स को जीत का श्रेय देते हुए कहा, पंजाब किंग्स को इसका श्रेय जाता है। गेंद रिवर्स स्विंग करने लगी थी। दूसरी पारी में ओस भी गिरी। उन्होंने हमें हरा दिया। उनकी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण हम से बेहतर था।

# पोंटिंग ने अर्शदीप के प्रदर्शन को बताया असाधारण, जीत में अहम भूमिका निभायी

नयी दिल्ली। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की।



अर्शदीप ने बृहस्पतिवार को अपने शुरुआती स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव को आउट किया और फिर आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड को पवेलियन भेजा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है। उन्हें शुरुआती तीन मैचों में कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्रमशः 50 रन पर दो विकेट और 22 रन पर तीन विकेट के आंकड़ों के साथ उन्होंने शानदार वापसी की। पोंटिंग ने मैच के बाद ड्रेसिंग रूम डायरीज में कहा कि हम अक्सर खिलाड़ियों के लय हासिल करने की बात करते हैं, लेकिन अर्शदीप ने पहले ओवर में शानदार लय दिखाते हुए गेंद को स्विंग कराया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। उनका यह प्रदर्शन असाधारण था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अर्श, मुझे पता है कि तुम इसे अपना खराब दौर मान रहे हो, लेकिन हममें से कोई ऐसा नहीं सोचता। पिछले कुछ दिनों में तुमने जो मेहनत की, उसका परिणाम आज देखने को मिला। पहली ही गेंद से सटीक लाइन-लेंथ, शुरुआती दो विकेट और अंत में आकर अच्छी गेंदबाजी करनायह तुम्हारी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने गेंदबाजी इकाई की तारीफ करते हुए बीच के ओवरों में शशांक सिंह के योगदान की सराहना की। पोंटिंग ने कहा कि गेंदबाजों ने शानदार काम किया। वापसी करने की क्षमता अहम रही। ऐसा लग रहा था कि विपक्षी टीम 200 से ज्यादा का स्कोर बना सकती है, लेकिन शैंकी (शशांक) के कुछ ओवरों ने मैच का रुख बदल दिया। पंजाब किंग्स ने 196 रन के लक्ष्य को 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन की पारी खेली। बल्लेबाजी की प्रशंसा करते हुए पोंटिंग ने कहा कि हमारी बल्लेबाजी के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। प्रभ, तुम्हारी खास तारीफ करनी होगी। पावरप्ले में तुम्हें ज्यादा स्ट्राइक नहीं मिली, लेकिन उसके बाद तुमने बेहद कौशल, धैर्य और समझदारी से बल्लेबाजी की। मैंने तुम्हें इससे बेहतर खेलते हुए शायद ही कभी देखा है। मुंबई इंडियंस पर यह जीत टीम की इस सत्र में चौथी जीत रही और वह नौ अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर है। हालांकि, पंजाब किंग्स अब तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। हमें पता है कि अगर हम अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब खेलते रहे, तो हम लगातार मैच जीतते रहेंगे। मौजूदा स्थिति पर हमें गर्व होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम रुक जाएं। हमें हर दिन खुद को और बेहतर बनाने के बारे में सोचना होगा। पंजाब किंग्स अब 19 अप्रैल को लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ अगला मुकाबला खेलेगी।

## हमारी गेंदबाजी एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है: माहेला जयवर्धने

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने अब तक पांच मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया, लेकिन स्वीकार किया कि उनका गेंदबाजी आक्रमण एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। बुमराह ने चार ओवरों में 41 रन लुटाए और अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे पंजाब किंग्स ने गुरुवार को यहां आईपीएल के मैच में 196 रन का लक्ष्य 21 गेंद और सात विकेट शेष रहते हुए हासिल कर लिया। जयवर्धने ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बस पावरप्ले में हम विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी टीम जानती है कि बुमराह के खिलाफ ज्यादा जोखिम लेने की जरूरत नहीं है। हमने कुछ अलग-अलग तरीके आजमाए हैं। विरोधी टीम में ऐसे तरीके आजमा रही हैं, लेकिन वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मैं किसी एक चीज पर उंगली नहीं उठा सकता और यह नहीं कह सकता कि उन्होंने विकेट नहीं लिया है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि आईपीएल की शुरुआत में बुमराह मामूली रूप से चोटिल थे लेकिन अब वह पूरी तरह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि शुरुआत में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व कप के दौरान उन्हें हल्की चोट लग



गई थी। पिछले कुछ मैचों में उनकी गति में सुधार हुआ है। हमने इन सभी बातों को ध्यान रखा है, इसलिए वह काफी सहज महसूस कर रहे हैं। कभी-कभी किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। जयवर्धने ने हालांकि स्वीकार किया कि उनके गेंदबाज एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा, लेकिन एक (गेंदबाजी) इकाई के रूप में हम विभिन्न पिचों पर मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें काम करने की जरूरत है। मुख्य कोच ने कहा कि रोहित शर्मा की चोट गंभीर नहीं है और टीम प्रबंधन उन्हें ज्यादा दबाव में नहीं रखना चाहता क्योंकि टूर्नामेंट अभी शुरुआती दौर में है। जयवर्धने ने कहा, उन्होंने कल (बुधवार) से दौड़ना शुरू कर दिया है, बल्लेबाजी भी की है। हम हर दिन उनकी प्रगति का आकलन कर रहे हैं। उनकी चोट गंभीर नहीं है लेकिन साथ ही, हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते और अभी सत्र की शुरुआत है।

# तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और सीएसके

हैदराबाद। प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।




विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी विविधता पूर्ण गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। अब तक पांच मैच में उनका उच्चतम स्कोर 28 रन है। संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। पांच बार की चैंपियन सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है। उसकी तरफ से अभी तक महेंद्र सिंह धोनी ने कोई मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अगले मैच तक फिट होने की संभावना है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो सीएसके के लिए करारा झटका है। धोनी और नाथन एलिस की कमी पहले से ही खल रही है और अब सीएसके को अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में फेरबदल करना होगा। खलील की जगह लेने के लिए उसके पास रामकृष्ण घोष के रूप में एक और विकल्प हैं। अपने शुरुआती चार मैचों में से तीन में हारने के बाद सनराइजर्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार वापसी की है। वह अपने इस अभियान को जारी रखने की पूरी कोशिश करेगा।

**टीम इस प्रकार हैं:**

सनराइजर्स हैदराबाद: ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी। मैच शुरू होने का समय शाम 7.30 बजे।

# महिलाओं के अधिकार की लड़ाई जारी : रिजिजू

## विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया, बहुत खेद की बात है, आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया

नई दिल्ली। लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित नहीं हो पाने के बाद एनडीए की महिला सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण से जुड़े इस विधेयक के असफल रहने पर सांसदों ने नाराजगी जताई और इसे महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा को कल (शनिवार) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है।



भाजपा सांसद रवि किशन ने अपनी पत्नी को लेकर कहा कि उनके राजनीतिक प्रचार से लेकर जमीनी समर्थन तक में उनकी पत्नी की अहम भूमिका रहती है। रवि किशन ने कहा कि 'मेरा प्रचार भी मेरी पत्नी करती हैं। मेरा एक डेढ़ लाख वोट पत्नी लाती हैं। मैं अपनी पत्नी के पैर छूता हूं। क्यों न छूएं उसने मेरी गरीबी और स्ट्रगल में साथ दिया। हालांकि वो छूने नहीं देती मैं उनके सोते हुए पैर छू लेता हूं।' उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा 'यहां लोग अपने गार्डन की कहानी सुनाकर चले गए। पीएम का अपमान कर गए। यह दुखद है। महिलाओं को 33% आरक्षण मिलना चाहिए। अगर ये पारित नहीं हुआ तो एक भी महिला वोट विपक्ष को नहीं मिलेगा।' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कंगना रनौत ने कहा कि राहुल गांधी को सुनना उनके लिए सिरदर्द जैसा अनुभव था। उनके मुताबिक, संसद में दिया गया भाषण गंभीर मुद्दों से भटकता हुआ प्रतीत हुआ और उसमें बचपन से जुड़ी कल्पनाओं और अनुभवों की झलक भी दिखी। उन्होंने यह भी दावा किया कि सदन के भीतर कुछ मौकों पर स्पीकर की ओर से भी बीच-बचाव किया गया, लेकिन माहौल को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कंगना ने अपने बयान में तंज कसते हुए कहा कि कई बार भाषण के दौरान ऐसा लगा जैसे बातें किसी वास्तविक चर्चा से ज्यादा कल्पनात्मक या असंबंधित दिशा में जा रही हों। लोकसभा में महिला आरक्षण को लेकर चल रही चर्चा के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से सरकार महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर गंभीरता से काम कर रही है।

# ट्रंप ने एरिका क्वार्टज को सीडीसी निदेशक के रूप में नामित किया



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व डिप्टी सर्जन जनरल एरिका श्वार्ट्ज को रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की अगली निदेशक के रूप में नामित किया है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर श्वार्ट्ज को अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली बताया और कहा कि वह एक स्टार हैं।

सीडीसी एक सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी है जो अमेरिकियों को स्वास्थ्य से जुड़े खतरों से बचाने का दायित्व संभालती है। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से इस एजेंसी में नेतृत्व को लेकर उथल पुथल रही है। यह एजेंसी अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की निगरानी में काम करती है। प्रशासन की ओर से सीडीसी के प्रमुख के रूप में पहली पसंद फ्लोरिडा से पूर्व सांसद डॉ. डेविड वेल्डन थे, लेकिन मार्च 2025 में सीनेट में उनके नाम की पुष्टि संबंधी सुनवाई शुरू होने से एक घंटे पहले ही इसे रद्द कर दिया गया था। वेल्डन ने उस समय कहा था कि उन्हें बताया गया था कि उनके पक्ष में मतदान करने को पर्याप्त सीनेटर तैयार नहीं थे। इसके बाद व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने सुसन मोनारेज को नामित किया जो सीडीसी की कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्यरत थीं। मोनारेज की नियुक्ति सीनेट द्वारा अनुमोदित हो गई लेकिन एक महीने से भी कम समय में उन्हें पद से हटा दिया गया। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि वह उनके एजेंडे के अनुसार काम नहीं कर रही थीं इसलिए उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। तब से, एजेंसी के नेतृत्व में लगातार बदलाव हो रहे हैं। पिछले कई हफ्तों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक जय भट्टाचार्य सीडीसी का जिम्मा संभाल रहे हैं। कैनेडी ने कहा कि सीडीसी की नयी टीम असाधारण है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह नयी टीम सीडीसी में क्रांतिकारी बदलाव लाने और इसे फिर से पटरी पर लाने में सक्षम होगी।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

यादगिर। कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से पुलिस अधीक्षक पृथ्वी शंकर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार एक निजी बस से जा टकरायी। उन्होंने कहा कि इसके बाद कार में आग लग गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार में पांच बच्चों समेत कुल 10 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि दो बच्चों समेत चार लोग मौके पर जिंदा जल गये। उन्होंने कहा कि इन सभी को यादगिर चिकित्सा विज्ञान संस्थान ले जाया गया।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केआर स्टार्मर ने इस्तीफे की मांग खारिज की

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को उनके इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया। ये मांग इस खुलासे के बाद उठाई गई कि वाशिंगटन में ब्रिटेन के राजदूत पद के लिए उनकी ओर से नामित व्यक्ति को सुरक्षा जांच में विफल रहने के बावजूद नियुक्त किया गया था।

स्टार्मर ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी कि विदेश कार्यालय ने 2025 की शुरुआत में सुरक्षा अधिकारियों की उस सिफारिश को खारिज कर दिया था, जिसमें पीटर मैंडेलसन को यह पद न देने की बात कही गई थी। विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ओली रॉबिंस ने इस फैसले की जिम्मेदारी लेते हुए बृहस्पतिवार देर रात इस्तीफा दे दिया था। माना जा रहा है कि मैंडेलसन की नियुक्ति जोखिम भरी थी, क्योंकि अतीत में उनकी मुलाकात यौन अपराध के दोषी जेफरी एप्स्टीन से हुई थी। स्टार्मर ने कहा कि वह इस मामले में उन्हें अंधेरे में रखे जाने से बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने इसे चौंकाने वाला और अक्षम्य करार दिया। स्टार्मर ने कहा कि वह सोमवार को संसद के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ सभी प्रासंगिक तथ्य पेश करेंगे। विपक्षी नेताओं ने इस बात पर हैरानी जताई कि यह कैसे संभव है कि स्टार्मर को मैंडेलसन के सुरक्षा जांच में विफल रहने के बारे के जानकारी नहीं थी।

# रेखा गुप्ता ने 200 ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिवहन प्रणाली की प्रतिबद्धता जताते हुए शुक्रवार को पूर्वी विनोद नगर डिपो से 200 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेखा ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से लैस करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने ई-वाहनों की बैटरियों का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करने के लिए होलंबी कलां क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक कचरा निपटान संयंत्र भी स्थापित करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इन बसों के शामिल होने से राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में शामिल कुल 6,300 बसों में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 4,550 हो गई है। रेखा ने दिल्ली-रोहतक अंतरराज्यीय बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और मदनपुर खादर बस टर्मिनल एवं पूर्वी विनोद नगर डिपो में एक नये भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ई-बसें विकसित दिल्ली के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेंगी और प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में भी मददगार होंगी। रेखा



ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) हर महीने नयी बसें चला रहा है या नये कार्यालयों का उद्घाटन कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार दिल्ली में बेहतर सरकारी कार्यालयों के लिए काम कर रही है, जिससे अंततः एक बेहतर शहर के निर्माण में मदद मिलेगी। रेखा ने दावा किया कि दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति देश में सबसे प्रभावी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी पिछले कई वर्षों से वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है, लेकिन पिछली सरकारों ने कोई उचित योजना नहीं बनाई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह से ईवी से लैस करने की दिशा में युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में ई-बसों की संख्या 4,500 से अधिक हो चुकी है और 2026 के अंत तक इसे 7,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दिल्ली देश में सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा रखने वाली शहर बन गई है और सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक इस संख्या को बढ़ाकर लगभग 14,000 बसों तक पहुंचाना है। रेखा ने बताया कि नयी बसों में बड़ी संख्या देवी बसों की है, जो दूरस्थ और संकरी गलियों तक पहुंचकर आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करेंगी। दिल्ली सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन नीति को देश की सबसे प्रभावी और व्यापक नीतियों में से एक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले चार वर्षों के लिए 4,000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

# संजीव अरोड़ा, अन्य के परिसरों पर ईडी के छापे

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक मामले की जांच के तहत पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, उनके बेटे और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी शुरू की।




अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत की गई, जो कथित तौर पर शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत में सट्टेबाजी के धन की राउंड-ट्रिपिंग से जुड़ी है। शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग का मतलब उन व्यक्तियों द्वारा शेयरों की खरीद या बिक्री करना है, जिनके पास किसी कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक, भौतिक जानकारी तक पहुंच होती है। वहीं, राउंड ट्रीपिंग एक भ्रामक वित्तीय युक्ति है जिसमें एक ही या समान वित्तीय परिसंपत्तियों की बार-बार खरीद-बिक्री की जाती है। राउंड ट्रीपिंग से अभिप्राय उस धन से होता है जो विभिन्न माध्यमों से देश के बाहर जाता है और फिर यही धन विदेशी निवेश के रूप में देश में वापस आता है। इसमें ज्यादातर काला धन शामिल होता है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत लुधियाना, जालंधर, गुरुग्राम और चंडीगढ़ में कुल 13 आवासीय और आधिकारिक परिसर में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इसमें लुधियाना में अरोड़ा के आवास और कार्यालय, उनकी रियल एस्टेट कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड (पूर्व में रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) और अरोड़ा के बेटे काव्य अरोड़ा (उक्त रियल्टी कंपनी के एमडी) के आवास और कार्यालय शामिल हैं। लुधियाना में स्थित फिनडॉक फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक वित्तीय निवेश और स्टॉक ब्रोकर कंपनी चलाने वाले हेमंत सूद के परिसर और जालंधर स्थित व्यवसायी और कथित सट्टेबाज चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर पर भी छापेमारी की गई। केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवान ईडी की टीम को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। अरोड़ा (62) ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट किया।

# गैर-भाजपा सरकारों को परेशान कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही: सीएम मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद केंद्र सरकार की कड़ी आलेचना करते हुए कहा कि केवल गैर-भाजपा सरकारों को परेशान करके लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

केंद्र पर ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मान ने दावा किया कि छापेमारी दर्शाती है कि भाजपा ने अगले साल होने वाले पंजाब चुनाव के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अरोड़ा ने ईडी द्वारा उनके और कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी लिए जाने के बाद कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में वह एजेंसियों के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, सुप्रभात। प्रवर्तन निदेशालय ने मेरे परिसर में कार्वाई की। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, मैं एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करूंगा और मुझे विश्वास है कि सच्चाई की जीत होगी। कुछ दिन पहले ईडी ने पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक कुमार मित्तल के परिसरों तथा उनके शैक्षणिक संस्थानों की फेमा मामले के तहत तलाशी ली थी। हाल में राघव चड्ढा की जगह मित्तल को राज्यसभा में आप का उपनेता नियुक्त किया गया है। मित्तल फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति भी हैं। ईडी की छापेमारी को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीन दिन में यह दूसरी बार है जब एजेंसी ने आप नेताओं के परिसरों पर छापेमारी की है।

## इंटरटेनमेंट...

# बेहद शानदार रहा 10 साल का सफर : सान्या

मुंबई। वर्ष 2016 में फिल्म दंगल से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने कहा है कि उनका फिल्मी सफर अब तक सपनों जैसा रहा है और वह चाहती हैं कि उनकी फिल्मों को आगे भी दर्शकों का प्यार मिलता रहे।

सान्या अब नेटफ्लिक्स की कॉमेडी फिल्म टोस्टर में राजकुमार राव के साथ नजर आ रही हैं। यह फिल्म राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा की कंपा फिल्म्स के जरिये बतौर निर्माता पहली पेशकश है। कहानी एक कंजूस व्यक्ति पर आधारित है, जो शादी टूटने के बाद उपहार में दिया गया अपना टोस्टर वापस लेना चाहता है। फिल्म में सान्या कंजूस की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। सान्या ने बातचीत में कहा दस साल यह (सफर) सपनों जैसा लगता है। यह बेहद शानदार, संतोषजनक रहा है और मैं उन अवसरों के लिए बहुत आभारी हूं



जो मुझे मिलें। अभिनेत्री ने कहा कि हालांकि वह राजकुमार राव के साथ हिटः द फर्स्ट केस और लूडो में काम कर चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि उन्होंने एक साथ काम करते हुए इतना समय बिताया। सान्या ने कहा मैं टोस्टर का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। राज ने मुझे फोन करके बताया कि हम एक फिल्म बना रहे हैं और मैंने स्क्रिप्ट पढ़ने से पहले ही कह दिया था, बिल्कुल। अगर वह (राव) किसी परियोजना से जुड़े हैं तो वह अच्छा ही होगा। यह हमारी साथ में तीसरी फिल्म है। पहली (हिट) में मैं सिर्फ एक सूटकेस में थी। दूसरी (लूडो) में हम साथ नहीं थे। इसलिए मैं राज के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक थी, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि वह कितने शानदार अभिनेता हैं और यह इसलिए एकदम सही मौका था। राजकुमार राव ने कहा कि टोस्टर में सान्या ने हास्य भूमिका में अब तक का सर्वश्रेष्ठ अभिनय किया है।

राव ने कहा वह (सान्या) फिल्म में बहुत मजेदार किरदार में हैं और जब हमने उनका प्रदर्शन देखा तो हम बहुत खुश हुए। हम सभी सान्या को जानते हैं। वह सेट पर मजा करना चाहती हैं, लेकिन उनका स्वभाव शांत है। वह शांतचित्त होकर सीट पर बैठना और शांति से ही अपना काम करना पसंद करती हैं, लेकिन फिल्म में जब आप उन्हें (सान्या को) स्क्रीन पर देखेंगे तो वह कमाल नजर आएंगी।

# खास धमाल नहीं मचा पायी डकैत

नयी दिल्ली। अदिवी शेष अभिनीत फिल्म डकैतः एक प्रेम कथा ने अपने पहले सप्ताहांत में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। इस फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। उन्होंने शेष के साथ मिलकर पटकथा भी लिखी है। फिल्म में शेष के अलावा मृणाल ठाकुर और फिल्म निर्माता-अभिनेता अनुराग कश्यप भी हैं। शेनिल देव इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शेष अभिनीत यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज हुई और इसने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 15 करोड़ रुपये कमाए। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की अब तक की कमाई 40 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। डकैत एक ऐसे गुस्सैल अपराधी व्यक्ति की कहानी है जो धोखा देने वाली अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है।

# मेरे किरदारों ने महिलाओं को दी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयकों का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्मों में ऐसे कई किरदार किए हैं जिनसे महिलाओं, खासकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली।



हेमा ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, फिल्मों में पहले लड़कियां काम नहीं करती थीं। पुरुष ही महिलाओं के वस्त्र पहनकर काम करते थे। बाद में मीना कुमारी, नरगिस और मधुबाला जैसी अभिनेत्रियां आईं।

# बदलते शक्ति संतुलन पर आधारित है मटका किंग

मुंबई। फिल्म निर्माता नागराज मंजुले ने कहा कि विजय शर्मा अभिनीत मटका किंग के जरिए ओटीटी में किस्मत आजमाना कोई सोचा-समझा फैसला नहीं था, बल्कि यह एक रचनात्माक बदलाव था। हिट फैंटेसी ड्रामा गेम ऑफ थ्रोन्स देखने के बाद उन्हें (मंजुले) लंबी कहानी कहने की अनूठी क्षमता का बोध हुआ, जिसके बाद उन्होंने ओटीटी की ताकत को पहचाना।




मंजुले ने कहा मुझे यह तय करने की कोई जरूरत ही नहीं थी कि मुझे ओटीटी शो बनाना चाहिए या नहीं। जब यह विचार आया, तो मैंने कहा, चलो इसे करते हैं। जब मैं सिड (सिद्धार्थ रॉय कपूर, निर्माता) सर से मिला, तो उन्होंने कहा कि वह भी इस विषय पर सोच रहे थे। मंजुले ने बताया, अश्विनी जी (सिधवानी, निर्माता), आशीष जी (आर्यन, लेखक) और मैं पहले से ही इस पर काम कर रहे थे। हमने इस पर साथ मिलकर काम किया, अमेजन को यह बहुत पसंद आया और काम शुरू हो गया। मटका किंग सीरीज में कुल आठ एपिसोड है और यह चहल-पहल भरे बाजारों, भीड़भाड़ वाली चॉल और बदलते शक्ति संतुलन की पृष्ठभूमि में स्थापित है, जो एक महत्वाकांक्षी विचार के रूप में शुरू होता है, वह जल्द ही अपनी अलग पहचान बना लेता है और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। नागराज मंजुले अपनी फिल्म फंड्री, सैराट, झुंड और उनकी लघु फिल्म पिस्तुल्या में जातिगत उत्पीड़न की कहानियों को पेश करने के लिए जाने जाते हैं। मंजुले ने कहा कि मैटका किंग उनके पिछले काम से अलग है। मटका किंग में कृतिका कामरा, गुलशन ग्रोवर, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, गिरीश कुलकर्णी और जेमी लीवर भी नजर आएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com